CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :28°C
न्यूनतम : 15°C

देहरादून, शुक्रवार 7 नवम्बर 2025 देहरादून संस्करण: वर्ष 25 अंक 90 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper


shahtimes2015@gmail.com मार्गशीर्ष कृष्ण पक्ष 2 विक्रमी सम्वत् 2082 15 जमादिउल उला 1447 हिजरी नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित



अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता चिंता का विषय: अखिलेश यादव पेज 2




भारत की ऑस्ट्रेलिया पर टी-20 में दूसरी सबसे बड़ी जीत खेल टाइम्स



जागरूकता से ही जीती जा सकती है कैंसर की लड़ाई सम्पादकीय



पीओके में पाक सरकार के खिलाफ जेन-जी का प्रदर्शन पेज 12

## 16 में 15 मंत्रियों की सीट पर 2020 से अधिक मतदान

# बिहार में 25 साल बाद बंपर वोटिंग

पटना, वार्ता





- करीब 64.46 प्रतिशत मतदान, सबसे ज्यादा बेगूसराय में 67.32 व शेखपुरा में सबसे कम 52.36 % वोटिंग दर्ज की गई
- तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लॉक

**बिहार विधानसभा** चुनाव 2025 के पहले चरण का मतदान समाप्त हो चुका है। चुनाव आयोग के मुताबिक करीब 64.46 फीसदी मतदाताओं ने अपने मत का प्रयोग किया है। सुबह 7 बजे से शाम 6 बजे तक 64.46 फीसदी वोटिंग हुई है। पिछले 25 वर्षों में पहली बार मतदान का यह आंकड़ा 60 प्रतिशत के पार गया है। 2020 में 56.09 वोटिंग हुई थी। पिछली बार से इस बार 7.50 प्रतिशत अधिक मतदान हुआ है।

बेगूसराय में सबसे ज्यादा 67.32 फीसदी और शेखपुरा में सबसे कम 52.36 फीसदी वोटिंग हुई। वहीं राजधानी पटना में 55.02 फीसदी मतदान हुआ। राज्य के विभिन्न जिलों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार, मतदाताओं ने पूरे उत्साह के साथ लोकतंत्र के महापर्व में हिस्सा लिया। मधेपुरा में 65.74 प्रतिशत, सहरसा में 62.65 प्रतिशत, दरभंगा में 58.38 प्रतिशत, मुजफ्फरपुर में 65.23 प्रतिशत, गोपालगंज में 64.96 प्रतिशत, सीवान में 57.41 प्रतिशत, सारण में 60.90 प्रतिशत, वैशाली में 59.45 प्रतिशत, समस्तीपुर में 66.65 प्रतिशत, बेगूसराय में सर्वाधिक 67.32 प्रतिशत, खगड़िया में 60.65 प्रतिशत, मुंगेर में 54.90 प्रतिशत, लखीसराय में 62.76 प्रतिशत, शेखपुरा में न्यूनतम 52.36 प्रतिशत, नालंदा में 57.58 प्रतिशत, पटना में 55.02 प्रतिशत, भोजपुर में 53.24 प्रतिशत और बक्सर में 55.10 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। बिहार चुनाव के इस पहले चरण के संपन्न होने के साथ ही तेजस्वी यादव उनके भाई तेज प्रताप यादव और डिप्टी सीएम विजय सिन्हा समेत बिहार के 16 मंत्रियों की किस्मत ईवीएम में लाक हो गई है। दिलचस्प बात यह है कि 16 में 15 मंत्रियों की सीट पर 2020 से अधिक मतदान हुआ है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण में 16 मंत्रियों की सीटों पर भी मतदान हुआ है। इसमें 15 सीटें ऐसी है, -शेष पृष्ठ दो पर

# सट्टेबाजी केस में रैना और धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच

शाह टाइम्स ब्यूरो



- ईडी ने मनी लॉन्ड्रिंग का केस दर्ज किया
- सट्टेबाजी की कमाई प्रॉपर्टी-इन्वेस्टमेंट में लगाई

**नई दिल्ली।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गुरुवार को पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना और शिखर धवन की 11.14 करोड़ की संपत्ति अटैच की। जांच एजेंसी के मुताबिक, दोनों खिलाड़ियों ने ऑनलाइन बेटिंग एप 1एक्सबेट के प्रमोशन से हुई कमाई का इस्तेमाल निवेश और संपत्ति खरीद में किया था।

यह कार्रवाई मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के तहत की गई। सोर्स के अनुसार, रैना का 6.64 करोड़ रुपये का म्यूचुअल फंड निवेश और धवन की 4.5 करोड़ रुपये की संपत्ति को अटैच किया गया है। ईडी ऑफिशियल सोर्स ने बताया था कि इस संपत्ति को प्रोसीड्स ऑफ क्राइम यानी अपराध से कमाई गई संपत्ति माना गया है। सितम्बर महीने में ईडी ने 1एक्सबेट एप मामले में क्रिकेटर युवराज सिंह, सुरेश रैना, रॉबिन उथप्पा और शिखर धवन, अभिनेता सोनू सूद, अभिनेत्री मिमी चक्रवर्ती (पूर्व टीएमसी सांसद) और अंकुश हाजरा (बंगाली एक्टर) से पूछताछ की थी। कुछ ऑनलाइन इन्फ्लुएंसर्स से भी सवाल किए गए थे। ज्ञात रहे कि 23 सितम्बर को युवराज सिंह दिल्ली ईडी ऑफिस पहुंच थे। यहां अधिकारियों -शेष पृष्ठ दो पर

## जम्मू-कश्मीर में नार्को-टेरर फंडिंग केस में ईडी की छापेमारी

**नई दिल्ली।** ईडी ने गुरुवार को जम्मू-कश्मीर में पूर्व मंत्री बाबू सिंह के ठिकानों सहित कई जगहों पर नार्को टेरर फंडिंग से जुड़े मामले में छापेमारी की। अधिकारियों ने बताया कि श्रीनगर में छह और जम्मू में दो ठिकानों पर मनी लॉन्ड्रिंग मामले में कार्रवाई की जा रही है। सबसे पहले मार्च 2022 में जम्मू-कश्मीर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी। मोहम्मद शरीफ शाह नाम के एक व्यक्ति को कश्मीर से जम्मू में जतिंदर सिंह उर्फ बाबू सिंह नामक व्यक्ति को 6.9 लाख रुपये हवाले के जरिये भेजते हुए पकड़ा गया था। इस इस रकम का इस्तेमाल टेरर फंडिंग के रूप में किया जाना था। एजेंसियों को सैफ दीन, फारूक अहमद नाइकू, मुबाशिर मुश्ताक फाफू से जुड़ा एक ग्रुप मिला, जो पाकिस्तान स्थित गुर्गे आतंकी गतिविधियों के लिए धन जुटाने के लिए एक नार्को-टेरर मॉड्यूल चला रहे थे।

## संक्षिप्त समाचार

### मोदी ने जताया बिहार में अभूतपूर्व बहुमत मिलने का विश्वास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के मतदान के बीच विश्वास व्यक्त किया कि राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) राज्य में अभूतपूर्व बहुमत हासिल करेगा। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा कि बिहार में लोकतंत्र के महापर्व में जन-जन का अद्भुत उत्साह बता रहा है कि विधानसभा चुनावों में राजग को अभूतपूर्व बहुमत मिलने जा रहा है। विदित हो कि राज्य की 243 विधानसभा सीटों में से लगभग सीटों के लिए मतदान हुआ है।

### अब्दुल्ला आजम के खिलाफ प्राथमिकी खारिज करने से सुप्रीम इन्कार

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने गुरुवार को सपा नेता आज़म खां के बेटे और पूर्व विधायक अब्दुल्ला आज़म खां पर फर्जी दस्तावेजों से पासपोर्ट लेने के मामले में दर्ज प्राथमिकी को रद्द करने की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया। खंडपीठ ने इलाहाबादहाईकोर्ट के फैसले को बरकरार रखते हुए कहा कि जब मामले का ट्रायल लगभग पूरा हो चुका है, तो इस स्तर पर हस्तक्षेप की आवश्यकता नहीं है। बेंच ने कहा कि हम दखल देने के इच्छुक नहीं हैं।

### वायु प्रदूषण रोकने की मांग को सुप्रीम कोर्ट में याचिका

**नई दिल्ली।** देशभर में बढ़ते वायु प्रदूषण को रोकने की मांग करते हुए सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दायर की गई है। याचिका ल्यूक क्रिस्टोफर काउंटिन्हो ने दायर की है। वे पीएम नरेंद्र मोदी के फिट इंडिया मूवमेंट के वेलनेस चैंपियन यानी दूत रहे हैं। क्रिस्टोफर का कहना है कि देश में वायु प्रदूषण का स्तर पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी के अनुपात में पहुंच गया है। जिससे ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों के लोगों की सेहत पर बुरा असर पड़ रहा है।

# छात्र संघ चुनाव: अदिति बनीं नई जेएनयू प्रेसिडेंट

शाह टाइम्स ब्यूरो



- अध्यक्ष समेत सभी चारों पदों पर यूनाइटेड लेफ्ट का कब्जा

**नई दिल्ली।** जवाहरलाल नेहरू यूनिवर्सिटी छात्र संघ के लिए हुए चुनाव में वोटों की गिनती खत्म हो गई है। लेफ्ट यूनाइटेड ने सभी पदों पर जीत दर्ज की है। अदिति मिश्रा ने प्रेसिडेंट पद पर जीत दर्ज की है। वहीं, के. गोपिका ने उपाध्यक्ष का चुनाव जीता। महासचिव पद पर सुनील यादव ने बाजी मारी।

संयुक्त सचिव के पद पर दानिश विजयी रहे। इन सभी पदों पर लेफ्ट यूनाइटेड के उम्मीदवारों ने शानदार प्रदर्शन किया है। सेंट्रल पैनल में लेफ्ट महागठबंधन ने क्लीन स्वीप किया है। इसके साथ ही एक रिकॉर्ड बन गया है। जेएनयू छात्रसंघ में पहली बार लड़कियों का कब्जा हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव में इस बार लेफ्ट छात्रदल गठबंधन बना कर मैदान में थे, जिसके तहत एआईएसए, एसएफआई, डीएसएफ ने महागठबंधन बनाया था। चुनाव में लेफ्ट महागठंधन ने एआईएसए की अदिति मिश्रा को अध्यक्ष पद से मैदान में उतारा था, तो वहीं एसएफआई की गोपिका उपाध्यक्ष, डीएसएफ से सुनील महासचिव और एआईएसए से दानिश अली को संयुक्त सचिव पद से मैदान में उतारा था। इन तीनों ने ही सेंट्रल पैनल पर जीत दर्ज की है। इसके साथ ही जेएनयू छात्रसंघ पर महिलाओं का कब्जा हो गया है। जेएनयू छात्रसंघ चुनाव कई मायनों में -शेष पृष्ठ दो पर

## राहुल ने जिसकी फोटो दिखाई वह ब्राजीलियन मॉडल सामने आई

**नई दिल्ली।** कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में जिस ब्राजीलियन मॉडल की तस्वीर दिखाई थी, उसका एक वीडियो सामने आया है। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कई अकाउंट से महिला का वीडियो पोस्ट करते हुए दावा किया गया कि उनका नाम लेरिसा है। वीडियो में महिला पुर्तगाली भाषा में बात करते हुए कहती है कि दोस्तों, मैं आपको एक जोक सुनाती हूं। यह बहुत ही भयानक है! भारत में वोट देने के लिए मेरी तस्वीर का इस्तेमाल हो रहा है। मुझे भारतीय बताकर आपस में लड़ रहे हैं। देखो, क्या पागलपन है! मैं तो कभी भारत भी नहीं गई। राहुल ने कांग्रेस कार्यालय में बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में आरोप लगाया था कि हरियाणा में 2024 विधानसभा चुनाव में 25 लाख वोट चोरी हुए। राहुल ने नीली डेनिम जैकेट पहने एक लड़की की फोटो दिखाकर सवाल किया कि हरियाणा की वोटर लिस्ट में ब्राजीलियन मॉडल का क्या काम है।

# जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड व हिमाचल में बर्फबारी, तापमान माइनस में

शाह टाइम्स ब्यूरो



- गुलमर्ग बना व्हाइट वंडरलैंड, दिल्ली- यूपी समेत सात राज्यों में ठंड बढ़ी, पारा तीन डिग्री तक गिरा

**नई दिल्ली।** हिमालय के तीन राज्यों जम्मू-कश्मीर, उत्तराखंड और हिमाचल में बर्फबारी शुरू हो गई है। जम्मू-कश्मीर के बारामूला में गुलमर्ग व्हाइट वंडरलैंड में बदल गया है। उत्तराखंड में बद्रीनाथ-केदारनाथ धाम भी बर्फ से ढंक गए हैं।

हिमाचल प्रदेश के ऊंचाई वाले इलाकों लाहौल और स्पीति और किन्नौर, कुल्लू में ताजा बर्फबारी हुई, जिससे तापमान में गिरावट हुई है। देशभर से लोग बर्फबारी का नजारा देखने पहुंच रहे हैं। ताबो में पारा माइनस 2.2 डिग्री, कुकुमसेरी में माइनस 1.8 डिग्री और केलांग में 0.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। इधर पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी का असर मैदानी राज्यों में नजर आने लगा है। दिल्ली, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, झारखंड में ठंडी हवाएं चलने से तापमान में 3 डिग्री तक की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम विभाग के मुताबिक इन राज्यों में अगले 3 दिन में ठंड जोर पकड़ लेगी। जम्मू-कश्मीर में बारामूला के गुलमर्ग में रोपवे के दोनों ओर देवदार के पेड़ बर्फ से ढक गए हैं। सिक्योरिटी के बीच गुलमर्ग में टूरिस्ट स्कीइंग और विंटर गेम्स का लुत्फ उठा रहे हैं। उत्तर भारत से वेस्टर्न डिस्टरबेंस का असर खत्म होने के साथ ही राजस्थान में मौसम साफ हो गया।



## संक्षिप्त समाचार

### सुलतानपुर में राहुल गांधी मानहानि मामले की सुनवाई फिर टली

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश में सुलतानपुर जिले की एमपी-एमएलए कोर्ट में कांग्रेस नेता व रायबरेली सांसद राहुल गांधी के मानहानि मामले की सुनवाई गुरुवार को एक अधिवक्ता के निधन के कारण स्थगित हो गई। अब इस मामले की अगली सुनवाई 17 नवंबर को होगी। गांधी के अधिवक्ता काशी प्रसाद शुक्ला ने गुरुवार को बताया कि आज एक अधिवक्ता के निधन के कारण कोर्ट में शोकावकाश हो गया, जिसके कारण मामले की सुनवाई नहीं हो सकी। यह मामला वर्ष 2018 का है। कोतवाली देहात के हनुमानगंज निवासी भाजपा नेता विजय मिश्रा ने राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि का मुकदमा दायर किया था। विजय मिश्रा का आरोप है कि 2018 में कर्नाटक चुनाव के दौरान राहुल गांधी ने तत्कालीन भाजपा अध्यक्ष और वर्तमान केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पर अभद्र टिप्पणी की थी।

### गोरखपुर इंटरसिटी ट्रेन में धुआं उठने से अफरातफरी

**बाराबंकी।** गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी एक्सप्रेस में गुरुवार को बारा. बंकी के बुढ़वल रेलवे स्टेशन के पास अचानक धुआं उठने से यात्रियों में अफरा-तफरी मच गई। राजकीय रेलवे पुलिस के अनुसार आज गोरखपुर से लखनऊ जा रही इंटरसिटी ट्रेन जब बुढ़वल रेलवे स्टेशन से कुछ पहले स्थित ओवरब्रिज के पास पहुंची, तभी एक बोगी के पहिए के पास से अचानक धुआं उठने लगा। इसे देख यात्रियों ने तुरंत चालक को सूचना दी। चालक ने सूझबूझ दिखाते हुए ट्रेन को तत्काल रोक दिया। ट्रेन रुकते ही यात्री सुरक्षा की दृष्टि से नीचे उतर आए।

# अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने दें: योगी

पश्चिमी चंपारण, वार्ता



■ बिहार में राजग प्रत्याशी के समर्थन में आयोजित सभा में बोले योगी

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि माफिया व अपराधियों को सत्ता का स्वाद नहीं चखने देना चाहिए। जब भी इन्हें सत्ता का स्वाद चखाओ, तो कीमत चुकनी पड़ेगी। बिहार विधानसभा चुनाव के दूसरे चरण के लिए राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन प्रत्याशियों के लिए चुनाव प्रचार करने पहुंचे योगी ने गुरुवार को कहा कि बिहार बदलकर समृद्धि की तरफ बढ़ा है।

राष्ट्रीय जनता दल के शासनकाल में 1990 से 2005 के मध्य 60 से अधिक जातीय नरसंहार व अपहरण की 30 हजार घटनाएं हुईं। उस समय इंजीनियर, डॉक्टर, बच्चे, व्यापारी के साथ ही सड़क, पुल का भी अपहरण हो जाता था। पेशेवर माफिया व अपराधी इनके शागिर्द बनते थे। यूपी में माफिया को अब बुलडोजर से रौंद दिया गया है। गुरुवार को दूसरी रैली में उन्होंने पूर्व उप मुख्यमंत्री व बेतिया विधानसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार रेणु देवी के लिए कमल खिलाने की अपील की। यहां जनसभा में योगी आदित्यनाथ ने केंद्र सरकार की योजनाओं को गिनाया, तो कांग्रेस व राजद गठबंधन पर करारा प्रहार किया और विपक्षी प्रत्याशियों की जमानत जब्त कराने की अपील की। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज पहले चरण की 121 विधानसभा सीटों पर वोटिंग हो रही है। नौजवान, किसान, श्रमिक, माताएं, बहनें, युवा सभी राजग को वोट दे रहे हैं। रुझान बता रहा कि 14 नवम्बर को परिणाम आने पर राजग सरकार का नारा फिर बुलंद होगा। उत्तर प्रदेश में इनके पार्टनर सपा व कांग्रेस माफिया को गले लगाकर चलती थी और जनता का शोषण करती थी।

### योगी ने काल भैरव और बाबा विश्वनाथ का किया दर्शन-पूजन

**वाराणसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ अपने काशी दौरे के दूसरे दिन गुरुवार को काशी के कोतवाल काल भैरव मंदिर और श्री काशी विश्वनाथ मंदिर में दर्शन-पूजन किया और प्रदेश और देश की सुख-समृद्धि की मंगल कामना की। मुख्यमंत्री योगी मणिकर्णिका घाट स्थित सतुआ बाबा आश्रम भी गए थे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सात नवम्बर को दो दिवसीय दौरे पर काशी पहुंचेंगे। वे बनारस रेलवे स्टेशन से आठ नवम्बर को बनारस से खजुराहो जाने वाली वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाएंगे। यहीं से तीन अन्य वंदे भारत ट्रेनों को वर्चुअली हरी झंडी भी दिखाएंगे। तैयारियों का जायजा लेने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बनारस रेलवे स्टेशन पहुंचे।

# आप बिहार बदलो, हम यूपी बदल देंगे

चंपारण, वार्ता



■ सपा प्रमुख ने सीएम योगी पर भी साधा निशाना

बिहार में आज गुरुवार को पहले चरण में 18 जिलों की 121 विधानसभा पर वोटिंग के बीच दूसरे चरण के लिए चुनाव प्रचार तेज है। पूर्वी चंपारण की मोतिहारी विधानसभा में आज समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव ने एनडीए पर जमकर हमला बोला औ कहा कि ये लोग हवा में एक्सप्रेस वे बनाने जा रहे है।

पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने कहा कि हम तो कह रहे हैं बिहार के लोगों से, आप बिहार बदलो, हम यूपी बदल देंगे। सपा मुखिया ने कहा कि आज जब पहले चरण का वोट पड़ रहा है, तो आधा बिहार वोट डालने जा रहा है और आधा बिहार इंतजार कर रहा है कि कब वोट डाला जाएगा। इस बार नौजवान साथी युवा और नौकरी देने वाला मुख्यमंत्री बनने जा रहा है। अखिलेश ने कहा कि उनके पास बी टीम है, सी टीम है, पी टीम है और हमारे पास वीआईपी है। अखिलेश यादव ने बिना नाम लिए सीएम योगी पर निशाना साधते हुए कहा कि मोतिहारी में एकरंगी आने वाले हैं।

### पीड़ित व्यक्ति ही पीडीए है: अखिलेश

**लखनऊ।** यूपी के पूर्व सीएम व सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने देश व प्रदेश वासियों का आह्वान करते हुए सरकार पर जोरदार हमला बोला है। बिहार चुनाव के लिए हो रही वोटिंग के बीच सपा मुखिया अखिलेश यादव देश व प्रदेशवा. सियों का आह्वान करते हुए कहा कि अब तो सत्ताधारियों ने पीडीए की जान भी लेनी शुरू कर दी है। पीडीए की मौत होना जिनके लिए 'छुटपुट घटना' हो, उनके राज में शासन-प्रशासन से कोई उम्मीद करना बेकार है, इसीलिए अगर उत्पीड़न और अत्याचार से बचना है तो सरकार बनाने के अलावा और कोई विकल्प नहीं है।

# अक्टूबर 2027 तक मिलेगी ईवी की खरीद पर छूट: दयाशंकर

शाह टाइम्स ब्यूरो



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि अब प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) की खरीद पर पंजीकरण शुल्क एवं रोड टैक्स में अक्टूबर 2027 तक शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी।

परिवहन मंत्री ने बताया कि जीवाश्म ईंधन से चलने वाले वाहनों के कारण होने वाले प्रदूषण को कम करने के उद्देश्य से प्रदेश सरकार ने वर्ष 2022 में उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रिक वाहन विनिर्माण एवं गतिशीलता नीति-2022 लागू की थी, जिसे 14 अक्टूबर 2022 को अधिसूचित किया गया। इस नीति का लक्ष्य है कि प्रदेश में स्वच्छ, टिकाऊ और पर्यावरण के अनुकूल परिवहन व्यवस्था को बढ़ावा दिया जाए। दयाशंकर सिंह कहा कि हाल ही में उच्च स्तरीय प्राधिकृत इलेक्ट्रिक समिति की बैठक में इस नीति में संशोधन किया गया है। संशोधन के तहत नीति के चौथे एवं पांचवें वर्ष के लिए यह प्रावधान किया गया है कि प्रदेश में खरीदे और पंजीकृत सभी शुद्ध विद्युत ‍इलेक्ट्रिक वाहनों पर पंजीकरण शुल्क और रोड टैक्स में शत-प्रतिशत छूट दी जाएगी। उन्होंने बताया कि 5 नवम्बर 2025 को जारी अधिसूचना के अनुसार 14 अक्टूबर 2025 से 13 अक्टूबर 2027 के बीच खरीदे गए शुद्ध विद्युत वाहनों को यह छूट प्राप्त होगी। इस अवधि में पंजीकृत दोपहिया, तीनपहिया, चारपहिया वाहन, ई-बस तथा ई-गुड्स कैरियर पर कोई रोड टैक्स अथवा पंजीकरण शुल्क नहीं लिया जाएगा।

## 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण 8 को समाप्त होगा : वेणुगोपाल

# चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ चलेगा अभियान

नई दिल्ली, वार्ता



■ 22 अगस्त से शुरू हुए इस अभियान में जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों से लाखों लोग शामिल हुए

कांग्रेस ने कहा है कि चुनावी प्रक्रिया में जवाबदेही, पारदर्शिता और नागरिकों की विश्वास बहाली के लिए उसका 'वोट चोर गद्दी छोड़' अभियान का पहला चरण आठ नवम्बर को विशेष कार्यक्रम के साथ समाप्त कर दिया जाएगा।

कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गुरुवार को बताया कि वोट चोर गद्दी छोड़ अभियान 22 अगस्त से शुरु हुआ और इसके तहत सात सितम्बर तक राज्य मुख्यालयों में रैलियां आयोजित की गई। फिर 15 सितम्बर से जिलों, ब्लॉकों तथा मंडलों में इससे जुड़े कार्यक्रम हुए जिनमें लाखों लोग शामिल हुए और उन्होंने भाजपा सरकार की जनविरोधी और लोकतंत्र को खत्म करने वाली नीतियों के खिलाफ विरोध दर्ज किया। उन्होंने बताया कि कांग्रेस ने इसी चरण में चुनावी धोखाधड़ी के खिलाफ नागरिकों को संगठित करने के लिए राष्ट्रीय स्तर पर 'वोट चोर गद्दी छोड़' हस्ताक्षर अभियान भी चलाया जिसके तहत अब तक देश भर में पांच करोड़ से अधिक हस्ताक्षर एकत्र किए हैं। वेणुगोपाल ने बताया कि पहले चरण के इस अभियान को लेकर बुधवार को यहां पार्टी मुख्यालय में कांग्रेस महासचिवों, प्रभारियों और प्रदेश अध्यक्षों की बैठक हुई जिसमें सर्वसम्मति से अभियान का पहला चरण शनिवार आठ नवम्बर को समाप्त करने का फैसला किया गया। अभियान के समापन के बाद एकत्रित हस्ताक्षर कांग्रेस मुख्यालय भेज दिए जाएंगे और अगले चरण में और अधिक नागरिकों के हस्ताक्षर एकत्र करने का अभियान चलाया जाएगा। लाखों नागरिकों की आवाजों का प्रतिनिधित्व करने वाले इन हस्ताक्षरों को तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने की मांग करते हुए राष्ट्रपति को सौंपा जाएगा। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस अभियान के जरिए चुनाव आयोग से मांग की गई है कि वह फोटोयुक्त मशीन-पठनीय मतदाता सूची प्रकाशित करें। हर चुनाव से पहले सभी हटाने और जोड़ने की मतदाताओं की सूचियां तस्वीरों के साथ जारी करें, गलत विलोपन के लिए एक शिकायत निवारण तंत्र स्थापित करें, मतदाता सूची में बदलाव के लिए एक स्पष्ट कट-ऑफ तारीख की घोषणा करें तथा व्यवस्थित मतदाता दमन में शामिल अधिकारियों और एजेंटों पर मुकदमा चलाएं।

### अर्थव्यवस्था में बढ़ती असमानता चिंता का विषय: सपा सुप्रीमो

**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने आज बिहार की जनता से अपील करते हुए कहा कि देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिता का विषय है। उन्होंने कहा कि जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत आम जनता के हिस्से में कितना धन बचा होगा। गुरुवार को अपने सोशल मीडिया एकाउंट पर पोस्ट करते हुए अखिलेश यादव ने कहा कि इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है। उन्होंने कहा कि जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि भारत तभी आगे बढ़ेगा जब हर नागरिक को बराबरी का अवसर मिलेगा।



सेंसेक्स 83311.01
निफ्टी 25509.70



सोना रु. 120628
प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 147445
प्रति किलो



# शेयर बाजारों में दूसरे दिन भी रही गिरावट

मुंबई, वार्ता



■ प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर

घरेलू शेयर बाजारों में गुरुवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही और प्रमुख सूचकांक तीन सप्ताह के निचले स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स सुबह के कारोबार में करीब 387 अंक चढ़ने के बाद अंत में पिछले कारोबारी दिवस के मुकाबले 148.14 अंक (0.18 प्रतिशत) टूटकर 83,311.01 अंक पर बंद हुआ। इससे पहले मंगलवार को सूचकांक 519 अंक लुढ़का था, जबकि बुधवार को गुरु नानक देव जी के प्रकाश पर्व पर बाजार में अवकाश था।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी.50 सूचकांक भी शुरुआती तेजी के बाद 87.95 अंक यानी 0.34 प्रतिशत लुढ़ककर 25,509.70 अंक पर बंद हुआ। ये दोनों सूचकांक 15 अक्टूबर के बाद के निचले स्तर पर हैं। आईटी और ऑटो को छोड़कर अन्य सभी सेक्टरों पर दबाव रहा। धातु, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद, रियलिटी, वित्त, बैंकिंग, स्वास्थ्य और फार्मा सेक्टरों में ज्यादा गिरावट रही। मझौली और छोटी कंपनियों पर ज्यादा दबाव रहा। निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक में 0.69 फीसदी और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 1.39 प्रतिशत लुढ़क गया। एनएसई में जिन 3,195 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, उनमें से 2,304 के शेयर बढ़त में और 795 के गिरावट में रहे। वहीं 96 अन्य कंपनियों के शेयर दिन भर के उतार.चढ़ाव के बाद अंततः अपरिवर्तित बंद हुए। सेंसेक्स की 30 कंपनियों में से 19 के शेयर लाल निशान में बंद हुए। पावर ग्रिड में सबसे अधिक 3.15 प्रतिशत, इटरनल में 2.44, बीईएल में 1.64, बजाज फाइनेंस में 1.45, आईसीआईसीआई बैंक और एनटीपीसी दोनों में 1.21, टाटा स्टील में 1.12 और एलएंडटी में 1.03 प्रतिशत की गिरावट रही। टाइटन, भारती एयरटेल, कोटक महिंद्रा बैंक और अडानी पोर्ट्स के शेयर 0.5 से एक प्रतिशत तक लुढ़क गए। एशियन पेंट्स का शेयर सबसे अधिक 4.76 प्रतिशत चढ़ा। रिलायंस इंडस्ट्रीज में 1.62 फीसदी, महिंद्रा एंड महिंद्रा में 1.02 और अल्ट्राटेक सीमेंट में 1.00 प्रतिशत की तेजी रही। टीसीएस का शेयर 0.71 प्रतिशत और मारुति सुजुकी का 0.58 प्रतिशत की बढ़त में बंद हुआ। विदेशों में एशियाई बाजार हरे निशान में रहे। हांगकांग का हैंगसेंग 2.12 फीसदी, जापान का निक्केई 1.34 फीसदी और चीन का शंघाई कंपोजिट 0.97 फीसदी चढ़ गया।

### सोने और चांदी की कीमतों ने पकड़ी रफ्तार

**नई दिल्ली।** गुरुवार के दिन सोने और चांदी की कीमतों ने रफ्तार पकड़ ली है। सुबह 9.35 बजे 10 ग्राम सोने की कीमत 120,628 रुपये है। इसमें 106 रुपये प्रति 10 ग्राम की बढ़ोतरी है। सोने ने अब तक 120,500 रुपये प्रति 10 ग्राम का लो रिकॉर्ड और 120,714 रुपये प्रति 10 ग्राम का हाई रिकॉर्ड बनाया है। सोने की तरह चांदी में भी आज तेजी देखी ज रही है। सुबह 9.37 बजे 1 किलो चांदी की कीमत 147,445 रुपये प्रति किलो दर्ज की गई है। चांदी में अभी 124 रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी है। चांदी ने अब तक 146,658 रुपये प्रति किलो का लो रिकॉर्ड और 147,640 रुपये प्रति किलो का हाई रिकॉर्ड बनाया है। देश के महानगरों पटना में सोने की कीमत 120,700 रुपये रही, तो जयपुर में 120,750 , कानपुर में 120,790, लखनऊ में 120,760, भोपाल में 120,850, इंदौर में 120,850, रायपुर में 120,800 रुपये है। इंटरनेशनल मार्केट में चांदी का रेट कम हुआ है। वहीं घरेलू बाजार में त्योहारों के बाद से चांदी का भाव कम हुआ है।

# हरित विमान ईंधन के लिए जल्द नीति जारी करेगी सरकार: मंत्री



**नई दिल्ली।** देश के विमानन क्षेत्र में जारी तेज वृद्धि के साथ इससे होने वाले प्रदूषण को कम करने के लिए सरकार जल्द ही हरित विमान ईंधन नीति जारी करेगी। नागरिक उड्डयन मंत्री के. राम मोहन नायडू ने यहां गुरुवार को उद्योग संगठन फिक्की द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हरित विमान ईंधन पर नीति निर्माण की दिशा में काफी कार्य हो चुका है और सरकार जल्द ही सभी संबंधित हितधारकों के साथ विचार-विमर्श के बाद हरित ईंधन नीति जारी करेगी।

उन्होंने कहा कि भारत इस समय 15 प्रतिशत विमान ईंधन का निर्यात करता है। इसी तरह के अवसर हरित विमान ईंधन में भी भारत के लिए उपलब्ध होने की उम्मीद है। उन्होंने कहा कि हाल ही में सार्वजनिक क्षेत्र की तेल विपणन कंपनी इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन ने हरित विमान ईंधन का उत्पादन शुरू किया है। मंत्रालय इसका विस्तार सार्वजनिक कंपनियों के अलावा निजी कंपनियों तक करना चाहता है, ताकि हरित विमान ईंधन के आंदोलन को गति मिल सके। नायडू ने उन्होंने कहा कि वर्ष 2030 तक देश में 1.5 से 1.6 करोड़ टन विमान ईंधन की मांग रहने की संभावना है जो साल 2040 तक बढ़कर 3.5 से 3.2 करोड़ टन तक हो जाएगी। इसके साथ ही इससे होने वाला कार्बन उत्सर्जन भी बढ़ेगा। इसलिए जरूरी है कि भारत हरित विमान ईंधन को अपनाने की ओर तेजी से कदम बढ़ाए। कार्यक्रम के दौरान केपीएमजी की एक रिपोर्ट जारी की गई। इसके अलावा एयरबस और गति शक्ति विश्व. विद्यालय ने एक संयुक्त अध्ययन समझौते पर भी हस्ताक्षर किए। कार्यक्रम में नागर विमानन महा. निदेशक फैज अहमद किदवई भी मौजूद थे। भारत और दक्षिण एशिया में एयरबस के अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक योर्गन वेस्टमायर ने कहा कि भारत के लिए हरित विमान ईंधन न सिर्फ अर्थव्यवस्था को गति देने वाला है, बल्कि इसका सामा. जिक.आर्थिक महत्व भी है। एक तरफ इससे कृषि क्षेत्र के लिए अपशिष्ट निपटान की समस्या समाप्त हो जाएगी ।

## प्रथम पृष्ठ के शेष...

**बिहार में...**

जहां पिछले बार के मुकाबले ज्यादा मतदान हुआ है। एक मात्र सीट कुढ़नी ऐसी रही है, जहां 2020 के चुनाव से कम वोट पड़े। इन 15 सीटों पर ज्यादा मतदान को दोनों पक्ष अपने-अपने फायदे में बता रहे हैं। सत्ता पक्ष की ओर से कहा जा रहा है कि जनता सरकार के कामों से खुश हैं इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोगों ने मतदान किया है। इससे पहले, सीएम नीतीश कुमार से लेकर विपक्षी नेता तेजस्वी यादव तक, बिहार की बड़ी हस्तियों ने पटना में अपना मतदान किया। 18 जिलों की 121 विधानसभा सीटों पर मतदान हुआ है। कुल 1314 उम्मीदवारों का भाग्य तय होगा। एनडीए (बीजेपी-जेडीयू) और महागठबंधन (आरजेडी-कांग्रेस-वामपंथी) के बीच कांटे की टक्कर है, जबकि प्रशांत किशोर की जन सुराज पार्टी भी तीसरा विकल्प बनकर उभरी है। इस चरण में विपक्षी 'इंडिया' गठबंधन के मुख्यमंत्री पद के चेहरे तेजस्वी यादव और भाजपा के उम्मीदवार एवं उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा के साथ-साथ 16 मंत्रियों की किस्मत भी दांव पर है।

**सट्टेबाजी केस...** ने उनसे ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में 7 घंटे पूछताछ की। 24 सितम्बर को ईडी की टीम ने दिल्ली ऑफिस में एक्टर सोनू सूद से लगभग 7 घंटे तक पूछताछ की। पीएमएलए के तहत बयान दर्ज किया गया है। 4 सितम्बर को पूर्व क्रिकेटर शिखर धवन ऑनलाइन बेटिंग एप के प्रमोशन मामले में ईडी के सामने पूछताछ के लिए पेश हुए थे। ईडी ने खिलाड़ी, अभिनेता और इन्फ्लुएंसर्स के बयान मनी लॉन्ड्रिंग कानून (पीएमएलए) की धारा 50 के तहत दर्ज किए हैं। कई सेलिब्रिटीज ने अपने बैंक अकाउंट और ट्रांजैक्शन की डिटेल्स भी दीं, जिनसे पता चला कि उन्हें एडवर्टाइजमेंट फीस कैसे मिली। कुछ और खिलाड़ियों और एक्टर्स से अभी पूछताछ बाकी है। एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला (1 एक्सबेट की इंडिया एंबेसडर) को भी बुलाया गया था, लेकिन वह उस समय विदेश में होने के कारण पेश नहीं हुईं। ईडी के अफसरों के मुताबिक, जब्ती आदेश पीएमएलए के एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी को भेजा जाएगा। कोर्ट से अनुमति मिलने के बाद केस में चार्जशीट दाखिल की जाएगी। मनी लॉन्ड्रिंग रोकथाम कानून (पीएमएलए) के नियमों के अनुसार, अपराध से जुड़ी संपत्तियों को जब्त कर लिया जाता है, ताकि दोषी उनका फायदा न उठा सकें। आदेश जारी होने के बाद इसे पीएमएलए के तहत बनाए गए एडजुडिकेटिंग अथॉरिटी को भेजा जाएगा और कोर्ट से मंजूरी मिलते ही चार्जशीट दाखिल की जाएगी।

**छात्र संघ चुनाव....** इस बार छात्रा केंद्रित रहा। असल में इस बार जेएनयू छात्रसंघ के 4 सेंट्रल पैनलों के पदों के लिए 6 छात्राएं मैदान में थी। अध्यक्ष पद पर लेफ्ट महागठबंधन की अदिति के साथ ही प्रोग्रेसिव स्टूडेंट एसोसिएशन की विजय लक्ष्मी शिंदे मैदान में थीं। इसी तरह उपाध्यक्ष पद पर लेफ्ट महागठबंधन की गोपिका के साथ ही एबीवीपी से तान्या मैदान में थीं। इस तरह सचिव पद एनएसयूआई से प्रीति मैदान में थी। वहीं संयुक्त सचिव पद पर लेफ्ट महागठबंधन से दानिश अली मैदान में थीं। इस तरह सेंट्रल पैनल के 4 पदों के लिए 6 छात्राएं मैदान में थीं।

# एक ही दिन में 22 हजार ने किए अस्थि कलश के दर्शन

लखनऊ, वार्ता



सारनाथ स्थित मूलगंध कुटी विहार की 94वीं वर्षगांठ पर बौद्ध अनुयायियों ने भगवान बुद्ध की अस्थि कलश के दर्शन किए। कार्तिक पूर्णिमा पर एक ही दिन में 22 हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। 3 से 05 नवंबर तक अस्थि कलश को दर्शन के लिए रखा गया। इसके बाद 6 नवंबर को भव्य शोभायात्रा भी निकाली गई। इसमें थाइलैंड, कंबोडिया, वियतनाम, म्यांमार, श्रीलंका, भूटान, नेपाल और लाओस आदि देशों के श्रद्धालु शामिल हुए।

साल में एक बार कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर बनारस के सारनाथ में भगवान बुद्ध के अस्थि कलश को श्रद्धालुओं के दर्शन के लिए रखा जाता है। इस बार अनुयायियों को 3 से 5 नवंबर तक दर्शन लाभ मिला। देश के कोलकाता, गुजरात, बिहार, उत्तर प्रदेश, लद्दाख और हिमालयी क्षेत्रों से काफी संख्य में लोग पहुंचे। यह आयोजन महाबोधि सोसायटी आफ इंडिया, सारनाथ केंद्र और वियतनामी बौद्ध संघ के सहयोग से आयोजित किया गया। तीन दिवसीय कार्यक्रम के बाद गुरुवार को कार्तिक पूर्णिमा पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा में भगवान बुद्ध की फूलों से सुसज्जित प्रतिमा शामिल की गई। शंख-नाद और वाद्य-ध्वनियों के बीच मूलगंध कुटी विहार से निकली यह शोभायात्रा सारनाथ के प्रमुख मार्गों से होकर पुनः विहार में पहुंची। यहां इस यात्रा का समापन हो गया। उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि भगवान बुद्ध के अवशेषों और उससे जुड़े आस्था की यात्रा काफी प्राचीन है। लगभग 2,600 वर्ष पूर्व भगवान बुद्ध के महापरिनिर्वाण के बाद उनके अवशेषों को श्रद्धापूर्वक 8 भागों में विभाजित कर भारत में अलग-अलग स्तूपों में रखा गया। सम्राट अशोक ने इन पवित्र अवशेषों को पुनः खोजकर अपने विशाल साम्राज्य के विविध स्थलों पर पुनर्स्थापित कराया।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त



भूख की कमी, बदहजमी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहे फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# राजकीय नर्सिंग कॉलेजों को मिली सात नई फैकल्टी

■ चयनित एसोसिएट प्रोफेसर व प्रोफेसर को दी गई प्रथम तैनाती, नई नियुक्ति से कालेजों में शैक्षणिक गतिविधियां होगी मजबूत

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** सूबे के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में अब फैकल्टी की कमी दूर हो गई है। राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित सात फैकल्टी को विभिन्न कॉलेजों में प्रथम तैनाती दे दी गई है। जिसमें एक प्रोफेसर और छह एसोसिएट प्रोफेसर शामिल है। नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को संकय सदस्य मिलने से उन्हें पठन-पाठन और प्रशिक्षण में कोई समस्या नहीं आयेगी।

राज्य सरकार प्रदेश के राजकीय मेडिकल कॉलेजों के साथ ही नर्सिंग कॉलेजों में संकाय सदस्यों की कमी को दूर करने में जुटी है, ताकि मेडिकल और नर्सिंग की पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राओं को उच्च स्तरीय शिक्षण और प्रशिक्षण मिल सके।

इसी कड़ी में चिकित्सा शिक्षा विभाग ने राज्य चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से प्रोफेसर व एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के पदों पर चयनित सात अभ्यर्थियों को प्रदेशभर के राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में प्रथम तैनाती दे दी है। जिनमें प्रोफेसर (नर्सिंग) के पद पर चयनित चक्रपाणी चतुर्वेदी को राजकीय नर्सिंग कॉलेज चम्पावत में प्रथम तैनाती दी गई है।

इसी प्रकार एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के पद पर चयनित रोजलिन लिली जैन को राजकीय नर्सिंग कॉलेज टिहरी, दीपिका शर्मा को चम्पावत, स्वेता को बाजपुर, आशुतोष कुंवर को पिथौरागढ़, मीना को पौड़ी और ज्योति गोदियाल को राजकीय नर्सिंग कॉलेज कोडगी रूद्रप्रयाग में प्रथम तैनाती दी गई है।

चयन बोर्ड से चयनित फैकल्टी सदस्यों की तैनाती से नर्सिंग कॉलेजों में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं को पठन-पाठन एवं प्रशिक्षण में अब किसी प्रकार की दिक्कत नहीं होगी। इससे न केवल शिक्षण व्यवस्था सुदृढ़ होगी बल्कि छात्र-छात्राओं को किताबी ज्ञान के साथ-साथ बेहतर प्रशिक्षण भी मिल सकेगा। जिससे प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों को भी लाभ मिलेगा, और राज्य प्रगति की और अग्रसर होगा।

राज्य सरकार राजकीय नर्सिंग कॉलेजों में गुणवत्तापरक शिक्षा सुनिश्चत करने के लिये संकल्पित है। इस दिशा में सरकार ने संकाय सदस्यों के शत-प्रतिशत पदों को भरने का निर्णय लिया है। जिसके क्रम में चिकित्सा सेवा चयन बोर्ड के माध्यम से चयनित प्रोफेसर और एसोसिएट प्रोफेसर (नर्सिंग) के सात अभ्यर्थियों को प्रथम तैनाती दे दी है। इससे पहले नर्सिंग कॉलेजों में 26 नर्सिंग ट्यूटरों को प्रथम तैनाती दी जा चुकी है...
**डॉ. धन सिंह रावत,**
**चिकित्सा शिक्षा मंत्री, उत्तराखंड।**



## सीएम ने की स्नेहा राणा को 50 लाख की घोषणा

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बीते दिवस देर शाम महिला क्रिकेट वर्ल्ड कप में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाली उत्तराखंड की बेटी, अंतरराष्ट्रीय क्रिकेटर स्नेहा राणा से दूरभाष पर वार्ता की। मुख्यमंत्री ने स्नेहा राणा को भारतीय क्रिकेट टीम में चयन होने पर हार्दिक बधाई दी और वर्ल्ड कप टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन व भारत को विजय दिलाने के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने स्नेहा राणा की उपलब्धियों और देश-प्रदेश का गौरव बढ़ाने पर उन्हें 50 लाख की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि " 'स्नेहा राणा ने मेहनत, संकल्प और प्रतिभा से उत्तराखंड का नाम विश्व पटल पर रोशन किया है। उनकी सफलता हमारे युवाओं, विशेषकर बेटियों के लिए प्रेरणा है। राज्य सरकार खिलाड़ियों को सर्वोत्तम सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है।

# भाजपा को मुख्य समारोह में एक लाख लोगों के शामिल होने का भरोसा

■ पीएम के मार्गदर्शन की ऊर्जा से राज्य, विकसित उत्तराखंड निर्माण में आगे बढ़ेगा : भट्ट

**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** भाजपा ने पीएम मोदी की मौजूदगी में होने वाले रजत जयंती के मुख्य समारोह में एक लाख से अधिक लोगों के शामिल होने का भरोसा जताया है। जिसके लिए प्रदेशाध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद महेंद्र भट्ट ने पार्टी के सभी जनप्रतिनिधियों एवं पार्टी पदाधिकारियों से अधिक से अधिक जनसहभागिता सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है। ताकि पीएम के प्रेरणादायक मार्गदर्शन से प्राप्त ऊर्जा लेकर समूचा प्रदेश, विकसित उत्तराखंड से विकसित भारत निर्माण में आगे बढ़े।

प्रदेश मीडिया प्रमुख मनवीर सिंह चौहान ने जानकारी दी कि राज्य स्थापना के रजत जयंती वर्ष के ऐतिहासिक और गौरवमयी अवसर पर पीएम का आना राज्यवासियों के लिए दोहरी खुशी का क्षण है।

उनकी उपस्थिति में 9 नवंबर को होने वाले मुख्य रजत जयंती समारोह को भव्य और शानदार बनाने के लिए पार्टी की तरफ से भी विशेष प्रयास किया जा रहे हैं। हमारी कोशिश है कि राज्य की 25 वर्षीय विकास यात्रा के इस महत्वपूर्ण पड़ाव पर अधिक से अधिक लोग साक्षी बने। जिसके लिए कार्यक्रम में पहुंचने की सुविधा के अनुसार सांगठनिक जनपदों देहरादून महानगर, देहरादून ग्रामीण, ऋषिकेश, हरिद्वार, रुड़की, कोटद्वार और पौड़ी की टीम को विशेष जिम्मेदारी सौंपी गई हैं।

प्रदेश में पार्टी के सांसद, विधायक, नगर निगम, नगरपालिका, जिला पंचायत के सभी निर्वाचित जनप्रतिनिधियों को कार्यक्रम से बड़ी संख्या में जनता को जोड़ने का आग्रह किया गया है। वहीं पार्टी पदाधिकारी भी अपने साथी सहयोगियों के साथ इस गौरवशाली अवसर के सहभागी बनेंगे। प्रदेशवासियों में रजत जयंती समारोह के उत्साह और मोदी के प्रति प्यार को देखते हुए पार्टी को भरोसा है कि एक लाख से अधिक जनता का आशीर्वाद वहां मिलने वाला है। पीएम के प्रेरणादायक उद्बोधन का लाभ बड़ी संख्या में प्रदेशवासी लें, ताकी उनके मार्गदर्शन से प्राप्त ऊर्जा को लेकर, समूचा प्रदेश, विकसित उत्तराखंड से विकसित भारत निर्माण की दिशा में तेजी से आगे बढ़े।

## पूर्व विधायक संगठन ने की सीएस से मुलाकात

**देहरादून।** पूर्व विधायक संगठन ने अपनी मुख्य मांगों को लेकर गुरुवार को सचिवालय में दस्तक दी। मुख्य सचिव आनंद वर्धन से मुलाकात के दौरान पूर्व विधायकों ने अपनी सुविधाओं में कटौती पर नाराजगी जताते हुए कहा कि फैसले पर पुनर्विचार किया जाना चाहिए। राज्य सरकार की ओर से पूर्व विधायकों को दी जाने वाली सुविधाओं में की गई कटौती अब जनप्रतिनिधियों के लिए परेशानी बन गई है। पूर्व विधायकों का कहना है कि सरकार ने बिना किसी ठोस कारण के पहले से मिल रही सुविधाओं में कटौती की है, जो सही नहीं है। पूर्व विधायकों ने मुख्य सचिव के सामने कहा कि उन्हें पहले यात्रा भत्ता, महंगाई भत्ता और आवासीय सुविधाओं में कुछ रियायतें दी जाती थीं, जो अब सीमित कर दी गई है। उन्होंने कहा यह निर्णय न केवल असंवेदनशील है, बल्कि उन जनप्रतिनिधियों के प्रति भी अन्यायपूर्ण है जिन्होंने वर्षों तक जनता की सेवा की है। कांग्रेस सरकार में मंत्री रहे हीरा सिंह बिष्ट ने कहा कि सरकार का यह कदम गलत है। उन्होंने कहा पूर्व विधायकों को जो सुविधाएं पहले मिलती रही हैं, उन्हें जारी रखा जाना चाहिए। पूर्व विधायक केदार सिंह रावत ने बताया कि पूर्व विधायक व सांसदों को सरकारी अतिथि गृहों में आगंतुक सूची में रखा जाता था, जिससे उन्हें आवास व्यवस्था में प्राथमिकता मिलती थी, लेकिन हालिया आदेश के बाद उन्हें इस सूची से हटा दिया गया है।

## राज्य स्थापना की रजत जयंती पर मुख्यमंत्री ने किया 'पूर्व सैनिक सम्मेलन' का उद्घाटन

# वीरता और समर्पण से है उत्तरांखड की पहचान : सीएम

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने गुरूवार को राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर हल्द्वानी के एम.बी.पी.जी. कॉलेज प्रांगण में आयोजित 'पूर्व सैनिक सम्मेलन' का शुभारंभ किया। इस अवसर पर प्रदेशभर से बड़ी संख्या में पूर्व सैनिकों, वीर नारियों, वीरांगनाओं एवं उनके परिजनों ने प्रतिभाग किया गया। मुख्यमंत्री ने उपस्थित पूर्व सैनिकों पर पुष्पवर्षा कर राज्य निर्माण व राष्ट्र सेवा में उनके योगदान के लिये सभी का अभिनन्दन किया।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड का हर परिवार गर्व से कह सकता है कि उसके घर से कोई न कोई भारत माता की सेवा में समर्पित है। मुख्यमंत्री ने कहा कि देवभूमि उत्तराखंड वास्तव में वीरभूमि है, जहाँ की माटी में ही राष्ट्रभक्ति और बलिदान की भावना रची-बसी है। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि उत्तराखंड सैनिक बाहुल्य प्रदेश है और सरकार सैनिकों तथा उनके परिवारों के कल्याण के लिए निरंतर कार्य कर रही है।

उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में छात्रावास निर्माण को गन्ना सेंटर के समीप 6.4 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है।

कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद महेन्द्र भट्ट, विधायक बंशीधर भगत, रामसिंह कैड़ा,

डॉ. मोहन बिष्ट, मेयर गजराज बिष्ट, जिला पंचायत अध्यक्ष दीपा दरम्वाल, जिलाध्यक्ष प्रताप बिष्ट, दर्जा राज्य मंत्री नवीन वर्मा, सुरेश भट्ट, अनिल कपूर (डब्बू), शंकर कोरंगा, कुमाऊँ आयुक्त दीपक रावत, डीएम ललित मोहन रयाल, एसएसपी मंजूनाथ टीसी सहित अनेक जनप्रतिनिधि, अधिकारी एवं पूर्व सैनिक उपस्थित रहे।




### मुख्यमंत्री ने की सैनिक कल्याण से जुड़ी कई महत्वपूर्ण घोषणाएं

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि राज्य सरकार सैनिकों एवं उनके परिवारों के कल्याण के लिए पूर्ण रूप से प्रतिबद्ध है। उन्होंने इस अवसर पर सैनिक कल्याण विभाग के पुनर्गठन और सुदृढ़ीकरण की घोषणा करते हुए कहा कि विभाग की कार्यप्रणाली को और अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाया जाएगा ताकि हर सैनिक परिवार तक योजनाओं का लाभ सहज रूप से पहुँच सके। उन्होंने कहा कि हल्द्वानी, अल्मोड़ा और पौड़ी में जिला सैनिक कल्याण कार्यालयों एवं आवासीय भवनों के पुनर्निर्माण का कार्य किया जाएगा, जिससे पूर्व सैनिकों और वीर नारियों को बेहतर सुविधाएँ मिल सकेंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद सैनिकों की नारियों को आवासीय भवन निर्माण के लिए दी जाने वाली सहायता राशि को 2 लाख से बढ़ाकर 5 लाख रुपये किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हल्द्वानी में सैनिकों के 150 बच्चों के लिए एक आधुनिक छात्रावास का निर्माण किया जाएगा, जिससे सैनिक परिवारों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा और सुरक्षित आवासीय सुविधा मिल सकेगी।

### कहा-सैनिक कभी 'पूर्व' नहीं होता, वह सदैव रहता है सैनिक

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि सैनिकों का जीवन अनुशासन, समर्पण और बलिदान की मिसाल है। उन्होंने कहा कि "सैनिक कभी पूर्व सैनिक नहीं होता, वह सदैव सैनिक ही रहता है।" मुख्यमंत्री ने कहा कि देश में राष्ट्र विरोधी सोच का कोई स्थान नहीं है और आज भारत में सभी जरूरी सैन्य उपकरण देश में ही बनाए जा रहे हैं तथा भारत आत्मनिर्भर बन रहा है। ऑपरेशन सिंधु मेघ में स्वदेशी ब्रह्मोस और आकाश मिसाइलों की सफलता का भी उन्होंने जिक्र किया। सम्मेलन में जनपद नैनीताल की 31 तथा ऊधमसिंहनगर की 13 वीर नारियों को मुख्यमंत्री श्री धामी द्वारा शॉल एवं स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

### वीर नारियों का सम्मान पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण: जोशी

कार्यक्रम में सैनिक कल्याण मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि यह दिन उत्तराखंड के लिए गर्व और भावनाओं से परिपूर्ण है। उन्होंने प्रदेशवासियों को राज्य स्थापना दिवस की शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उत्तराखंड की पवित्र भूमि ने देश को अनेक वीरता पदक विजेता दिए हैं, परमवीर चक्र, महावीर चक्र, वीर चक्र और शौर्य चक्र से सम्मानित वीर, जो सदैव हमारी प्रेरणा हैं। उन्होंने कहा कि आज की वीर नारियों और वीरांगनाओं का सम्मान केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि पूरे राज्य के लिए गौरव का क्षण है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड का पंचम धाम, सैन्य धाम का शीघ्र लोकार्पण किया जाएगा। वीरता पदक प्राप्त सैनिकों को निशुल्क बस यात्रा की सुविधा दी गई है तथा प्रदेश सरकार द्वारा अब तक 22 हजार से अधिक सैनिकों को रोजगार उपलब्ध कराया गया है। उन्होंने बताया कि हल्द्वानी में छात्रावास निर्माण हेतु गन्ना सेंटर के समीप 6.4 हेक्टेयर भूमि का चिन्हांकन किया जा चुका है और मुख्यमंत्री द्वारा इसका शिलान्यास शीघ्र किया जाएगा।

## सीएम ने दी विभिन्न योजनाओं के लिए 16.95 करोड की वित्तीय स्वीकृति

**शाह टाइम्स मुख्य संवाददाता**

**देहरादून।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र, पिलखी, टिहरी गढ़वाल को 30 शैय्यायुक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के रूप में उच्चीकृत करते हुए रू 14.83 करोड़ तथा जनपद नैनीताल के विकासखण्ड भीमताल में ग्रामीण निर्माण विभाग, प्रखण्ड नैनीताल के अनावासीय कार्यालय भवन के निर्माण के लिए रू 2.12 करोड़ की धनराशि स्वीकृत किये जाने का अनुमोदन प्रदान किया है।

# एक भारत-श्रेष्ठ भारत के अनुरूप आगे बढ़ा रहा उत्तराखण्डः महाराज

■ गुजरात में आयोजित राष्ट्रीय एकता दिवस समारोह में किया प्रदेश का प्रतिनिधित्व

**शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता**

**गुजरात/देहरादून।** लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल ने जिस 'एक भारत-श्रेष्ठ भारत' का सपना देखा आज उत्तराखण्ड उसी भावना को आत्मसात कर आगे बढ़ा रहा है।

यह बात उत्तराखण्ड के पर्यटन, लोक निर्माण, सिंचाई, पंचायतीराज, ग्रामीण निर्माण, जलागम, धर्मस्व एवं संस्कृति मंत्री सतपाल महाराज ने केवड़िया (गुजरात) में राष्ट्रीय एकता दिवस व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में उत्तराखण्ड राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने संबोधन में कही।

उन्होंने कहा कि इस आयोजन में उत्तराखण्ड को अपनी संस्कृति, व्यंजन, पर्यटन संभावनाओं और 25 वर्षों की विकास यात्रा को प्रस्तुत करने का सौभाग्य मिला जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। उत्तराखंड अपनी स्थापना की रजत जयंती वर्ष मना रहा है। पिछले कुछ वर्षों में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के नेतृत्व में उत्तराखंड का चौहुंमुखी विकास हुआ है।



राष्ट्रीय एकता दिवस व लौह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जयंती पर केवड़िया, गुजरात में 1 से 15 नवम्बर 2025 तक आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में देश के समस्त राज्यों ने अपनी सांस्कृतिक, आध्यात्मिक, पर्यटन एवं विकास यात्रा को प्रस्तुत किया है। इस अवसर पर देवभूमि उत्तराखण्ड ने भी अपनी अद्भुत संस्कृति, विरासत, साहसिक पर्यटन क्षमता और सांस्कृतिक गरिमा को प्रदर्शित किया।

महाराज ने कहा कि इस आयोजन में आईएचएम देहरादून, जीएमवीएन, केएमवीएन, संस्कृति विभाग तथा उद्योग विभाग की और से जहां एक ओर उत्तराखण्ड के पारंपरिक व्यंजन भट्ट की चुड़कनी, कुमाऊँनी रायता, झंगोरे की खीर, गहत की दाल, मंडुए की रोटी सहित अन्य व्यंजन परोसे जा रहें हैं। 25 वर्गमीटर में फैले उत्तराखण्ड मंडप में कुमाऊँ और गढ़वाल की संस्कृति, परिधान, हस्तशिल्प, टेक्सटाइल, रिंगाल कला, हॅप उत्पाद, जड़ी-बूटियों और हाउस ऑफ हिमालयाज के पर्वतीय उत्पादों से सुसज्जित रहा। महाराज ने कार्यक्रम से पूर्व स्टैचू ऑफ यूनिटी पर जाकर लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की विशालकाय प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के साथ-साथ प्रतिमा के दिल के हिस्से से नर्मदा नदी पर बने सरदार सरोवर बांध का भी अवलोकन किया जिसकी पहल सरदार वल्लभभाई पटेल ने 1945 में की थी जिसे 2017 में तत्कालीन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साकार किया।

इस मौके पर गुजरात के वित्त एवं शहरी विकास मंत्री कनु भाई देसाई, वन एवं पर्यावरण मंत्री अर्जुनभाई मोढवाडिया, स्टैच्यू ऑफ यूनिटी के प्रशासक और सीईओ आईएएस अमित अरोड़ा, नांदोद विधानसभा क्षेत्र के विधायक डॉ. दर्शना चंदूभाई देशमुख वसावा, नर्मदा जिले के कलेक्टर संजय के. मोदी व डीसीएफ अग्निश्वर व्यास आदि मौजूद थे।

# श्रीनगर में युवाओं ने किया 85 यूनिट रक्तदान

■ जामा मस्जिद परिसर में मुस्लिम समाज की ओर से लगाया गया रक्तदान शिविर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**श्रीनगर।** नगर क्षेत्र के जामा मस्जिद परिसर में गुरुवार को मुस्लिम समाज की और से रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 85 मुस्लिम युवा व युवतियों ने रक्तदान किया। बेस अस्पताल के ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. सतीश कुमार के नेतृत्व में ब्लड बैंक टीम ने आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण करने के बाद शिविर का शुभारंभ किया।

शिविर में 85 यूनिट रक्तदान ब्लड बैंक के लिए मिला। शिविर में 50 मुस्लिम युवा रक्तदान करने से वंचित रह गए उनका पंजीकरण किया गया, जिससे भविष्य में जरूरत पड़ने पर रक्तदान को लेकर उनसे संपर्क किया जा सके। व्यापार सभा श्रीनगर के अध्यक्ष दिनेश असवाल, पूर्व नगरपालिका अध्यक्ष कृष्णानंद मैठाणी, व्यापार सभा के जिलाध्यक्ष वासुदेव कंडारी, रोटरी क्लब के अध्यक्ष हिमांशु अग्रवाल, अनिल स्वामी, लायंस के संरक्षक राजीव विश्नोई ने रक्तदानदाताओं का उत्साहवर्द्धन करते हुए कहा कि मुस्लिम युवाओं की यह पहल सराहनीय है।



नगर निगम पार्षद उज्ज्वल अग्रवाल और परवेज अहमद, श्रीनगर कांग्रेसी कमेटी के अध्यक्ष सूरज घिल्डियाल, व्यापार सभा श्रीकोट के अध्यक्ष नरेश नौटियाल, कैमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष बृजेश भट्ट, सूरज नेगी, संजय फौजी, प्रदीप तिवाड़ी खिलेंद्र चौधरी, कुसुमलता, नगमा तौफीक, मीना रावत, लाल सिंह नेगी, सुरेश मुयाल भी शिविर में पहुंचकर रक्तदानदाताओं का उत्साहवर्द्धन किया। जामा मस्जिद कमेटी की ओर से परवेज अहमद ने रक्तदानदाताओं व अतिथियों का आभार जताया।



# भालू के हमले से महिला की मौत, दहशत में ग्रामीण

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी:** जनपद के दूरस्थ इलाकों में ग्रामीण पर जंगली जानवरों के हमले थमने का नाम नहीं ले रहे हैं।

विकास खंड भटवाड़ी और मोरी ब्लॉक में बीते तीन महिनों से भालू के हमले लगातार हो रहे हैं । जिससे ग्रामीण दहशत में। लोग अपने रोजमर्रा के कार्य के लिए खेतों में जाने के लिए भालू के हमलों से दहशत में है।

गुरुवार को भटवाड़ी ब्लॉक के हिना गांव में अंबिका देवी पत्नी अंकित असवाल घास लेने के लिए जंगल में गई थी अंबिका देवी ने अचानक भालू को देखा और जान बचाने के लिए नीचे की ओर भागने लगी और भालू ने महिला पर हमला कर दिया जिससे महिला महिला



पहाड़ी से नीचे गिर गई और महिला की घटनास्थल पर मौत हो गई वहीं घटना के बारे में जैसे ही ग्रामीणों को जानकारी मिली तो ग्रामीण और परिजन तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और महिला को जिला अस्पताल लाया लेकिन महिला की मौत हो चुकी थी। जिला अस्पताल में महिला के पोस्टमार्टम की कार्रवाई जारी है।इधर घटना से क्षेत्र में दहशत का माहौल है और ग्रामीण वन विभाग से तत्काल भालू को पकड़ने और क्षेत्र में गस्त देने की मांग कर रहे है।

# श्रीनगर में फैशन शो में बिखरी गढ़वाल की संस्कृति की छटा

शाह टाइम्स संवाददाता

श्रीनगर। बैकुंठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी मेले के तहत मि उत्तराखंडी छौ: थीम पर पहाड़ी परिधान में फैशन शो आयोजित किया गया। प्रतिभागियों ने परपारंपरिक पहाड़ी परिधानों में रैंप वॉक कर सबका दिल जीता। रंग-बिरंगे घाघरे, पगड़ी, पिछौड़ा और पारंपरिक आभूषणों से सजी बेटियों ने जब मंच पर कदम रखा तो दर्शक तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। रैंप वॉक का उद्देश्य उत्तराखंड की समृद्ध लोकसंस्कृति और परिधान परंपरा को नई पीढ़ी तक पहुंचाना था। आयोजन के दौरान प्रतिभागियों ने कुमाऊं और गढ़वाल क्षेत्र की पारंपरिक पोशाकों की सुंदरता को प्रदर्शित किया।



कार्यक्रम के दौरान डीएम पौड़ी स्वाति भदौरिया, मेयर आरती भंडारी और नगर आयुक्त नुपुर वर्मा पारंपरिक पहाड़ी परिधानों में कार्यक्रम स्थल पर पहुंचीं। उनकी सादगी और पारंपरिक वेशभूषा ने गोला बाजार में मौजूद सभी लोगों का ध्यान अपनी ओर आकर्षित कर लिया। पार्षद व

कर्मचारियों ने भी किया रैम्प वाक

नगर निगम के पार्षदों और कर्मचारियों ने भी अपनी अनोखी प्रस्तुति से सबका दिल जीत लिया। मंच पर जब सभी ने पहाड़ी परिधानों में रैंप वॉक किया, तो पूरा पंडाल तालियों की गूंज से भर उठा। रंग-बिरंगे पिछौड़े, आभूषणों और पारंपरिक वस्त्रों में सजे पार्षदों और कर्मचारियों ने उत्तराखंड की लोकसंस्कृति का जीवंत प्रदर्शन किया। कार्यक्रम का शुभारंभ करती हुई जिलाधिकारी गढ़वाल स्वाति एस भदौरिय ने कहा की यह गढ़वाली केवल एक परिधान नहीं है यह अपनी पहचान दिखाने का भी आयोजन है। मेयर आरती भंडारी ने इस कार्यक्रम के उद्देश्यों के बारे में जानकारी देते हुए सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर सहकारिता समिति के जिला कोटद्वार के पूर्व अध्यक्ष नरेंद्र सिंह रावत, नगर आयुक्त नूपुर वर्मा, व्यापार सभा के अध्यक्ष दिनेश असवाल, सामाजिक कार्यकर्ता लखपत सिंह भंडारी सहित नगर के पार्षद सहित शहर के सम्मानित लोग मौजूद रहे।

# मायके से ही मैली हो रही गंगा की पवित्र धारा

शाह टाइम्स संवाददाता

**उत्तरकाशी :** गंगा नदी अपने उद्गम (मायके) उत्तरकाशी स्थल से ही प्रदूषित हो रही है। यह सडे गले मांस को सीधे गंगा नदी में फैंका जा रहा है।

**तिलोथ पुल में गंगा नदी के तट पर मुर्गियों के पंख और मांस मिलने से हिंदू संगठन नाराज**

ताजा मामला गुरुवार का उत्तरकाशी तिलोथ पुल में गंगा नदी के तट पर मुर्गियों के पंख और मांस मिलने से हिंदू संगठनों में भारी रोष व्याप्त हुआ है। मायके से ही की यदि गंगा जी की धारा अपवित्र और दूषित होगी तो महा नगरों की क्या हालत होगी। हिंदू संगठनों दिनेश पंवार ने कहा कि अवैध रूप से बूचड़खानों को पालिका ने लाइसेंस दे रखे हैं । और ये सीधे गंगा जी में सडे गले मांस को गंगा जी में प्रभावित कर रहे यह उत्तरकशी का दुर्भाग्य है । उन्होंने सरकार से मांग की है कि अवैध बूचड़खानों के लाइसेंस रद्द किए जाएं जिससे मां गंगा की धारा स्वच्छ रहे सके।इधर गंगोत्री के रावल अमित सेमवाल ने इस मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है और बूचड़खानों के दुकानें बंद करवाने के की मांग उठाई है।उन्होंने कहा कि गंगा की धारा को स्वच्छ रखने के लिए सरकार ने कई कदम उठाए हैं, जिनमें राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन की स्थापना और गंगा के किनारे बसे शहरों में सीवेज उपचार संयंत्रों की स्थापना शामिल है।

# लोक गायिका हेमा करासी के गानों पर जमकर झूमे श्रोता

**श्रीनगर।** ऐतिहासिक बैकुंठ चतुर्दशी एवं विकास प्रदर्शनी की दूसरी सांस्कृतिक संध्या प्रसिद्ध लो. कगायिका हेमा नेगी करासी के नाम रही। इस दौरान उन्होने आछरी जागी, नृसिंह जागर सहित आदि गानों की प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। उन्होंने अपनी प्रस्तुति की शुरुआत नंदा देवी पर आधारित जागर गीत, पारंपरिक भक्ति गीत आंछरी और नृसिंह जागर से की। करासी ने अमरा बांध, जाग नंदा, गिरातोली गिर गेंद. ुआ, और मेरी बामणी आदि गानों से पड़ाल में बैठे लोगों को थिकरने के लिए मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में महापौर आरती भंडारी ने कहा कि मेले को भव्य रूप देने की निगम की और से पूरी कोशिश की गई है।

# राजजात यात्रा को लेकर डीएम ने ग्रामीणों के साथ की चर्चा

शाह टाइम्स संवाददाता

**थराली।** राजजात यात्रा के पूरे उत्तराखंड के नंदा भक्तों के मिलन के मुख्य केंद्र नंदकेशरी में 2026 में आयोजित होने वाली श्री नंदादेवी राजजात की तैयारियों के निमित्त जिलाधिकारी सहित प्रमुख विभागों के अधिकारियों ने नंदकेशरी, कोठी,धरा आदि गांवों के ग्रामीणों के साथ चर्चा करते हुए यहां पर व्यवस्थाओं को चाक-चौबंद करने के सुझाव मांगे।

जिलाधिकारी गौरव कुमार तमाम विभागों के अधिकारियों के साथ सबसे पहले राजजात यात्रा के अंतर्गत आबादी वाले गांव लाटू धाम वांण में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधियों के साथ व्यापक स्तर पर चर्चा की उसके बाद डीएम ने लोहाजंग व मंदोली पड़ाव में बैठकें कर राजजात यात्रा को व्यवस्थित रूप से संपन्न करवाने के लिए ग्रामीणों से खुली



चर्चा करते हुए उनसे सहयोग की अपेक्षा जताई,उसके बाद देर सायं जिलाधिकारी का काफी राजजात यात्रा के महत्वपूर्ण पड़ावों में सुमार नंदकेशरी पहुंचा जहां पर नंदा भगवती, शिव मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद पड़ाव समिति एवं ग्रामीणों के साथ डीएम गौरव कुमार ने वार्ता की। दरअसल राजजात यात्रा का सर्वाधिक दबाव नंदकेशरी में ही रहता है। यहां पर नौटी से चलने वाली राजछतौली,चौसिंगिया मेड़ा के साथ हैं,कुमाऊं के नैनीताल से चलने वाली नैणा देवी, अल्मोड़ा की नंदादेवी,डंगोली की कोट भ्रामरी देवी सहित गढ़वाल एवं कुमाऊं चलने वाली अधिकांश छतौलियां, निशानों का मिलन कुरूड़ से चलने वाली बधाण की नंदा भगवती के मुख्य डोले से होती हैं, हालांकि नौटी से चलने वाली राजछतौली एवं चौसिंगिया मेड़ा नंदकेशरी से पहले पड़ाव चेपड़ो में एक साथ पहुंचते हैं किंतु उनकी नंदादेवी के डोले से चेपड़ो में भेट नही होती हैं। कुमाऊं एवं गढ़वाल से चलने वाली यात्राओं का नंदकेशरी में मिलन होने के चलते पिछले राजजात यात्राओं में सर्वाधिक जन दबाव नंदकेशरी में ही देखने को मिलाघ्था।इस लिहाज से प्रशासन भी नंदकेशरी पर अपना अधिक ध्यान केंद्रित कर रहा है। यहां पर नागरिकों ने जिलाधिकारी से नंदकेशरी पड़ाव के आसपास ग्वालदम-नंदकेशरी राजमार्ग, थराली-देवाल-वांण राजमार्ग,धरा तल्ला,चिड़िगा मोटर सड़क,सरकोट हाईस्कूल सहित अन्य स्थानों पर बड़े पार्किंग का निर्माण,नंदकेशरी में बाईपास मोटर सड़क का निर्माण, यहां पर प्रयाप्त मात्रा में शौचालयों, स्नानागारों, पिंडर नदी में स्नान घाटों का निर्माण किए जाने, पीने के पानी की व्यवस्था,सोलर स्ट्रीट लाइटों की व्यवस्था, यात्रियों को रूकने के लिए टैंट कालोनी का निर्माण किए जाने सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं की स्थापना का सुझाव दिया।जिस पर जिलाधिकारी ने जनसहयोग से बेहतर तरीके का राजजात यात्रा को संपन्न करवाने, पड़ाव समितियों एवं ग्रामीणों के सुझावों से स्थाई एवं अस्थाई कार्यों को करवाने का आश्वासन दिया।इस मौके पर चमोली पुलिस अधीक्षक सुरजीत सिंह पंवार, मुख्य विकास अधिकारी डॉ. अभीषेक त्रिपाठी, थराली के उपजिलाधिकारी अबरार अहमद सहित तमाम अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद थे। कलम सिंह बिष्ट, लक्ष्मी देवी, लाखन सिंह रावत, महेश जुयाल ,गोविंद प्रसाद, पुष्कर सिंह, बलवंत सिंह, प्रकाश जुयाल,पंडित जगदीश मिश्रा, दयाल सिंह, पंकज सिंह, हरीश जुयाल, महावीर सिंह, देवी दत्त, भुवन जुयाल आदि ने अधिकारियों का स्वागत कर पड़ाव व्यवस्था पर चर्चा की।

एक नजर .......

## सांस्कृतिक प्रतियोगिता में सेंट थेरेसॉस स्कूल ने मारी बाजी

**श्रीनगर।** बैकुण्ठ चतुर्दशी मेले के दूसरे दिन विद्यालय स्तर की सांस्कृतिक एवं खेलकूद प्रतियोगिता आयोजित की गई। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने अपना दमखम दिखाया। इस मौके पर छात्रों ने नृत्य की एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर दर्शकों को मंत्रमुग्ध किया। प्रतियोगिता में सेंट थेरेसॉस स्कूल श्रीनगर ने प्रथम, श्रीगुरू राम राय पब्लिक स्कूल ने द्वितीय और आइरिश पब्लिक स्कूल श्रीकोट गंगानाली ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। सांस्कृति प्रतियोगिता में सुधीर डंगवाल, गणेश बलूनी और विरेंद्र कुमार ने निर्णायक की भूमिका अदा की। वहीं दूसरी ओर एनआईटी खेल मैदान में आयोजित खेल प्रतियोगिता में जूनियर वर्ग के लम्बी कूद प्रतियोगिता में केबी मैमोरियल के आकिसर आलम, लम्बी कूद में रेनबो पब्लिक स्कूल के कदर परवीन, फर्राटा दौड़ में मास्टर माइड स्कूल के रोहन रावत और मार्डन जूनियर स्कूल के अनम, 200 मीटर दौड़ में मास्टर माइड स्कूल के आदित्य पंवार और रेनबो स्कूल की कदर परवीन ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने पर आइरिस पब्लिक स्कूल श्रीकोट के साहिल और बालिका वर्ग में रेनबो स्कूल की कदर परवीन ने चौम्पियनशिप अपने नाम की। खेल प्रतियोगिता में जिला क्रिड़ा अधिकारी जयवीर रावत, ब्लॉक क्रिड़ा समन्वयक नवीन नेगी, मनोज कपरवान, ललित बिष्ट, धमेंद्र कैंतुरा ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

## पुलिस की पिंक यूनिट स्क्वायड स्कूली छात्राओं में सुरक्षा के प्रति बढ़ा रही आत्मविश्वास

**कोटद्वार ।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, पौड़ी सर्वेश पंवार द्वारा जनपद के सभी थाना प्रभारीयो को अपने-अपने थाना क्षेत्र में स्कूल, कॉलेजों और शैक्षणिक संस्थानों में जाकर उनके खुलने व बन्द होने के समय स्कूली छात्राओं से वार्तालाप कर छात्राओं में सुरक्षा की भावना को बनाए रखने के निर्देश निर्गत किए गए है, जिसके तहत थानाध्यक्ष लक्ष्मणझूला संतोष पैथवाल के द्वारा थाने पर दो पिंक यूनिट स्क्वायड का गठन किया गया है जिनके द्वारा थाना क्षेत्र में भ्रमणशील रहते हुए शैक्षणिक संस्थानों में जाकर कार्यवाही की जा रही है वहीं पिंक यूनिट टीम के द्वारा स्वर्गाश्रम ट्रस्ट, बाल विद्या निकेतन उच्चतर माध्यमिक विद्यालय स्वर्गाश्रम में स्कूली छात्राओं के साथ संवाद स्थापित करते हुए छात्राओं को मौके पर बाल सुरक्षा, महिला सुरक्षा संबंधी अपराधों और साइबर सुरक्षा की सजकता के विषय में जन जागरूक किया गया साथ ही छात्राओं को मौके पर जागरूकता पंपलेट भी वितरित किए गए जिससे छात्राओं के मध्य सुरक्षा के प्रति आत्मविश्वास जागृत हो सके, साथ ही पिंक यूनिट टीम के द्वारा छात्राओं को किसी भी अपरिहार्य स्थिति में होने पर मदद के लिए 112 पर कॉल करने के लिए भी बताया गया है। इस अवसर पर थानाध्यक्ष संतोष पैथवाल ने बताया कि पिंक यूनिट स्क्वायड थाना क्षेत्र के स्कूलों के आस पास में लगातार निगरानी कर रही है और यदि कही पर कोई शरारती तत्व ओर मनचले नजर में आते है तो उनके विरुद्ध विधिनुसार कढ़ी कानूनी कार्यवाही की जाएगी।

# सांसद ने प्रेस क्लब में उपकरणों का किया लोकार्पण

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** सांसद माला राज्य लक्ष्मी शाह ने गुरुवार को न्यू टिहरी प्रेस क्लब में 10 लाख रुपये की सांसद निधि से क्रय किए गए उपकरणों का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने जिला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन की नवनिर्वाचित कार्यकारिणी को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। कार्यक्रम के दौरान प्रेस क्लब और श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रतिनिधियों ने सांसद को पत्रकारों की विभिन्न समस्याओं से अवगत कराया, जिस पर उन्होंने शीघ्र समाधान का आश्वासन दिया।

प्रेस क्लब पहुंचने पर पत्रकारों ने सांसद का गर्मजोशी से स्वागत किया। लोकार्पण कार्यक्रम के पश्चात सांसद



माला राज्य लक्ष्मी शाह ने जिला श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के न व नि र्वा चि त पदाधिकारियोंकृजिलाध्यक्ष बलवीर नेगी, महामंत्री प्रदीप डबराल, उपाध्यक्ष विजय गुसाईं और राजेश डिंयूडी, कोषाध्यक्ष धीरेंद्र भंडारी, सचिव प्रमोद चमोली, ज्योति डोभाल, संप्रेक्षक विजयपाल राणा, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रघुभाई जड़धारी और गोविंद पुंडीर, जिला कार्यकारिणी सदस्य रोशन थपलियाल, अब्बल चंद रमोला, अंकित मित्तल और मनमोहन राव. तकृको शपथ ग्रहण कराई।

कार्यक्रम में पूर्व कैबिनेट मंत्री दिनेश धनाई, स्टेट प्रेस क्लब के प्रदेश अध्यक्ष विश्वजीत नेगी, श्रमजीवी पत्रकार यूनियन के प्रदेश अध्यक्ष देवेंद्र शास्त्री और प्रेस क्लब के अध्यक्ष शशि भूषण भट्ट ने संयुक्त रूप से पत्रकारों के हितों की रक्षा के लिए एकजुट होकर काम करने की आवश्यकता पर बल दिया। वक्ताओं ने कहा कि पत्रकार समाज का आईना होता है, जो कठिन परिस्थितियों में भी सच्चाई को उजागर करने का कार्य करता है। ऐसे में उसके अधिकारों और हितों की रक्षा समाज और शासन दोनों की जिम्मेदारी है।

**पत्रकारों की समस्याओं के समाधान का दिया भरोसा, पत्रकारों के हितों की रक्षा को सभी से मिलकर काम करने का आह्वान**

इस मौके पर स्टेट प्रेस क्लब की उपाध्यक्ष सुलोचना पयाल, पूर्व अध्यक्ष गोविंद बिष्ट, विक्रम बिष्ट, देवेंद्र दुमोगा, गंगादत्त थपलियाल, अनुराग उनियाल, मुकेश रतूड़ी, विजय दास, धनपाल गुनसोला, मुनेंद्र नेगी, सुरेंद्र भट्ट, पूर्व प्रमुख सुनीता देवी, गीतांजली सजवाण, भाजपा मंडल अध्यक्ष विजय कठैत और राज. ेंद्र डोभाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# नवोदय स्कूल छात्र-छात्राओं ने जाना जड़ी-बूटी का महत्व

**श्रीनगर।** जवाहर नवोदय विद्यालय गुप्तकाशी के छात्रों ने गढ़वाल विवि के उच्च शिखीय पादप कार्यिकी शोध केंद्र का शैक्षणिक भ्रमण किया। इस अवसर पर स्कूली छात्र-छात्राओं ने हैप्रेक का भ्रमण कर जड़ी-बूटी के महत्व को समझाया। इस दौरान विद्यालय से पहुंचे 206 छात्राओं ने ग्लास हाउस में मौजूद विभिन्न प्रकार की पौधों के बारे में जानकारी जुटाई। साथ ही अणविक लैब, जैव रसायन लैब का भ्रमण कर जानकारी जुटाई। इस मौक हैप्रेक के वरिष्ठ वैज्ञानिक डॉ. सुदीप सेमवाल ने कहा कि इस प्रकार के शैक्षिक भ्रमणों द्वारा बच्चों को नए अनुभवों को सीखने के अवसर मिलते हैं,

# उपनल कर्मियों के नियमितीकरण की मांग तेज 10 नवम्बर से बेमियादी हड़ताल की चेतावनी

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** उत्तरांचल बिजली कर्मचारी संविदा प्रकोष्ठ की बैठक में उपनल कर्मियों के नियमित. ीकरण को लेकर नाराजगी चरम पर दिखी।

कर्मियों ने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के आदेश और मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद अभी तक नियमित. ीकरण की प्रक्रिया शुरू न होना गंभीर उपेक्षा का प्रतीक है। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि सरकार ने उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की तो 10 नवंबर से प्रदेशभर में बेमियादी हड़ताल शुरू की जाएगी, जिसकी पूरी जिम्मेदारी सरकार की होगी।

गुरुवार को संघ के जिलाध्यक्ष सुनील बिजल्वाण की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपनल के माध्यम से बिजली विभाग में कार्यरत संविदा कर्मियों ने अपनी समस्याएं उठाईं। उन्होंने कहा कि वे बीते 15 से 20 वर्षों से संविदा पर कार्य कर रहे हैं, लेकिन उन्हें न तो स्थायी सेवा का लाभ मिला है और न ही सामाजिक सुरक्षा की गारंटी। कर्मियों ने कहा कि इतने लंबे समय तक सेवा देने के बावजूद सरकार उन्हें अस्थायी कर्मचारी की तरह देख रही है, जो उनके मनोबल को तोड़ने वाला है।

बैठक में वक्ताओं ने कहा कि हाईकोर्ट और सुप्रीम कोर्ट दोनों ही उपनल के माध्यम से विभिन्न विभागों में कार्यरत लगभग 22 हजार कर्मियों के नियमितीकरण के आदेश पहले ही दे चुके हैं। इसके बाद भी राज्य सरकार द्वारा कोई ठोस कार्रवाई न किया जाना न केवल न्यायालय के आदेशों की अवहेलना है, बल्कि हजारों परिवारों के भविष्य के साथ खिलवाड़ भी है।

कर्मचारियों ने याद दिलाया कि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी उपनल कर्मियों के नियमितीकरण की घोषणा की थी, लेकिन अब तक यह घोषणा धरातल पर उतरती नहीं दिख रही है। कहा कि अब वे केवल आश्वासनों से संतुष्ट नहीं होंगे और अपनी मांग पूरी होने तक आंदोलन जारी रखेंगे।

बैठक में प्रांतीय अध्यक्ष जगतराम भट्ट, महामंत्री विक्रम तोपवाल, राजेश चमोली, कांति प्रसाद, महेश पंवार, राकेश उनियाल, सुरेश जोशी, ओंकार नेगी, नवीन सिंह, सुरेश बड़ोनी, राजेश, श्वेता, बबीता, कविता, मोनिका समेत कई कर्मचारी मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि इस बार आंदोलन निर्णायक होगा और तब तक जारी रहेगा जब तक सरकार नियमित. ीकरण पर ठोस कदम नहीं उठाती।

# वेलनेस प्रशिक्षण कार्यक्रम किया जा रहा आयोजित

**कोटद्वार ।** जिला उद्योग केंद्र, कोटद्वार तथा ओजस्विनी फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में उद्यमिता प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत तीन सप्ताह का वेलनेस प्रशिक्षण आयोजित किया जा रहा है। यह प्रशिक्षण यमकेश्वर ब्लाक के नीलकंठ स्थित टोली पंचायत भवन में 11 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक आयोजित किया जायेगा। गुरूवार को जिला उद्योग केंद्र महाप्रबंधक सोमनाथ गर्ग ने बताया कि रविवार एवं अवकाश दिवसों को छोड़कर कुल 21 दिन का प्रशिक्षण प्रतिदिन प्रात: 10रू00 बजे से अपराह्न 2रू00 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

# रेलवे प्रभावितों के आवासीय भवनों का हुआ सर्वे शुरू

शाह टाइम्स संवाददाता

**श्रीनगर।** ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना के अंतर्गत कीर्तिनगर क्षेत्र में चल रहें सुरंग निर्माण कार्य से आवासीय भवनों को पहुंची क्षति का सर्वे शुरू कर दिया है। सर्वे के बाद से रेलवे प्रभावितों को जल्द आवासीय भवनों को पहुंची क्षति कामुआवजा मिलने की उम्मीद जग गयी है। बीते 30 अक्टूबर को जिलाधिकारी टिहरी की नितिका खंडेलवाल की अध्यक्षता में हुई बैठक में रेलवे सुरंग निर्माण कार्य से हुई ब्लासि्ंटग में आवासीय भवनों को पहुंची क्षति के लिए सर्वे करने लिए उपजिलाधिकारी को निर्देशित किया गया था। जिसके अंतर्गत उपजिलाधिकारी कीर्तिनगर ने कमेटी गठित कर सर्वे शुरू करने को कहा। सर्वे टीम में तहसीलदार कीर्तिनगर, लोक निर्माण विभाग कीर्तिनगर के अधिशासी अभियंता, उपनिदेशक/भू-वैज्ञानिक एवं खनिकर्म नई टिहरी को शामिल किया है।बताते चले कि ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल परियोजना में सुरंग निर्माण कार्य से मलेथा, रानीहाट, नैथाणा, देवली, लक्ष्मोली, घिल्डियाल गांव में आवासीय भवनों में दरारे पड़ने शुरू हुई थी। ग्रामीणों को आक्रोश और आंदोलन के बाद रेलवे विकास निगम ने आवासीय भवनों की वीडियोग्राफी शुरू कि थी, लेकिन अभी तक प्रभावितों को मुआवजा न मिलने पर जनप्रति. निधियों ने इसकी मांग विधायक विनोद कंडारी से की। जिसके बाद जिलाधिकारी ने जल्द रेलवे प्रभावितों के आवासीय भवनों का सर्वे कर इसकी रिपोर्ट 15 दिनों के भीतर उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए है। कीर्तिनगर तहसीलदार प्रदीप कंडारी ने बताया कि रेलवे सुरंग निर्माण कार्य से आवासीय भवनों को पहुंची क्षति को लेकर सर्वे शुरू कर दिया है। अभी मलेथा, लक्ष्मोली, घिल्डियाल गांव में सर्वे किया जा रहा है। जल्द ही रेलवे प्रभावितों के आवासीय भवनों का सर्वे कर रिपोर्ट उपजिलाधिकारी कार्यालय में प्रस्तुत कर दी जायेगी।

# प्रतापनगर में स्वास्थ्य सेवाओं की बदहाली पर एकता मंच में रोष

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** प्रतापनगर एकता मंच के कार्यकर्ताओं और जनप्रतिनिधियों ने क्षेत्र की जर्जर स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर गहरी नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन के माध्यम से मुख्यमंत्री को ज्ञापन भेजा। ज्ञापन में सीएससी चौंड और प्रतापनगर अस्पताल में विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति सहित 11 सूत्री मांगों को तत्काल पूरा करने की मांग की गई है। मंच ने चेतावनी दी कि यदि समस्याओं का समाधान शीघ्र नहीं हुआ, तो उन्हें बेमियादी आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होना पड़ेगा। ज्ञापन देने वालों में जिला पंचायत सदस्य विजय देवी, क्षेत्र पंचायत सदस्य मुलायम सिंह रावत, बनाली विकास भंडारी और पुरुषोत्तम पंवार प्रमुख रहे। उन्होंने कहा कि प्रतापनगर और चौंड क्षेत्र के अस्पतालों में विशेषज्ञ डॉक्टरों की अनुपस्थिति के कारण अस्पताल केवल रेफरल सेंटर बनकर रह गए हैं।

नतीजतन, गंभीर रूप से बीमार मरीजों और गर्भवती महिलाओं को इलाज के लिए दूरस्थ क्षेत्रोंकृनई टिहरी, ऋषिकेश या देहरादून तक ले जाना पड़ता है, जिससे कई बार रास्ते में ही मरीजों की जान चली जाती है।

ज्ञापन में मांग की गई कि सीएससी चौंड और प्रतापनगर अस्पताल में तत्काल अल्ट्रासाउंड, एक्सरे और पैथोलॉजी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। इसके अलावा, डोबरा में प्रस्तावित अस्पताल भवन का निर्माण कार्य शीघ्र शुरू किया जाए।

साथ ही प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र सेमंडीधार, हलेथ और रजाखेत को उन्नत करते हुए टाइप-बी श्रेणी का दर्जा दिया जाए।प्रतापनगर एकता मंच ने स्पष्ट कहा कि यदि सरकार ने अब भी इस गंभीर समस्या की अनदेखी की, तो शुक्रवार को एक दिन का प्रतीकात्मक धरना देने के बाद बेमियादी आंदोलन छेड़ा जाएगा। मंच के सदस्यों ने कहा कि यह आंदोलन राजनीति से प्रेरित नहीं, बल्कि जनहित और स्वास्थ्य अधिकारों की रक्षा के लिए होगा।

उन्होंने सरकार से क्षेत्र के हजारों ग्रामीणों की पीड़ा को समझते हुए शीघ्र कदम उठाने की अपील की।

# डिजिटल इंडिया के दौर में सेमल्थ गांव अब भी नेटवर्क विहीन

शाह टाइम्स संवाददाता

**नई टिहरी।** एक ओर देश डिजिटल इंडिया की दिशा में तेजी से अग्रसर है, वहीं टिहरी जनपद का भिलंगना ब्लॉक स्थित सेमल्थ गांव आज भी संचार सुविधाओं से वंचित है। गांव के लोगों को मोबाइल नेटवर्क और इंटरनेट सेवा के अभाव में छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी चार किलोमीटर दूर तक पैदल चलना पड़ता है। मनरेगा जॉब कार्ड की केवाईसी, बैंकिंग सेवाएं, भुगतान प्रक्रिया और अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ लेने के लिए ग्रामीणों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

ग्राम प्रधान अमित गौड़ ने बताया कि सेमल्थ गांव में वर्षों से मोबाइल



नेटवर्क पूरी तरह ठप है। कई बार शासन, प्रशासन और जनप्रति. निधियों से गुहार लगाने के बावजूद समस्या जस की तस बनी हुई है। उन्होंने कहा कि आज जब शासन की लगभग सभी प्रक्रियाएं ऑनलाइन माध्यम से संचालित होती हैंकृजैसे मनरेगा हाजिरी, निर्माण कार्यों की मॉनिटरिंग, बैंकिंग ट्रांजैक्शन और सरकारी योजनाओं का पंजीकरणकृऐसे में नेटवर्क की अनुपलब्धता से ग्रामीण आधुनिक व्यवस्था से पूरी तरह कट चुके हैं।

**चार किलोमीटर चलकर करनी पड़ती है ऑनलाइन केवाईसी और बैंकिंग सेवाओं की प्रक्रिया**
**ग्रामीणों ने सरकार से लगाई गुहार, कहा-नेटवर्क सुविधा नहीं मिली तो करेंगे जन आंदोलन**

अमित गौड़ ने बताया कि किसी भी जरूरी कार्य के लिए ग्रामीणों को चार किलोमीटर तक दुर्गम पहाड़ी रास्तों से गुजरना पड़ता है, जहां कभी-कभार मोबाइल नेटवर्क मिल पाता है। उन्होंने कहा कि इन परिस्थितियों में न केवल ग्रामीणों का समय और श्रम व्यर्थ हो रहा है, बल्कि गांव का विकास कार्य भी प्रभावित हो रहा है। क्योंकि वर्तमान समय में हर सरकारी प्रक्रिया डिजिटल प्लेटफॉर्म पर आधारित है, और नेटवर्क के अभाव में कई परियोजनाएं अटकी हुई हैं।

भिलंगना ब्लॉक के एक अन्य ग्राम प्रधान कृष्ण गोविंद कंसवाल ने बताया कि समस्या केवल सेमल्थ गांव तक सीमित नहीं है। नैलचामी, भिलंग, कोटी फैगुल, बूढ़ा केदार, केमर और बासर पट्टी के मान्दरा, कर्णगांव, लस्यालगांव जैसे दर्जनों गांव ऐसे हैं, जहां मोबाइल नेटवर्क पूरी तरह ठप पड़ा है। उन्होंने कहा कि यह विडंबना है कि जब सरकार "डिजिटल क्रांति" की बात करती है, तब भी पहाड़ी गांव अब तक बुनियादी संचार सुविधाओं से वंचित हैं।

ग्रामीणों ने सरकार और संबंधित विभागों से मांग की है कि इन क्षेत्रों में जल्द से जल्द मोबाइल टावर स्थापित किए जाएं या वैकल्पिक नेटवर्क व्यवस्था की जाए, ताकि गांव भी डिजिटल विकास की मुख्यधारा से जुड़ सकें। स्थानीय लोगों ने चेतावनी दी है कि यदि समस्या का समाधान शीघ्र नहीं किया गया, तो वे सामूहिक रूप से जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

# प्रकृति संरक्षण हमारे संस्कारों में निहित : सीएम

**■ चिपको आंदोलन बना महिला शक्ति और पर्यावरण प्रेम का प्रतीक: सीएम, राज्य स्थापना की रजत जयंती पर रामनगर में आयोजित राज्य स्तरीय "जन वन महोत्सव" का मुख्यमंत्री ने किया शुभारंभ**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रामनगर/ नैनीताल ।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने उत्तराखंड राज्य स्थापना की रजत जयंती के शुभ अवसर पर रामनगर में राज्य स्तरीय जन वन महोत्सव का शुभारंभ किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि वन्य जीवों का संरक्षण देवभूमि की संस्कृति का अभिन्न अंग है और प्रकृति का संरक्षण हमारे संस्कारों में समाहित है। उन्होंने कहा कि हमारे पूर्वजों ने मानव और प्रकृति के सहअस्तित्व की जो विचारधारा दी, वह आज भी हमारी जीवनशैली का आधार है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह जन वन महोत्सव जनता और जंगलों के बीच अटूट रिश्ते का प्रतीक है। यह हमें सिखाता है कि विकास तभी सार्थक है जब पारिस्थितिकी और आर्थिकी के बीच सामंजस्य बना रहे। उन्होंने कहा कि नई पीढ़ी को पर्यावरण के प्रति जागरूक करना और उसे अपने जीवन का हिस्सा बनाना समय की मांग है। मुख्यमंत्री धामी ने वर्ष 1973 के चमोली जिले में हुए चिपको आंदोलन का उल्लेख करते हुए कहा कि उत्तराखंड की महिलाओं ने पेड़ों से लिपटकर जो संदेश दिया था, उसने विश्वभर में पर्यावरण संरक्षण की नई दिशा दी। यह आंदोलन महिला सशक्तिकरण, सत्याग्रह और पर्यावरण प्रेम का प्रतीक बन गया। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री द्वारा वन विभाग के विभिन्न प्रभागों, व महिला स्वयं सहायता समूह द्वारा लगाए गए स्टालों का भी निरीक्षण किया गया तथा एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधा भी रोपित किया।इस अवसर पर वन मंत्री सुबोध उनियाल ने कहा कि राज्य सरकार वन एवं वन्य जीव संरक्षण के साथ स्थानीय आजी. विका बढ़ाने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि वन विभाग के प्रयासों से प्रदेश में वन्य जीवों की संख्या में निरंतर वृद्धि हुई है। प्रमुख सचिव वन आर.के. सुधांशु ने वन संरक्षण, मानवदृवन्य जीव संघर्ष की रोकथाम और संरक्षण योजनाओं की जानकारी दी। कार्यक्रम में विधायक दीवान सिंह बिष्ट, अध्यक्ष अनुसूचित जाति आयोग मुकेश कुमार, प्रमुख वन संरक्षक डॉ. समीर सिन्हा, मुख्य वन संरक्षक (कुमाऊं) डॉ. तेजस्विनी पाटिल, नगर पालिका अध्यक्ष हाजी मोहम्मद अकरम, क्षेत्र प्रमुख मंजू नेगी, जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. मंजूनाथ टीसी सहित बड़ी संख्या में स्थानीय जनप्रतिनिधि, अधिकारी, विद्यार्थी और नागरिक उपस्थित रहे।

### मुख्यमंत्री ने की विकास संबंधी विभिन्न घोषणाएँ

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर क्षेत्र के विकास के लिए कई घोषणाएँ की जिसमें ग्राम लेती-चोपड़ा को नए राजस्व ग्राम के रूप में विकसित कर पानी, बिजली, शिक्षा, सड़क और स्वास्थ्य की मूलभूत सुविधाएँ उपलब्ध कराए जाने, ग्राम भलौन में सिंचाई और पेयजल ट्यूबवेल की स्थापना, तुमड़िया रोड को मालधन से जोड़े जाने तथा पर्यटन सत्र 2025-26 में महिला जिप्सी चालकों के विशेष प्रशिक्षण के बाद शेष पंजीकरण पूर्ण किए जाने की घोषणा की। मुख्यमंत्री ने नगर वन में लाइट एंड साउंड शो शीघ्र प्रारंभ किये जाने, रामनगर में सामुदायिक सोवेनियर शॉप का निर्माण कर स्थानीय उत्पादों को प्रोत्साहन दिये जाने की भी घोषणा की।

# उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती पर चकराता में सहकारिता विभाग ने लगाई चौपाल

**■ महिलाओं को दी गई योजनाओं की जानकारी**

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चकराता।** उत्तराखंड राज्य की रजत जयंती के अवसर पर गुरुवार को चकराता विकासखंड में सहका. रिता विभाग द्वारा ग्राम पंचायत स्तर पर वित्त साक्षरता चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल का उद्देश्य ग्रामीणों को सहकारिता विभाग की केंद्रीय एवं राज्य योजनाओं की जानकारी देना और उन्हें इन योजनाओं से जोड़ना था।

कार्यक्रम के तहत ग्राम सावरा, चकराता बाजार एवं आर्य समाज मंदिर में विशेष रूप से महिला चौपाल का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में स्थानीय महिलाएं एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। सहकारिता विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने ग्रामीणों को वित्तीय साक्षरता, सहकारी समितियों की भूमिका, बचत और निवेश के महत्व, तथा स्वावलंबन योजनाओं की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार द्वारा सहकारिता के माध्यम से ग्रामीणों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए कई योजनाएं संचालित की जा रही हैं।

इस अवसर पर कीर्ति नैथानी, धजवीर चौहान, आशीष कुमार, बलबीर, जयप्रकाश, अमित और कमल सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# अवैध खनन से कॉलोनियों की सड़कों को हो रहा भारी नुकसान

**विकासनगर।** क्षेत्र विकासनगर में अवैध खनन का अंधाधुंध कारोबार रुकने का नाम नहीं ले रहा। खनन के लिए लाई जा रही भारी-भरकम गाड़ियाँ मुख्य मार्गों के बजाय संकरी गल्लियों और कॉलोनियों के रास्तों से गुजर रही हैं, जिससे घरेलू क्षेत्र की सड़कों, नालियों और फुटपाथों को भारी नुकसान पहुँच रहा है।बताया कि गाड़ियों के बार-बार गुजरने से सड़कें धँसने लगी हैं ।कई बार शिकायतों के बावजूद नियमों के पालन और निगरानी में भारी कमी रही है; प्रशासनिक स्तर पर ठोस कदम न उठाए जाने के कारण इन कॉलोनियों में लोग नाराज हैं।

# राज्य स्थापना दिवस की रजत जयंती अवसर पर लगाए मेडिकल कैंप



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह के अवसर पर राज्य स्तरीय कौशल विकास एवं रोजगार महोत्सव 2025 में बहुउद्देश्यीय शिविर में चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन देहरादून द्वारा स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श शि. विर का आयोजन किया गया। शिविर में सामान्य स्वास्थ्य जांच, स्वास्थ्य परामर्श एवं नि:शुल्क औषधि वितरण सेवाओं का लाभ लाभार्थियों को दिया गया।

शिविर में मुख्य चिकित्स अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ वन्दना सेमवाल एवं डॉ कैलाश गुंज्याल, चिकित्सा अधीक्षक डॉ प्रताप रावत, मुख्य प्रशासनिक अधिकारी नवीन जोशी, प्रशासनिक अधिकारी कांति शर्मा, सिटी अर्बन हेल्थ ऑफिसर राकेश बिष्ट, ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक उमेश सीर्सवाल, जिला आशा समन्वयक दिनेश पांडे, अखिलेश डबराल, अर्चना उनियाल, मनीषा बिष्ट, सुमित नौटियाल, आशा सेमल्टी, भरत रावत, आशा, दीपा नारंग, यूपीएचसी माजरा की मेडिकल टीम सहित आशा कार्यकत्रियां तथा विभिन्न स्वास्थ्य कार्यक्रमों के जिला स्तरीय प्रबंधक उपस्थित रहे।

उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती समारोह के अवसर पर जिला चिकित्सालय देहरादून के डीईआईसी केन्द्र में मल्टी स्पेशियलिटी कैम्प का आयोजन किया गया। कैंप में 300 से अधिक बच्चों की नि:शुल्क स्वास्थ्य जांच करने के साथ-साथ आवश्यक उपचार उपलब्ध कराया गया। कैंप में उपस्थित बच्चों की बाल रोग संबंधी 26, नाक कान गला रोग संबंधी 74, नेत्र रोग संबंधी 98, तथा 42 अन्य रोगों से संबंधित जांच की गयी। कैंप में बच्चों को सूक्ष्म जलपान एवं गिफ्ट वितरति किये गये।

शिविर में प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ मनु जैन, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी एन.एच.एम. डॉ निधि रावत, मेड्रिना हास्पिटल से डॉ हर्षिता, डॉ प्रियंका गैरोला, डॉ शशि वासन, डॉ के आर सोन, डॉ अनु स्वरूप, डॉ निशा सिंगला, डॉ जे पी नौटियाल, डॉ हर्षवर्धन खुराना सहित आबीएसके टीम से नवीन, सविता नेगी, डॉ पूनम, नीमा, वन्दना, एनसीडी सेल से सुभांश भट्ट एवं प्रवीन खत्री, एवं गीता शर्मा, कल्पना उपस्थित रहे।

### विभाग का संकल्प, जनपद अंतिम व्यक्ति तक स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ : सीएमओ

शिविर में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ मनोज कुमार शर्मा ने कहा कि राज्य की रजत जयंती के अवसर पर स्वास्थ्य जांच शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। विभाग का संकल्प है कि जनपद के अंतर्गत अंतिम व्यक्ति तक नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ पहुंच सके। शिविरों में आने वाले लाभार्थियों को स्वास्थ्य जांच सहित परामर्श तथा नि:शुल्क औषधि सेवाएं उपलब्ध करायी गयी।

**एक नजर .......**

## पूर्वोत्तर हिमालय के भारतीय औषधीय पौधे' पुस्तक का विमोचन

देहरादून। डॉ. एस. फारूक ने हिमालया में उत्तराखण्ड रजत जयंती के अवसर पर मायाराम उन्नीयाल की और से लिखित पुस्तक का विमोचन किया।प्रसिद्ध वैद्य और विशिष्ठ आयुर्वेदिक विद्वान डॉ. माया राम उन्नीयाल ने अपनी नवीनतम पुस्तक 'पूर्वोत्तर हिमालय के भारतीय औषधीय पौधे' हिमालया वेलनेस कंपनी देहरादून के अध्यक्ष डॉ. एस. फारूक को प्रस्तुत की।यह पुस्तक उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों, विशेष रूप से वन क्षेत्रों में औषधीय पौधों के सर्वेक्षण पर आधारित है। इसमें औषधीय पौधों की विविधता, उनके पारंपरिक महत्व और विशेष तौर पर परंपरागत जड़ी-बूटियों पर प्रकाश डाला गया है।उत्तराखण्ड की रजत जयंती (25 वर्ष) के अवसर पर डॉ. एस. फारूक ने 90 वर्ष के सुपर सीनियर सिटिजन डॉ. मायाराम को हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि वे अब भी औषधीय पौधों के क्षेत्र में देश की सेवा कर रहे हैं। इस अवसर पर दीपक कुमार सेमवाल, रुचि बडोनी और अंकित कुमार उपस्थित थे, जिन्होंने इस कार्य में सहयोग किया। इसके अलावा एन. दत्त और राजेश धौंड़ीयाल भी उपस्थित रहे।

## किसान सेवा सहकारी समिति में लगी चौपाल




**हर्रावाला।** उत्तराखण्ड राज्य गठन की रजत जयंती समारोह के अवसर सहकारिता विभाग उत्तराखण्ड के तहत बहुउददेशीय किसान सेवा सहक. ारी समिति लि. मियांवाला देहरादून की और से हर्रावाला में चौपाल बैठक का आयोजन किया गया। चौपाल की अध्यक्षता गणेश बहादुर और संच. ालन पूर्व ग्राम प्रधान मूलचंद शीर्षवाल ने किया। इस मौके पर सहायक विकास अधिकारी विकासखण्ड डोईवाला व समिति सचिव किरण कुमार भट्ट ने सहकारिता विभाग की और से किये जा रहे कार्यों व संचा. लित योजनाओं की जानकारी दी। शाखा प्रबन्धक जिला सहकारी बैंक देहरादून शाखा मियांवाला के शाखा प्रबन्धक अजय कुमार ने वित्तिय साक्षरता पर जागरूक किया। इस अवसर पर इफको कर्मचारी अमित गुसाईं, समिति वरिष्ठ लेखाकार उषा कठैत, सहायक लेखाकार अनूप सिंह, पूरन सिंह, शिव कुमार तोमर, सहदेव, जयप्रकाश यादव, नन्द किशोर यादव, अमिता प्रजापति, भारत भूषण शर्मा आदि मौजूद रहे।

# रजत जयंती युवा महोत्सव का रंगारंग आगाज

**■ मुख्यमंत्री धामी और कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने किया उद्घाटन, सांस्कृतिक कलाकारों और बैंड ने जमाया रंग**



**मुख्य संवाददाता शाह टाइम्स**

**देहरादून।** राज्य स्थापना की रजत जयंती के अवसर पर परेड ग्राउंड देहरादून में गुरुवार को युवा महोत्सव का भव्य और रंगारंग आगाज हुआ। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी और युवा कल्याण एवं पीआरडी मंत्री रेखा आर्या ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर प्रदेश भर से आए युवाओं और सांस्कृतिक कलाकारों की सहभागिता ने पूरे परिसर को उत्साह और ऊर्जा से सराबोर कर दिया।

उद्घाटन के पहले मुख्यमंत्री और मंत्री रेखा आर्या ने प्रदर्शनी में लगे सभी स्टालों का निरीक्षण किया और विशेष रूप से तैयार किए गए ड्रोन कबड्डी एरिना का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि प्रदेश सरकार युवाओं को सशक्त बनाने के लिए विभिन्न योजनाएं संच. ालित कर रही है उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु और आर्थिक महाशक्ति बनाने में सबसे बड़ी भूमिका युवाओं की ही रहने वाली है। कैबिनेट मंत्री रेखा आर्या ने कहा कि प्रदेश की युवा शक्ति ही 2047 के विकसित भारत के सपने को साकार करने की सामर्थ्य रखती है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार युवाओं के स्किल डेवलपमेंट, रोजगारपरक शिक्षा, खेल और अन्य रचनात्मक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए सतत प्रयास कर रही है।इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री रेखा राना राज्य आंदोलनकारी और उत्तराखंड राज्य का गठन करने वाले पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी को नमन किया।उद्घाटन समारोह के दौरान प्रदेश के विभिन्न हिस्सों से आए कलाकारों ने लोक संस्कृति पर आधारित प्रस्तुतियों से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। खटीमा से आए बैंड ने श्रोताओं को झूमने पर मजबूर कर दिया। कार्यक्रम में राज्यसभा सांसद नरेश बंसल, विधायक खजान दास, अल्पसंख्यक आयोग उपाध्यक्ष फरजाना बेगम, विशेष प्रमुख खेल सचिव अमित सिन्हा, प्रताप सिंह, मीता सिंह सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# बीडीसी बैठक में समस्याओं का निस्तारण न होन से विधायक व ब्लाक प्रमुख नाराज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** क्षेत्र पंचायत विक. ासनगर की बीडीसी बैठक विकासखंड सभागार में प्रमुख नारायण ठाकुर की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में पेयजल समस्या, चौम्बर बंद न होने के कारण रोड में खुले गडढो, पेयजल लीकेज, एक कनैक्शन में डबल बिल, सभावाला में एक ही कमरे में अस्पताल संचालित होने, जीवनगढ़ में प्राथमिक विद्यालय में शौचालय की समस्या आदि शिकायतों को पंचायत सदस्यों ने प्रमुखता से उठाया।

बैठक में सिंचाई एवं नलकूप विभाग के द्वारा बताया गया कि वार्ड 5 व 7 में चौम्बर नही बनाया गया है। वहीं कृषि विभाग से संबंध में प्रधान कटापत्थर ने बताया कि धान की फसल खराब होने पर उसका बीमा नहीं किया गया। प्रधान कटापत्थर ने ग्राम पंचायत मेहूवाला खालसा, पष्टर जीवनगढ़ में विद्युत लाईन झूलने की समस्या को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने कहा कि शीघ्र ही इस समस्या का समाधान नहीं किया गया तो कोई बड़ा हादसा हो सकता है।विकासनगर विधायक मुन्ना सिंह चौहान व ब्लाक प्रमुख नारायण ठाकुर ने सभी समस्याओं का निस्तारण ना होने पर अपना रोष व्यक्त किया। बैठक में राजस्व एवं पुलिस विभाग के किसी अधिकारी एवं कर्मचारी के न आने पर निन्दा प्रस्ताव पारित किया गया।

# एएनटीएफ व विकासनगर पुलिस का नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार

**■ तीन लाख रूपये की चरस के साथ तीन नशे के सौदागर पकड़े**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**विकासनगर।** नशे के सौदागरों पर एंटी नार्कोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) टीम ने थाना विक. ासनगर पुलिस टीम के संयुक्त अभियान के साथ नशा तस्करों पर कड़ा प्रहार करते हुए लगभग 1. 505 किग्रा0 चरस सहित 3 नशा तस्करों को किया गिरफ्तार।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर' द्वारा ड्रग्स के खिलाफ कार्यवाही करने के लिये एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स (एएनटीएफ) को उत्तराखण्ड के समस्त जनपदों में कड़ी निगरानी रखते हुये कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। जिसके अनुपालन में उत्तराखण्ड एसटीएफ की एण्टी नारकोटिक्स टास्क फोर्स द्वारा थाना विकासनगर देहरादून पुलिस के साथ संयुक्त अभियान में गुरूवार की सुबह को थाना विक. ासनगर देहरादून क्षेत्र से 3 आरोपियों दिनेश पुत्र भोपालू निवासी ग्राम जिसऊ घराना तहसील कालसी, कुन्दन चौहान पुत्र अमर सिंह निवासी ग्राम सूर्यो तहसील कालसी व पंकज पुत्र सरदार सिंह निवासी ग्राम सूर्यो तहसील कालसी को 1. 505 किग्रा0 चरस कीमत लगभग 3 लाख रूपये परिवहन करते हुए मय वाहन के गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों द्वारा पूछने पर बताया गया कि वह यह चरस पहाड़ी क्षेत्र से सस्ते दामों में लाकर तथा विक. ासनगर क्षेत्र में ऊंचे दामों में बेचकर अधिक मुनाफा कमाते हैं।

'वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एसटीएफ नवनीत सिंह भुल्लर द्वारा जनता से अपील की है कि नशे से दूर रहे।' किसी भी प्रकार के लालच में न आकर नशा तस्करी न करें। नशा तस्करी करने वालों के खिलाफ कार्यवाही हेतु तत्काल निकटतम पुलिस स्टेशन या एसटीएफ व एएनटीएफ से संपर्क करें। कार्यवाही में एएनटीएफ/एसटीएफ टीम एसआई दीपक मैठाणी, एएसआई योगेंद्र चौहान, हेड कांस्टेबल मनमोहन, कांस्टेबल रामचंद्र सिंह व दीपक नेगी, विक. ासनगर पुलिस एसआई मयंक त्यागी व कांस्टेबल अमित शामिल रहे।

# रामलीलाओं से सजा है उत्तराखंड का इतिहास: थापर

**■ उत्तरकाशी की रामल. ीला माँ गंगा व राम जी के रिश्तों को जीवंत रखे हुए है**



**प्रमुख संवाददाता शाह टाइम्स**

**उत्तरकाशी।** उत्तरकाशी के बाड़ागड्डी मैदान में युवा आदर्श रामलीला समिति की और से रामलीला मंचन का आयोजन किया जा रहा है। केवट लीला दिवस में मुख्य अतिथि के तौर पर कांग्रेस प्रवक्ता व रामकृष्ण लीला समिति टिहरी 1952, देहरादून के अध्यक्ष अभिनव थापर ने प्रतिभाग किया।रामलीला के केवट लीला दिवस में केवट संवाद, राम केवट संवाद, सरयू नदी पर नाव के दर्शय को दर्शकों ने बहुत सराहना की।

अभिनव थापर ने कहा कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार राजा भगीरथ ने शिवजी की तपस्या के बाद ही भागीरथी नदी धरती पर गंगोत्री से अवतरित हई और माँ गंगा के आशीर्वाद के बाद ही उनके कुल में भगवान राम का जन्म हुआ, इसीलिए माँ गंगा की धरती उत्तरकाशी और रामजी का हजारों वर्षों से अभिन्न रिश्ता है। 1952 में टिहरी और उत्तरकाशी एक ही जिला हुआ करता था, और हम टिहरी-उत्तरकाशी की 1952 की पुरानी टिहरी की पौराणिक रामलीला को देहरादून में पुनर्जीवित करने के संकल्प में कार्यरत हैं, जिससे हमारी लोक संस्कृति को देश विदेशों तक बढ़ावा मिल सके।

युवा आदर्श रामलीला समिति उत्तरकाशी के अध्यक्ष महेंद्र नौटियाल, संयोजक देवेंद्र नाथ, संरक्षक विजेंद्र नौटियाल, सदस्य कमल सिंह रावत व पूर्व कांग्रेस शहर अध्यक्ष दिनेश गौड़ ने भाग लिया।

# रामपुर तिराहा पहुंच कांग्रेसियों ने दी शहीदों को श्रद्धांजलि



शाह टाइम्स प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखण्ड कांग्रेस की और से मुजफ्फरनगर के रामपुर तिराहा शहीद स्थल पर राज्य निर्माण में अपने प्राणों की आहूति देने वाले अमर शहीदों को नमन कर

श्रद्धांजलि दी गई। गुरुवार को उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने

मुजफ्फरनगर स्थित रामपुर तिराहा पहुंचकर उत्तराखंड राज्य आंदोलन के वीर शहीदों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। माहरा ने कहा कि रामपुर तिराहा हमारे राज्य के संघर्ष और बलिदान का प्रतीक है। उत्तराखंड के उन वीर सपूतों की शहादत को कभी भुलाया नहीं जा सकता। उनके सपनों का उत्तराखंड बनाना ही सच्ची श्रद्धांजलि होगी।

माहरा ने आंदोलन के दौरान उत्तराखंड के सैकड़ों आंदोलनकारियों की सहायता करने वाले पंडित महावीर शर्मा की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया और कहा कि पंडित जी जैसे महान लोगों की निस्वार्थ सेवा और त्याग ही हमारे राज्य निर्माण की असली ताकत रही हे।इस अवसर पर माहरा ने पंडितजी के पुत्र और पौत्र से भी भेंट की तथा उनके कार्यों और योगदान को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया। माहरा के साथ ब्रह्मस्वरूप ब्रह्मचारी, वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष धीरेंद्र प्रताप सिंह, प्रदेश महामंत्री वीरेंद्र पोखरियाल, सुलेमान अली, महेश जोशी, मोहन काला, कांग्रेस के कई विधायक, जिला व महानगर अध्यक्ष आदि भी उपस्थिति रहे।

# सस्ते गल्ले के विक्रेताओं ने किया धरना-प्रदर्शन

**■ प्रदेश कांग्रेस उपाध्यक्ष धस्माना ने दिया आंदोलन को समर्थन, आयुक्त ने आंशिक मानदेय भाड़ा जारी किया**

**वाजिब मांगें नहीं मानी तो मंत्री-मुख्यमंत्री आवास का होगा घेराव: धस्माना**



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देहरादून।** उत्तराखंड के कोने-कोने से देहरादून खाद्य आयुक्त कार्यालय पहुंचे सस्ते गल्ले के दुकानदारों ने गुरुवार को रिंग रोड स्थित आयुक्त कार्यालय पर अपनी छह सूत्री मांगों को लेकर जबरदस्त प्रदर्शन किया व तीन घंटे से अधिक आयुक्त कार्यालय का घेराव करके रखा। सूचना मिलने पर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष संगठन सूर्यकांत धस्माना भी धरने में पहुंचे और प्रदेश कांग्रेस की ओर से आंदोलनरत सस्ते गल्ले के दुकानदारों की मांगों को पूर्ण समर्थन दिया। धरना दे रहे प्रदेश भर से आए दुकानदारों को संबोधित करते हुए धस्माना ने कहा कि आज राज्य की सरकार प्रदेश के हर मेहनत कश का हक मारने में लगी है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के आम गरीब मेहनत कश व्यक्ति के बारे में सोचने का सरकार के पास समय नहीं है क्योंकि सरकार दो ही काम में अति व्यस्त है पहला पूरे राज्य की नदी नाले गाड़ गदने पहाड़ में खनन करने और घर-घर शराब और नशा पहुंचा कर पैसा कमाने में और इस व्यस्तता के कारण ना उनको चौखुटिया समेत राज्य के दूरस्थ इलाकों की स्वास्थ सेवाओं की जर्जर हालत दिखाई पड़ रही है ना राज्य में महिलाओं के खिलाफ लगातार हो रही हिंसा दिखाई दे रही है।

धस्माना ने कहा कि अगर प्रदेश के सस्ते गल्ले के दुकानदारों की मांगों पर सरकार और विभाग शीघ्र कार्यवाही नहीं करते तो जो भी आंदोलन संगठन तय करेगा नां समर्थन कांग्रेस पार्टी करेगी और आवश्यकता पड़ने पर खाद्य मंत्री व मुख्यमंत्री आवास का घेराव भी किया जाएगा।

दुकानदारों के मांग पत्र के बारे में धस्माना ने खाद्य आयुक्त रणवीर सिंह चौहान से फोन पर वार्ता की और उनकी मांगों को मानने के लिए कहा। धस्माना ने बताया कि रणवीर सिंह चौहान ने कहा कि उन्होंने दो दिन पूर्व ही पदभार ग्रहण किया है और आंशिक लाभांश व भाड़ा जारी कर दिया गया है व बकाया राशि एक माह के भीतर अवमुक्त कर दी जाएगी। चौहान ने कहा कि मानदेय पर विचार किया जाएगा।धरने का नेतृत्व प्रदेश अध्यक्ष राशन विक्रेता फेडरेशन रेवाधर ब्रजवासी, नरेंद्र शर्मा, दिनेश कश्यप, अमीचंद सोनकर, संजय शर्मा, हरीश पंत, रघुवीर सिंह, सुनील शर्मा व दिनेश चौहान ने किया।

# फ्यूजनफ्रैट गायन वादन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन 8 व 9 नवम्बर को

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** स्पोर्टस एंड कल्चरल फेडरेशन के तत्वावधान में म्यूजिककार्ट द्वारा बहादराबाद में राष्ट्रीय स्तर की फ्यूजनफ्रैट गायन वादन एवं नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। स्पोर्टस एंड कल्चरल फेडरेशन के अध्यक्ष ललित जिंदल ने प्रैस क्लब में आयोजित पत्रकारवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि मां सरस्वती पब्लिक स्कूल में आयोजित की जा रही प्रतियोगिता का सेमीफाइनल 8 नवम्बर और फाइनल 9 नवम्बर को होगा। प्रतियोगिता में 86 कलाकार गायन, वादन और नृत्य की विभिन्न श्रेणीयों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। जिनमें एकल तथा समूह प्रस्तुतियां शामिल हैं। प्रतियोगिता का संचालन अनुभवी संगीत गुरूओं, नृत्य शिक्षकों और कला विशेषज्ञों द्वारा किया जाएगा। निर्णायक मंडल में भी उच्च कोटि के संगीत शिक्षकों को शामिल किया गया है। ललित जिंदल ने बताया कि हरिद्वार में



पहली बार आयोजित की जा रही राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए माध्यम से स्थानीय प्रतिभाओं को देश भर के कलाकारों से जुड़ने और सीखने का अवसर मिलेगा। जिंदल ने बताया कि प्रतियोगिता के समापन पर सभी विजयी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र, स्मृति चिन्ह और उपहार प्रदान किए जाएंगे। साथ ही प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले सभी प्रतिभागियों को भी प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मानित किया जाएगा। प्रैसवार्ता में फेडरेशन के अध्यक्ष ललित जिंदल म्यूजिककार्ट के निर्देशक निपुल जिंदल, वरिष्ठ समाजसेवी शिवप्रकाश अग्रवाल, युयश अग्रवाल, साहित्यकार अरूण पाठक, प्रशान्त मेहता आदि मौजूद रहे

# भेल की हीप यूनिट ने ताइवान में जीता गोल्ड अवार्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बी.ए.च.ई.एल हरिद्वार की हीप इकाई ने ताइवान के ताइपे शहर में 3 नवम्बर से 06 नवम्बर तक आयोजित हुए इंटरनेशनल क्वालिटी सर्किल सम्मेलन में गोल्ड अवार्ड प्राप्त किया है। इस अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में 14 से अधिक देशों की टीमों ने भाग लिया। हीप इकाई का प्रतिनिधित्व करते हुए विद्युत मशीन्स ब्लॉक-1 के गुणत्ता चक्र 771 ने सम्मेलन में प्रतिभाग किया तथा उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए यह सफलता प्राप्त की। बी.एच.ई.एल के महाप्रबंधक एवं प्रमुख रंजन कुमार ने इस महत्वपूर्ण उपलब्धि पर टीम के सदस्यों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि हमारे समर्पित कर्मचारियों ने हमेशा ही अपने उत्कृष्ट कार्यों से संस्थान का गौरव बढ़ाया है। उल्लेखनीय है कि यह पुरस्कार अपने कार्य क्षेत्र में नई सोच, काम को सरल बनाने, गुणवत्ता बढ़ाने व नए टूल्स एवं तकनीकों का विकास करने के लिए दिया जाता है। इस सम्मेलन



में टीम ने 145 मेगावाट तक की लिफ्ट इरिगेशन मोटर्स के लिए स्प्रिंग प्लेट की मशीनिंग की गुणवत्ता बढ़ाने और समय सीमा को कम करने पर केंद्रित एक नये टूलिंग फिक्सचर को डिजाइन और कार्यान्वित से संबंधित सुधार परियोजना प्रस्तुत की। इस परियोजना से न केवल वित्तीय बचत बल्कि उत्पाद की गुणवत्ता में सुधार और समय पर डिलीवरी भी सुनिश्चित होगी। इकाई समन्वयक राजेश कुमार, फैसिलिटेटर गौरव औझा, टीम लीडर तथा सदस्य बिरेंद्र सिंह, प्रभात कुमार, सोम दत्त, योगेश कुमार व रेशु चौहान ने अपनी लगन व मेहनत से बीएचईएल का नाम रोशन किया है। इस सफलता में महाप्रबंधाक (ई.एम) नरेंद्र सिंह राणा, महाप्रबंधाक (क्यू एवं बीईएक्स) प्रशांतो मांजी तथा उप महाप्रबंधाक (बी.ई.एक्स) प्रदीप्ता पुरकायस्था, यूनिट कॉर्डिनेटर पंकज कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा, जिन्होंने टीम को बहुमूल्य मार्गदर्शन प्रदान किया।

## बैरियर नंबर 6 से ब्रह्मपुरी मार्ग की ओर ठेलों पर शराब का सेवन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** बैरियर नंबर 6 से ब्रह्मपुरी मार्ग की ओर अंडे व चाउमीन के ठेलो पर ग्राहकों को शराब का सेवन करवा रहे ठेले वालों को ना कानून का भय ना प्रशासन का मुख्य मार्ग के किनारे लगे ठेलो पर ग्राहक अंडे व चाउमीन खाने के लिए लेते हैं वही शराब का पेग बनाकर शराब पीते हैं यह सिलसिला काफी वर्षो से चल रहा है इसके अतिरिक्त मुख्य मार्ग पर अंधोरा होने के कारण अवैधा गतिविधियां जैसे कि नशीले पदार्थ का कारोबार चल रहा है इस मार्ग से हजारों महिलाएं कंपनी से नौकरी कर गुजरती हैं स्थानीय लोगों ने कई बार प्रशासन को अवैधा गतिविधियों की सूचना भी दी लेकिन कोई ठोस कारवाई ना होने के कारण ठेले वालों के हौसले बुलंद है कई बार तो कुछ युवक शराब पीकर शांति भंग भी करते है जिस कारण स्थानीय जनता डर के माहौल में जीवन व्यापन कर रही है।

# हंस महाराज की 125वीं जयंती पर विशाल जनकल्याण समारोह 8 से

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार। विश्व की महान आध्यात्मिक विभूति योगीराज श्री हंस महाराज की 125वीं पावन जयंती के उपलक्ष्य में हंस ज्योति द्वारा हरिद्वार के ऋषिकुल विद्यापीठ मैदान में 8 एवं 9 नवम्बर को दो दिवसीय विशाल जनकल्याण समारोह का आयोजन किया जायेगा। कार्यक्रम प्रतिदिन सायं 6 बजे से 9 बजे तक चलेगा। हंस ज्योति-ए यूनिट आफ हंस कल्चरल सेंटर के मीडिया प्रभारी बी.के.त्यागी ने बताया कि जनकल्याण समारोह में परमपूज्य श्री भोले जी महाराज एवं करुणामयी माताश्री मंगला अध्यात्म ज्ञान के द्वारा लोगों के अंदर राष्ट्र प्रेम, विश्व शांति, मानवीय एकता, सामाजिक सद्भाव, परोपकार, मानव सेवा तथा जनकल्याण की भावना का संचार करेंगे। इसके साथ ही बच्चों को अध्यात्म से जोड़कर उन्हें संस्कारवान एवं चरित्रवान बनाने पर जोर दिया जायेगा। बी.के.त्यागी ने बताया कि जनकल्याण समारोह में योगीराज श्री हंस जी महाराज के व्यक्तित्व और कृतित्व पर प्रकाश डाला जायेगा। देश के विभिन्न तीर्थो से आये कई संत-महात्मा और भजन गायक आत्मकल्याणकारी सत्संग और भजनों की प्रस्तुति कर श्रद्धालु-भक्तों को लाभान्वित करेंगे। उन्होंने बताया कि समारोह में देश-विदेश से कई हजार लोग शामिल होंगे।

# पानी लीकेज एवं क्षतिग्रस्त सड़क के कारण ग्रामीण परेशान

**दिलशाद / शाह टाइम्स**

**हरिद्वार।** पथरी क्षेत्र की ग्राम पंचायत धानपुरा में जल संस्थान द्वारा सड़क खोदकर डाली गई पाइप लाइन की लीकेज एव क्षतिग्रस्त सड़को से ग्रामीणों को भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। क्षतिग्रस्त सड़क व लीकेज की शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य ने जिलाधिकारी को दी जिलाधिकारी ने जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। ग्राम पंचायत धानपुरा में जल जीवन मिशन के अंतर्गत हर घर नल हर घर जल द्वारा किया निर्माण गांव में सड़के तोड़कर पाईप लाईन डालने का कार्य पूर्ण होने के बाद भी लीकेज एव टूटी सड़को की मरम्मत का कार्य पूरा नही हुआ है। जिसकी शिकायत क्षेत्र पंचायत सदस्य मुस्तफा अंसारी ने जिलाधि



ाकारी के जनता दरबार मे दी। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को आदेशित करते हुए जल्द समस्या का समाधान करने का आश्वासन दिया है। हर घर नल हर घर जल मिशन के अंतर्गत जो निर्माण कार्य होना था वह अभी तक अधूरा पड़ा हुआ है जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा हैं लीकेज होने से बड़े-बड़े गड्ढे हो रहे हैं जिसमें बच्चे गिरकर चोटिल हो रहे हैं ग्रामीणों में आक्रोश है। जल संस्थान के जेई ने बताया लीकेज एव सड़को की मरम्मत का कार्य जल्द ही पूरा किया जायेगा

# तंत्र मंत्र, योग, साधना से जीवन को मिलती है सार्थक दिशा : रविंदर पुरी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** उत्तरी हरिद्वार स्थित मिश्री मठ में चल रहे पंचदिवसीय पूर्णिमा एवं देवभूमि रजत महोत्सव के तीसरे दिन भव्य संत समागम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी , परमाध्यक्ष करौली शंकर महादेव, महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद, स्वामी चक्रपाणि, श्रीमहंत देवानंद सरस्वती और श्रीमहंत दुर्गादास महाराज ने दीप प्रज्वलित कर किया। श्रीमहंत रविन्द्र पुरी ने कहा कि तंत्र, मंत्र, योग व ध्यान साधाना से जीवन को नई दिशा मिलती है। इनसे रोग, शोक और पितृ दोष समाप्त होकर नई ऊर्जा का संचार होता है। उन्होंने कहा कि करौली शंकर महादेव उच्च कोटि के साधाक हैं और रोग, शोक मुक्त भारत के संकल्प को साकार कर रहे हैं।



स्वामी चक्रपाणि महाराज ने कहा कि करौली शंकर महादेव सनातन संस्कृति के संरक्षण में अग्रणी भूमिका निभा रहे हैं। बाबा बलराम दास हठयोगी ने कहा कि उनका नशा व रोगमुक्त भारत अभियान सराहनीय है। करौली शंकर महादेव ने कहा कि राष्ट्र को सशक्त बनाने के लिए नशा मुक्त भारत आवश्यक है। कार्यक्रम में अनेक संतों व गणमान्यजनों की उपस्थिति रही। संस्था के डॉ. उमेश सचान, अनिरूद्ध शर्मा, सतपाल सिंह आदि ने संतों का स्वागत किया

# विधनसभा में चर्चा के दौरान उठे पहाड़ मैदान के मुद्दे को गरमाने की तैयारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** विधाायक रवि बहादुर ने किया मुद्दे को जनता के बीच ले जाने का ऐलान विधाानसभा में चर्चा के दौरान उठा पहाड़ मैदान का सवाल अब बड़ा राजनीतिक मुद्दा बनने जा रहा है। बृहष्पतिवार को ज्वालापुर विधायक रवि बहादुर ने प्रैस क्लब में पत्रकारवार्ता के दौरान इस मुद्दे को जनता के बीच ले जाने का ऐलान किया। पत्रकारों से वार्ता करते हुए विधाायक ने कहा कि सदन नियमों से चलता है। एजेंडे के अनुसार सदन में राज्य की रजत जयंती पर चर्चा की जानी थी। लेकिन भाजपा विधाायकों ने पहाड़ मैदान का विवाद खड़ा कर दिया। जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। रवि बहादुर ने कहा कि इस मुद्दे को जनता को बीच ले जाया जाएगा और हरिद्वार के सम्मान की लड़ाई सदन से सड़क तक लड़ी जाएगी। हरिद्वार प्रदेश को सबसे अधिक राजस्व देने वाला जिला है। इसके बावजूद हरिद्वार के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है। हरिद्वार में मूल निवास के बजाए स्थाई निवास दिया जा रहा है। पर्वतीय क्षेत्र में कृषि सब्सिडी अधिाक तथा मैदानी जिलों में कम है। बिजली दरों में भी अंतर है। भू कानून से मैदानी जिलों को अलग रखा गया। लोगों के विरोध के बाद भी हरिद्वार में शहरों और गांवों में स्मार्ट बिजली मीटर लगाए जा रहे हैं। रवि बहादुर ने कहा कि बात किसी दल विशेष की नहीं। बल्कि हरिद्वार के सम्मान की है। सदन में जो कुछ हुआ। इससे भाजपा के लोग भी आहत हैं। भाजपा के कई नेताओं ने उन्हें फोन कर अपनी नाराजगी व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि हरिद्वार के सभी 11 विधाायकों को इस मुद्दे को उठाना होगा। वे भाजपा के विधाायकों से भी इस संबंधा में बात करेंगे और एक प्रदेश एक नियम को मुद्दा बनाकर लोगों के बीच जाएंगे। पत्रकारवार्ता के दौरान वरिष्ठ कांग्रेस नेता अशोक शर्मा



# संत समाज ने दी ब्रह्मलीन महंत महेश मुनि को श्रद्धांजलि

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** चेतनदेव कुटिया के ब्रह्मलीन कोठारी महंत महेश मुनि की षोड़शी पर संत समाज ने उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित की। श्रद्धांजलि समारोह को संबोधित करते हुए चेतन देव कुटिया के परमाध्यक्ष महंत मोहनदास ने कहा कि ब्रह्मलीन कोठारी महंत महेश मुनि का पूरा जीवन मानव कल्याण और संत महापुरूषों की सेवा के लिए समर्पित रहा। उनके अचानक चले जाने से संत समाज को अपूर्णीय क्षति हुई है। सभी को उनके दिखाए मार्ग पर चलते मानव कल्याण का संकल्प लेना चाहिए।श्री पंचायती अखाड़ा महानिर्वाणी के सचिव एवं अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविंद्रपुरी ने कहा कि ब्रहमलीन महंत महेश मुनि महाराज संत समाज की दिव्य विभूति थे। सनातन धार्म संस्कृति के प्रचार प्रसार में उनका योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि संतों का जीवन निर्मल जल के समान होता है। समाज को आध्यात्मिक मार्गदर्शन प्रदान करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महंत महेश मुनि भले ही शारीरिक रूप से संसार में मौजूद नहीं हैं। लेकिन उनके विचार और शिक्षाएं सदैव समाज का पथ प्रदर्शन करती रहेंगी। इस अवसर पर बाबा हठयोगी, महंत जगदीश दास, महंत राघवेंद्र दास, महंत विष्णुदास, महंत कमलदास, महंत सुरेश मुनि, स्वामी कपिल मुनि, महंत दुर्गादास, महंत अवधोश्वरदास, महंत गोविंददास, स्वामी रविदेव शास्त्री, महंत जसविन्दर सिंह, महंत जयेंद्र मुनि, महंत गंगादास सहित बड़ी संख्या में संत महापुरूष और श्रद्धालु मौजूद रहे

## आदतन अपराधियों के विरुद्ध की कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** कप्तान द्वारा गोकशी, नशीले पदार्थ, लूट, चोरी, नकबजनी, एवं लडाई-झगडा एवं बलवा कर शांति व्यवस्था भंग करने वाले आदतन अपराधियों पर कार्रवाई किए जाने हेतु निर्देशित किया गया है निर्देशानुसार बहादराबाद पुलिस द्वारा कार्रवाई करते हुए लडाई-झगडा एवं बलवा कर शांति व्यवस्था भंग कर रहे आदतन अपराधियों पर कार्रवाई करते हुए तीन अभियुक्त साजिद पुत्र सादिक निवासी बढडी राजपूतान,रिजवान पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम हल्वाहेडी और इरफान पुत्र मुस्ताक निवासी ग्राम हल्वाहेडी थाना बहादराबाद हरिद्वार के विरूद्ध गुण्डा एक्ट की कार्रवाई की गई है।

# हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा की बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** भारतीय जनता पार्टी हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा की एक बैठक का आयोजन इंद्रप्रस्थ बैंकट हॉल कटारपुर में किया गया। जिसमें 9नवंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के देहरादून आगमन पर आयोजित रैली के बारे में कार्यकर्ताओं ने विचार विमर्श किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व कैबिनेट मंत्री और भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष स्वामी यतीश्वरानंद ने की और कार्यक्रम का संचालन जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र सिंह चौहान ने किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा रहे। कैबिनेट मंत्री स्वामी यतीश्वरानंद ने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उत्तराखंड स्थापना दिवस पर रजत जयंती समारोह में सैन्य धाम का उद्घाटन करने के लिए देहरादून पहुंच रहे हैं। उन्हें सुनने के लिए हजारों हजार लोग तैयार हैं। जिन्हें कार्यकर्ताओं द्वारा सभा स्थल तक ले जाना है। जिससे कि वह प्रधानमंत्री जी के



विचारों को सुन सके उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचने का आहवान किया। इस अवसर पर जिला भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष शर्मा ने कहा कि हरिद्वार ग्रामीण विधानसभा के कार्यकर्ता कर्मठ और जुझारू है उन्हें जो काम पार्टी द्वारा दिया जाता है। वह उसे समय पर पूरा करते हैं। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की सरकार द्वारा किसानों, गरीबों , मजदूरों, पिछड़ों अगड़ों, वंचित वर्ग के लोगों के लिए योजना बनाई जा रही है। जिनका लाभ प्रत्येक व्यक्ति को मिल रहा है। हमारे मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने ठोस निर्णय लेकर साबित कर दिया है कि वह धाकड़ मुख्यमंत्री हैं। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से योजना रचना बनाकर 9 नवंबर को देहरादून चलने का आहवान किया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष विवेक चौहान, राकेश सैनी, सुशील पवार, विक्रम चौहान, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अमित चौहान , जिला पंचायत सदस्य सोनवीर पाल, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि बालम सिंह नेगी, जिला महामंत्री संजीव चौधरी, रेशु चौहान ,नकली राम सैनी, तरुण नायर ,प्रभारी राजीव भट्ट, बलवंत पवार, सीमा चौहान, चदकिरण सिंह, कुंवर पाल, प्रदीप प्रधान , हरेदर प्रधान, सरवन कुमार, विनीत प्रताप सिंह,सरवन चौहान, रामपाल प्रधान, नरेश भगत, सचिन चौहान ,वरुण चौहान, जितेंद्र सैनी, सरिता अमोली, चंचल सरदार सहित अनेकों कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# पेंशनर जागरूकता कार्यक्रम एवं चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर आयोजित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अजय कुमार ने बताया कि निदेशालय कोषागार, पेंशन एवं हकदारी, उत्तराखण्ड, देहरादून के आदेशानुसार उत्तराखण्ड राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में नौ नवम्बर तक मनाये जाने वाले रजत जयंती सप्ताह के अन्तर्गत दिनांक 6 नवम्बर, 2025 को उपकोषागार, हरिद्वार में पेंशनर्स के लिये जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। उक्त पेंशनर जागरूकता कार्यक्रम के अन्तर्गत आयोजित चिकित्सा स्वास्थ्य शिविर में जनपद के लगभग 30 राजकीय पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनरों को चिकित्सा सेवाओं का लाभ प्रदान किया गया। इसके अतिरिक्त जागरूकता कार्यक्रम में उपस्थित पेंशनर्स/पारिवारिक पेंशनर्स को जीवन प्रमाण-पत्र स्मार्टफोन एवं अन्य माध्यमों से ऑनलाईन जमा किये जाने की प्रक्रिया एवं राज्य सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत प्रदान की जाने वाली सुविधााओं के बारे में भी विस्तृत जानकारी प्रदान की गयी। इस अवसर पर पेंशनर्स हेतु ऑनलाईन जीवन प्रमाण-पत्र जमा करने की जानकारी प्रदान करने हेतु कोषागार विभाग के अजय कुमार वरिष्ठ कोषाधिकारी, ललित मोहन पाण्डेय कोषाधिकारी, विनय कुमार त्यागी उप कोषाधिकारी, राहुल अग्रवाल एवं रजनीश गुप्ता सहायक कोषाधिकारी तथा चिकित्सकीय सेवाओं हेतु, चिकित्सा विभाग से डॉ० अंकुर सिंह, डॉ० आशीष कुमार, उज्ज्वल भारद्वाज एवं वासीराना फार्मासिस्ट, राशिद अहमद एवं शिवेन्द्र कुमार वर्मा लैब टैक्निशियन, उपस्थित रहे, साथ ही गर्वमेंट पेंशनर्स वेल्फेयर एसोसिऐशन, हरिद्वार के पदाधिकारियों में जे०पी० चाहर महामंत्री, वी०के० गुप्ता संरक्षक एवं वी०पी० सैनी उपाध्यक्ष इत्यादि उपस्थित रहे।

# इनाम बंटवारे के विवाद में मित्र की हत्या, अपराधी अब न्यायिक हिरासत में

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** 14 अक्टूबर को नारद निवासी शाहजहाँपुर उत्तरप्रदेश ने कोतवाली नगर हरिद्वार में शिकायती प्रार्थना पत्र देकर बताया कि उसके भाई रामनिवास जो कि पेशे से मिस्त्री थे। दिनाँक 14 अक्टूबर को निर्माणाधीन मकान के अन्दर मृत्यु हो गयी हैं व उन्हे शक है कि भाई की हत्या कि गयी है। शिकायत पर कोतवाली हरिद्वार में मुकदमा धाारा 103(1) बी.एन.एस अज्ञात के विरुद्ध पँजीकृत किया गया। प्रकरण के खुलासे के लिए गठित पुलिस टीम ने सुरागरसी पतारसी करते हुए मृतक के साथ काम कर रहे सतेन्द्र नामक व्यक्ति को दिनांक 5 नवंबर को बन्धा रोड हरिद्वार से हिरासत में लिया। पूछताछ पर संदिग्धा ने बताया कि वह और मृतक निर्माणाधीन मकान में मिस्त्री



का काम कर रहे थे। काम के दौरान दोनों के बीच जान पहचान हुई साथ में छुट्टी के बाद रोज रायवाला जाकर शराब पीने का सिलसिला शुरु हुआ। दिनांक 14 अक्टूबर को ठेकेदार द्वारा ईनाम के रुप में 500रुपये मिलने पर मृतक के हिस्से में 300 रुपये तथा संदिग्धा के हिस्से में 200 रुपये आए। रायवाला से दारु पीकर दोनों जब वापस निर्माणधीन मकान पर लौटे तो ईनाम के रुपयों के बँटवारे को लेकर दोनों में बहस इतनी बढ़ गयी कि दोनों आपस में गाली गलौच व मारपीट पर उतारू हो गए। मारपीट के दौरान आरोपी सतेन्द्र पुत्र सोहनवीर निवासी ग्राम खटकी थाना परिक्षितगढ जिला मेरठ उत्तरप्रदेश ने मृतक की हत्या कर दी। पूछताछ एवं प्राप्त साक्ष्यों के आधाार पर हत्यारोपी को माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया न्यायालय द्वारा पुलिस रिमांड स्वीकृत के पश्चात आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। पुलिस टीम की ओर से कोतवाली हरिद्वार प्रभारी रितेश शाह ने अपनी टीम के साथ रणनीति बनाकर आरोपी को पकड़ा।

## राज्य आंदोलनकारियों का हुआ सम्मान

# करौली शंकर महादेव बोले-देवभूमि के शहीदों का सम्मान हमारा कर्तव्य

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हरिद्वार।** हरिद्वार। मिश्री मठ, रायवाला में चल रहे पंचदिवसीय पूर्णिमा एवं देवभूमि रजत उत्सव के तीसरे दिन भक्तों व साधाकों का भारी सैलाब उमड़ा। संत समागम के अवसर पर पूज्य संतों की उपस्थिति में करौली शंकर महादेव ने हरिद्वार, ऋषिकेश, रायवाला, हरिपुर व देहरादून क्षेत्र के राज्य आंदोलनकारियों को अंग वस्त्र व उपहार देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर करौली शंकर महादेव ने कहा कि उत्तराखंड देवभूमि है, जिसके निर्माण में सैकड़ों आंदोलनकारियों ने बलिदान दिया। राज्य स्थापना की 25वीं वर्षगांठ (रजत जयंती) पर हम सबका यह कर्तव्य है कि उन शहीदों और संघर्षशील आंदोलनकारियों के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करें। महामंडलेश्वर स्वामी हरिचेतनानंद ने कहा कि राज्य निर्माण में मातृशक्ति की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही। वहीं अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद अध्यक्ष श्रीमहंत रविन्द्र पुरी ने कहा कि करौली शंकर महादेव ने हरिद्वार में आंदोलनकारियों को सम्मानित कर पूरे राज्य को प्रेरणा दी है। कार्यक्रम में उपस्थित संतों ने आंदोलनकारियों को शॉल, माला व उपहार भेंट कर आशीर्वाद दिया। हरिद्वार, ऋषिकेश, रायवाला, हरिपुर सहित विभिन्न क्षेत्रों से आए सैकड़ों आंदोलनकारियों को सम्मानित किया गया।

हरिद्वार में समाचार व विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें :
**शाह टाइम्स हरिद्वार**
**डी. एस. वर्मा प्रभारी हरिद्वार/ब्यूरो चीफ**
मो.: 9411100741

# जल्द मिल सकते है कांग्रेस को नए जिला अध्यक्ष

**उत्तराखंड कांग्रेस के दिग्गजों ने दिल्ली में किया मंथन 2027 की तैयारी तेज संगठनात्मक फेरबदल की चर्चा**



**नई दिल्ली/देहरादून।** उत्तराखंड कांग्रेस में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को लेकर गहमागहमी और रणनीतिक मंथन का दौर तेज हो गया है। इसी सिलसिले में गुरुवार को नई दिल्ली स्थित अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के मुख्यालय इंदिरा भवन में प्रदेश कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं की एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई।

बैठक में पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत, नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य, पूर्व प्रदेश अध्यक्ष प्रीतम सिंह, वर्तमान प्रदेश अध्यक्ष करण माहारा, कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव के.सी. वेणुगोपाल, उत्तराखंड कांग्रेस प्रभारी कुमारी शैलजा, सह प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा सहित अन्य वरिष्ठ नेता मौजूद रहे। इस अवसर पर प्रदेश मीडिया चेयरमैन राजीव महर्षि और प्रदेश महासचिव अजय सिंह भी उपस्थित रहे।

सूत्रों के अनुसार, बैठक में पार्टी संगठन के पुनर्गठन, जिला अध्यक्षों की नियुक्ति तथा प्रदेश अध्यक्ष पद को लेकर संभावित बदलाव पर भी गहन विचार-विमर्श हुआ। नेता प्रतिपक्ष यशपाल आर्य ने बैठक के बाद मीडिया से बातचीत में कहा कि उत्तराखंड कांग्रेस जनता के मुद्दों पर मजबूती से खड़ी है। भाजपा सरकार ने प्रदेश की जनता को केवल वादे और जुमले दिए हैं, जबकि कांग्रेस जनता की आवाज को सड़क से सदन तक पहुंचाने का कार्य कर रही है। पार्टी सूत्रों का कहना है कि संगठन में नई ऊर्जा और जोश भरने के लिए नेतृत्व परिवर्तन की संभावनाओं पर भी चर्चा हुई है। युवा कार्यकर्ताओं को अधिक जिम्मेदारी देने और बूथ स्तर पर कांग्रेस को मजबूत करने की रणनीति पर जोर दिया गया है।

पूर्व मुख्यमंत्री हरीश रावत ने भी बैठक में कहा कि प्रदेश कांग्रेस को जमीनी स्तर से सशक्त बनाना ही 2027 में सफलता की कुंजी है। जनता आज परिवर्तन चाहती है और कांग्रेस के पास बेहतर विकल्प है। बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रदेशभर में जल्द ही कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन और जनसंवाद कार्यक्रमों की श्रृंखला शुरू की जाएगी, ताकि जनता के मुद्दों को सीधे सुना जा सके और संगठन की पकड़ मजबूत की जा सके।

## राजनीतिक समीकरणों में हलचल

बैठक के बाद उत्तराखंड कांग्रेस में संगठनात्मक फेरबदल को लेकर अटकलों का बाजार गर्म है। कई वरिष्ठ नेताओं का मानना है कि नए नेतृत्व के तहत पार्टी को पुनर्जीवित करने की आवश्यकता है। वहीं, करण माहारा के नेतृत्व में अब तक के प्रदर्शन पर भी समीक्षा की गई है। कुल मिलाकर, दिल्ली में हुई यह बैठक उत्तराखंड कांग्रेस के लिए एक निर्णायक कदम साबित हो सकती है। 2027 की तैयारी के साथ-साथ संगठन में नई ऊर्जा, नई रणनीति और नए चेहरे देखने को मिल सकते हैं।

## व्यक्ति व किशोरी लापता

**काशीपुर।** मानसिक रूप से कमजोर एक अधेड़ व्यक्ति संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गया। उधर एक किशोरी भी संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गई है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर दोनों मामलों में गुमशुदगी दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। बद्रीबिहार कालोनी, शिवलालपुर डल्लू, कुंडेश्वरी निवासी सुनील डॉडियाल ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसके 52 वर्षीय पिता सुरेशानन्द ढोडियाल मानसिक रूप से अस्वस्थ हैं। 15 अक्टूबर की सुबह 9 बजे वह घर पर किसी को बताये बिना कहीं चले गये जो वापस नहीं लौटे। हरसंभव जगह तलाश करने पर भी उनका कुछ पता नहीं चला। प्रतापपुर चौकी क्षेत्र निवासी एक महिला ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 01 नवंबर की सुबह करीब 10 बजे उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर पर बिना बताये कहीं चली गई जो वापस नहीं लौटी। उसकी हरसंभव जगह तलाश की गई लेकिन कुछ पता नहीं चला। पुलिस ने तहरीर के आधार पर अधेड़ व किशोरी की गुमशुदगी दर्ज कर दोनों की तलाश शुरू कर दी है।

## एक नजर

### विवि में रजत जयंती पर कृषि सम्मेलन आज

**पंतनगर।** उत्तराखण्ड राज्य के गौरवशाली 25 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में कल (आज) 7 नवम्बर को गोविन्द बल्लभ कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, पंतनगर में एक विशाल कृषक सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी होंगे। साथ ही, कृषि मंत्री गणेश जोशी, सांसद, विधायक और हजारों प्रगतिशील किसान भी शामिल होंगे। सम्मेलन में 25 से 30 हजार किसानों के भाग लेने की संभावना है।

### डीएम ने वेयर हाउस का निरीक्षण किया

**बागेश्वर।** जिलाधिकारी आकांक्षा कोंडे ने गुरुवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनें डबल लॉक में सुरक्षित पाई गईं। जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में अग्निशमन यंत्रों एवं सीसीटीवी कैमरों की स्थिति की जानकारी ली तथा सहायक निर्वाचन अधिकारी को सीसीटीवी फुटेज कोषागार में सुरक्षित रूप से संरक्षित करने के निर्देश दिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को चेतावनी दी कि वेयरहाउस की सुरक्षा में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा प्रतिनिधि मदन राम आगरी, कांग्रेस प्रतिनिधि ईश्वर पांडे, तहसीलदार दलीप सिंह, सहायक निर्वाचन अधिकारी नरेंद्र देवली सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

### डीएलएड की छात्रा ने कीटनाशक सेवन किया

**बागेश्वर।** डीएलएड की छात्रा ने घर में रखा कीटनाशक दवा का सेवन किया। छात्रा की सहेली से परिजनों को घटना की जानकारी मिली। जिसके बाद परिजन उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। यहां फिजिशियन डा. प्रीति यादव के नेतृत्व में पीड़िता का उपचार चल रहा है। कपकोट तहसील के जगथाना गांव निवासी 22 वर्षीय ममता पुत्री देव सिंह ने बुधवार की रात घर में अज्ञात कारणों से कुरमुल कीटनाशक दवा खा ली। जिसके बाद वह घर में अपने कमरे में सो गई। ममता के इस हरकतों का पता गुरुवार की सुबह उसकी सहेली द्वारा फोन में ममता की मां दीवानी देवी को बताई। जिसके पश्चात घर वालों ने कमरे का दरवाजा तोड़कर उसे तत्काल जिला अस्पताल लाए। इधर ममता का प्राथमिक उपचार करने के बाद डा. प्रति यादव ने उपचार किया। साथ 48 घाटों के लिए ऑब्जरवेशन हेतु वार्ड में भर्ती किया गया है। ममता के पिता ने बताया कि वह आगरा से डीएलएड करती है। जो हल्द्वानी में किराए के कमरे में रहती है। इन दिनों वह घर आई हुई थी। ममता अपने पांच भाई बहनों में सबसे छोटी है।

### किशोरी से दुष्कर्म, आरोपी पर मुकदमा

**बागेश्वर।** बैजनाथ पुलिस क्षेत्र के अंतर्गत 11 वर्षीय नाबालिग के साथ दुष्कर्म का मामला प्रकाश में आया है। पीड़िता के परिजनों ने आरोपी के खिलाफ पुलिस में तहरीर दी है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से मिली तहरीर के आधार पर पोक्सो एक्ट में मुकदमा दर्ज कर दिया है। वहीं आरोपी की तलाश जारी है। बैजनाथ पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम लश्करखेत निवासी 11 वर्षीय नाबालिग के साथ गांव के ही 21 वर्षीय संजय कुमार पुत्र हरि राम ने अपने घर में नाबालिक के साथ दुष्कर्म किया। नाबालिग जब अपने घर पहुंची तो उसने परिजनों को आप बीती सुनाई। जिसके बाद पीड़िता के परिजनों ने बैजनाथ पुलिस में मुकदमा दर्ज करवाया है। पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर अभियुक्त के खिलाफ 64(2)(च)/65(बीएनएस व 5(ड)(ढ)/6 पॉक्सो अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया है।

### महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का आयोजन

**काशीपुर।** तुलाराम राजाराम सरस्वती विद्या मन्दिर इंटर कॉलेज में महिला सप्त शक्ति संगम कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नीमा अग्रवाल (क्षेत्र कार्य वाहिका) रहीं, जिन्होंने अपने प्रेरक उद्बोधन में महिलाओं के उत्थान, समाज में महिलाओं भूमिका एवं गुणों के महत्व पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला।

### मारपीट में पिता-पुत्र घायल, मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** खेत की मेड़ को लेकर हुई मारपीट में पिता-पुत्र घायल हो गये। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज किया है। पक्काकोट निवासी वरयाम सिंह पुत्र करतार सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि 05 नवंबर की शाम करीब 04.45 को उसके खेत में सलीम, ओमप्रकाश और कुछ अज्ञात लोग आये तथा खेत की मेड़ काटकर अपने खेत का का पानी उसके खेत में छोड़ दिया जिससे उसके खेत में लगी मटर की फसल खराब हो गयी। इसका विरोध करने पर आरोपियों ने उस पर उसके पुत्र पर लाठी डण्डों फावड़े और धारदार हथियारों से हमला बोल दिया।

# योजनाएं लंबित रहने पर डीएम नाराज़

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** कलेक्ट्रेट सभागार में मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी अंशुल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने सभी विभागीय अधिकारियों को मुख्यमंत्री घोषणाओं से संबंधित किसी भी योजना को जिला स्तर पर लंबित न रखने तथा कार्यदायी संस्थाओं को अपनी जिम्मेदारी और कार्यप्रणाली स्पष्ट रूप से तय करने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाएं जनहित से जुड़ी अत्यंत महत्वपूर्ण योजनाएं हैं, इसलिए इन पर गंभीरता, तत्परता और उत्तरदायित्व की भावना के साथ कार्य किया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि डीपीआर तैयार करते समय विशेष सावधानी और तकनीकी सटीकता बरती जाए। बैठक के दौरान पेयजल, शिक्षा, लोक निर्माण तथा युवा कल्याण आदि विभागों की योजनाओं के लंबित रहने पर जिलाधिकारी ने नाराज़गी व्यक्त की और संबंधित अधिकारियों को लंबित कार्यों के कारणों की स्पष्ट रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पेयजल जैसी मूलभूत सेवा से जुड़ी योजनाओं में देरी अस्वीकार्य है और इन्हें शीघ्र गति दी जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि यदि बिना किसी ठोस कारण के योजनाओं में देरी होती है तो संबंधित अधिकारी की जिम्मेदारी तय करते हुए सख्त अनुशासनिक कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए कि बैठक में विषय की पूरी तैयारी के साथ उपस्थित रहें, ताकि समीक्षा बैठक का समय सार्थक रूप से उपयोग हो और घोषित योजनाओं की वास्तविक प्रगति सुनिश्चित की जा सके।




## वारंटी को हल्द्वानी से किया गिरफ्तार

**अल्मोड़ा।** वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक देवेंद्र पींचा द्वारा जनपद के समस्त थाना प्रभारियों को न्यायालय से जारी गिरफ्तारी वारंट में सम्बन्धित अभियुक्तों की शत-प्रतिशत गिरफ्तारी के सख्त निर्देश दिये हैं। मिली जानकारी के अनुसार मोटर वाहन अधिनियम से संबंधित वारंटी वसीम पुत्र शकील निवासी इंदिरा नगर थाना बनभूलपुरा नैनीताल लंबे समय से न्यायालय में पेश नहीं हो रहे थे। अपर पुलिस अधीक्षक हरबन्स सिंह के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक द्वाराहाट विनोद जोशी के नेतृत्व मे अपर उनि भगवान सिंह व पुलिस टीम द्वारा न्यायालय से जारी वारंट के बाद वारंटी को बनभूलपुरा नैनीताल से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया।

# मोटेश्वर मंदिर पर बांटा खिचड़ी प्रसाद

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**काशीपुर।** कार्तिक पूर्णिमा एवं गुरु पर्व के अवसर पर यहां मोटेश्वर महादेव मंदिर पर हिंदू वाहिनी संगठन द्वारा डी-बाली ग्रुप की डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली के नेतृत्व में सैंकड़ों श्रद्धालुओं में खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया।



यह धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रम डी-बाली ग्रुप की मैनेजिंग डायरेक्टर उर्वशी दत्त बाली के मार्गदर्शन में तथा हिन्दू वाहिनी संगठन उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष आनन्द तिवारी, प्रदेश महामंत्री रुचिन शर्मा और प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल शर्मा की अगुवाई में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से महेंद्र सिसोदिया, विनय शर्मा, विनायक शर्मा, संचित मिश्रा, अभिषेक शर्मा, आशीष पाण्डेय, अंकित शर्मा, शिवम् शर्मा उपस्थित रहे। वही महिला मोर्चा से प्रदेश महासचिव पूजा अरोड़ा, पीहू त्रिपाठी, रानी यादव, प्रियंका पाल, रसिका सक्सेना, सलोनी यादव, सरिता एवं अन्य महिला कार्यकर्ता मौजूद रहीं और कार्यक्रम अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और भक्तिभाव के साथ सम्पन्न हुआ।

# जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के 6 लोग बीमार

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**बागेश्वर।** जंगली मशरूम खाने से एक ही परिवार के 6 लोग की हालत बिगड़ी। समय रहते सभी को 108 से जिला अस्पताल लाया गया। यहां ग्रामीणों को प्राथमिक उपचार के बाद उन्हें वार्ड में भर्ती किया गया है। डाक्टरों से अनुसार सभी खतरे से बाहर है।

जिला अस्पताल से मिली जानकारी के अनुसार दुगनाकुरी तहसील के ग्राम रंगदेव के औलिया तोक में रहने वाले एक ही परिवार के छह लोग विषैले मशरूम खाने से बीमार पड़ गए। पड़ोसियों तत्काल घटना की जानकारी गांव के अन्य लोगों को दी, साथ ही 108 को फोन कर पीड़ितों को मध्य रात्रि जिला अस्पताल भेजा गया। बीमार लोगों में 40 वर्षीय हेमा देवी पत्नी चंदन राम, 50 वर्षीय दिनेश राम पुत्र भुवन राम, 28 वर्षीय अंजू देवी पत्नी सुंदर राम, 11 वर्षीय आशु पुत्र दिनेश राम, 3 वर्षीय खुशी पुत्री सुंदर राम, 5 वर्षीय गोपाल पुत्र सुंदर राम का जिला अस्पताल में उपचार चल रहा है। डाक्टरों के अनुसार सभी ग्रामीण अब खतरे से बाहर है। बताया जा रहा है कि सुंदर राम मवेशियों के साथ खेतों में गया हुआ था। जहां मशरूम देखकर वह उन्हें खाने के लिए घर लाया हुआ था। मशरूम की जानकारी के अभाव में सभी परिजनों ने सब्जी बनाकर खाई। जिसके पश्चात उनकी हालत बिगड़ने लग गई। तभी उन्होंने आप बीती पड़ोसियों को बताई। जिसके बाद उन्हें उपचार के लिए लाया गया।



## भ्रष्टाचार के खिलाफ धरना

**कालाढूंगी।** कोटाबाग ब्लॉक में ग्राम सभा पतलिया में हो रहे भ्रष्टाचार के खिलाफ ग्रामीणों ने एक सांकेतिक धरना प्रदर्शन किया। ग्रामवासियों ने खंड विकास अधिकारी (बीडीओ) को एक पत्र सौंपा, जिसमें भ्रष्टाचार के विभिन्न मामलों की उच्च स्तरीय जांच कराने की मांग की गई। पत्र में यह भी चेतावनी दी गई कि यदि इन मामलों की उचित जांच जल्द नहीं की जाती है, तो ग्रामीणों द्वारा विकासखंड कोटाबाग में अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन किया जाएगा। शिकायतकर्ता कमल बोहरा ने बताया कि विकासखंड कोटाबाग में वर्षों से भ्रष्टाचार के मामले चल रहे हैं, जिन पर अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। उन्होंने यह भी बताया कि सांकेतिक धरने के दौरान खंड विकास अधिकारी ने उन्हें रोकने की कोशिश की, लेकिन उनका कहना था कि क्या ग्रामीणों को अपनी आवाज उठाने का अधिकार नहीं है? आखिरकार, वर्षों से हो रहे इस भ्रष्टाचार पर जांच क्यों नहीं हो रही है? कमल बोहरा ने यह भी कहा कि उनकी मुख्य मांग यह है कि जल्दी से जल्दी विकासखंड कोटाबाग में भ्रष्टाचार करने वाले अधिकारियों और प्रधानों के खिलाफ कार्रवाई की जाए, अन्यथा वे अनिश्चितकालीन अनशन पर बैठने का फैसला करेंगे, जिसकी जिम्मेदारी शासन प्रशासन और विकासखंड के अधिकारियों की होगी। इस धरने में आईटीआई कार्यकर्ता कमल बोहरा के साथ दिनेश बोहरा, भोला बिष्ट, खीम सिंह जखवाल, उमेश कांडपाल, प्रकाश भट्ट, गोपाल बिष्ट, करण अधिकारी, बालम बिष्ट, महेंद्र बिष्ट, राजू कबडाल, भारत बोहरा, टीकम बिष्ट, हरीश बोहरा, घनानंद कबडाल, गणेश रिखाड़ी, सूरज नैनवाल, पप्पू कत्युरा, मदन लोहानी, प्रदीप, निर्मल, महिला शक्ति की शीला बिष्ट, पुष्पा देवी, गीता देवी, रमादेवी, चंपा बिष्ट, शांति देवी, उमा बिष्ट, मंजू देवी, जीवंती देवी, रेखा देवी, चांदनी, उमा और सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

## चालक पर मुकदमा दर्ज

**काशीपुर।** बजरी से भरी ओवरलोड ट्रैक्टर ट्रॉली चालक ने स्कूटी सवार को टक्कर मारकर मौत के घाट उतार दिया। पत्नी की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी चालक के खिलाफ केस दर्ज किया है। प्रतापपुर गांव निवासी मोनिका ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि बीती 03 नवंबर को उसके पति राकेश सिंह स्कूटी सं. यूके18 सी5052 से प्रतापपुर बाजार गये थे।

### सूचना

मेरी भूमि का पूर्व विक्रय पत्र दिनांक 20.06.2018, जो की श्रीमती बाला गाँधी पत्नी श्री इन्दर राज गाँधी ने भूमि श्रीमती पारूल गोएल पत्नी श्री नवनीत गोएल से पॉवर ऑफ अटॉर्नी होल्डर श्री इंद्रा राज गाँधी के तहत विक्रय की गयी जो की सब रजिस्ट्रार ऋषिकेश की बुक नं0 1, वॉल्यूम 4561, पेज संख्या 341 से 374, के दस्तावेज नं0 4207 जो की श्रीमती बाला गाँधी पत्नी श्री इन्दर नाज गाँधी के नाम से पंजीकृत व दर्ज है। वास्तव में कहीं खो गई है।

**सलोनी अरोरा पुत्री मुकेश गाबा**
निवासी: 336 ज्ञान लोक कालोनी, कनखल जिला हरिद्वार।

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे सैन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम भूलवश NAVIYA दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का वास्तविक एवं सही नाम NAVYA है। जो उसके अन्य दस्तावेजों में भी दर्ज है। सर्विस नं0-4089981A, Rank-HAV Vijay Kumar Dwivedi पुत्र श्री सोहन लाल द्विवेदी, निवासी ग्राम व पोस्ट-बालासौड़, पट्टी-सुखरौ, तहसील कोटद्वार, जिला - पौड़ी गढ़वाल

# गोल्ज्यू महोत्सव का समापन

**शाह टाइम्स संवाद्दाता**

**अल्मोड़ा।** सांस्कृतिक नगरी अल्मोड़ा क मल्ला महल में आयोजित सात दिवसीय जय गोल्ज्यू महोत्सव का रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ समापन हो गया है। बुधवार देर रात तक दर्शक लोक गायकों के गीतों पर थिरकते रहे। संस्कार सांस्कृतिक एवं पर्यावरण संरक्षण समिति की ओर से आयोजित कार्यक्रम के समापन दिवस का शुभारंभ पूर्व विस अध्यक्ष गोविंद सिंह कुंजवाल समेत अन्य अतिथियों ने दीप जलाकर किया। वहीं, महिलाओं की पारंपरिक परिधान प्रतियोगिता आयोजित की गई। शाम को कवि सम्मेलन में कवियों ने अपनी रचनाओं से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। भावना बोरा के नृत्य ने दर्शकों का दिल जीत लिया। वहीं, स्टार नाइट में पंजाब के मशहूर गायक कर्मराज कर्मा के पंजाबी गीतों ने मल्ला महल में समां बांध दिया। उनके गीतों पर दर्शकों जमकर थिरके। ठंड के बावजूद देर रात तक दर्शक कार्यक्रमों का लुत्फ लेने के लिए डटे रहे। यहां कांग्रेस जिलाध्यक्ष भूपेंद्र सिंह भोज, पीतांबर पांडे, गोपाल सिंह चौहान, पूरन सिंह बिष्ट, कुंदन सिंह रौतेला, डा. संदीप सिंह, प्रकाश बिष्ट, रवि रौतेला, शुभम रौतेला, मयंक रौतेला, रोहित शर्मा, मोहित शर्मा आदि मौजूद रहे।

## चांदनी ने मारी बाजी

**अल्मोड़ा।** राजकीय महाविद्यालय शीतलाखेत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यार्थियों के बीच स्वरचित कविता पाठ व निबंध लेखन प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। निबंध में प्रियांशी तथा कविता पाठ में चांदनी ने प्रथम स्थान हासिल किया। मौके पर कार्यक्रम का संचालन करते हुए डा. प्रकाश चंद्र जांगी ने राज्य के स्थापना दिवस के 25 वर्ष पूर्ण होने व उत्तराखंड के इतिहास पर प्रकाश डाला गया।

### यूजेवीएन लिमिटेड

(उत्तराखण्ड सरकार का उपक्रम)
मुख्य कार्यालयः "उज्जवल" महारानी बाग, जी० एम० एस० रोड, देहरादून-248006
दूरभाषः 0135-2763808, फैक्स नं0 0135-2763508,
CIN No. U40101UR2001SGC025866 वेबसाइटः www.ujvnl.com

पत्रांकः 866 | **निविदा सूचना** | दि0: 06.11.2025

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण), तिलोथ विद्युत गृह, उत्तरकाशी, इच्छुक निविदादाताओं से मुहरबंद निविदा आमंत्रित करता है। निविदा का संक्षिप्त विवरण निम्नवत् है:

**निविदा सं०:-(i)** 09/अ0अ0(अनु0)/2025-26 **(ii)** 10/अ0अ0(अनु0)/2025-26

**कार्य का नामः-(i)** तिलोथ से हीना उपसंस्थान के मध्य 33 के0वी0 पारेषण लाईन की मरम्मत इत्यादि का कार्य। (ii) तिलोथ विद्युत गृह के सर्ज साफ्ट गेट का परिचालन तथा 'सी' प्वाईट पर अन्य कार्य।

**अनुमानित लागत (₹):-(i)** 7,23,450.00 (कर अतिरिक्त) **(ii)** 2,40,539.00 (कर अतिरिक्त)

**वेबसाईट पर निविदा प्रपत्र की उपलब्धता की तिथि:-** 06.11.2025

**निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि :-** 28.11.2025 को 16:00 बजे तक।

अन्य जानकारी हेतु कृपया हमारी वैबसाईट देखें। निविदा प्रपत्र निगम की वेबसाईट **www.ujvnl.com** से डाउनलोड किये जा सकते हैं।

**अधिशासी अभियन्ता (अनुरक्षण)**

"बिजली के दुरूपयोग से बचें"

### टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड

पंजीकृत कार्यालय: 11वीं मंजिल, टावर ए, पेनिनसुला बिजनेस पार्क, गणपतराव कदम मार्ग, लोवर पैरल, मुंबई-400013. CIN No. L65990MH1991PLC060670

**कब्ज़ा नोटिस (अचल संपत्तियों के लिए)**

(सिक्योरिटी इंटरेस्ट इंफोर्समेंट नियम, 2002 के नियम 8(1) के साथ पठित परिशिष्ट IV के अनुसार

**जबकि, वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा के प्रवर्तन के तहत, टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड का अधिकृत अधिकारी अधोहस्ताक्षरी है। ब्याज अधिनियम, 2002 और सुरक्षा ब्याज (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13(12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, उधारकर्ताओं को नोटिस में उल्लिखित राशि को चुकाने के लिए नीचे उल्लिखित एक मांग नोटिस उक्त नोटिस की तारीख से 60 दिनों के भीतर जारी किया।**

उधारकर्ता, राशि चुकाने में विफल रहने पर, एतद्द्वारा उधारकर्ता को, विशेष रूप से और आम जनता को, नोटिस दिया जाता है **कि अधोहस्ताक्षरी ने धारा 13 (4) उक्त अधिनियम के उक्त नियमों के नियम 8 के साथ पठित।** उधारकर्ता, विशेष रूप से, और आम जनता को एतद्द्वारा सावधान किया जाता है कि वे लेन-देन न करें, संपत्ति के साथ और संपत्ति के साथ कोई भी लेन-देन **टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड** के प्रभार के अधीन होगा, नीचे उल्लिखित राशि के साथ उस पर ब्याज और दंडात्मक ब्याज, शुल्क, लागत आदि नीचे उल्लिखित तारीख से। **सुरक्षित परिसंपत्तियों को भुनाने के लिए उपलब्ध समय के संबंध में, अधिनियम की धारा 13 की उप-धारा (8) के प्रावधानों के लिए उधारकर्ता का ध्यान आकर्षित किया जाता है।**

| ऋण खाता संख्या | दायित्व (ओं)/कानूनी उत्तराधिकारी/ कानूनी प्रतिनिधि(ओं) का नाम | डिमांड नोटिस की राशि और तारीख | कब्ज़े की तारीख |
|---|---|---|---|
| TCHHF0374000100094938, TCHIN0374000100095129, TCHIN0374000100197416, TCHIN0374000100304924 | श्री राज कुमार तारिका (उधारकर्ता), और श्रीमती किरण देवी (सह- उधारकर्ता) और मेसर्स मोबाइल गुरु इसके मालिक (सह-उधारकर्ता) | रु. 17,28,717/- ऋण खाता संख्या TCHHF0374000100094938 और रु. 1,63,495/- ऋण खाता संख्या TCHIN0374000100095129 और रु. 2,61,060/- ऋण खाता संख्या TCHIN0374000100197416 और रु. 4,90,685/- ऋण खाता संख्या TCHIN0374000100304924 के तहत आपके द्वारा देय है यानी कुल रु. 26,43,957/- (रूपये छब्बीस लाख तैंतालीस हज़ार नौ सौ सत्तावन मात्र) 05.08.2025 तक बकाया | 04-11-2025 |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:-** संपत्ति नंबर-721/663 पर डबल स्टोरी दुकान का यह पूरा टुकड़ा पार्सल, खसरा नंबर-206 वाली भूमि शामिल, क्षेत्रफल 16.10 वर्ग मीटर पूरी तरह से निर्मित, मौजा अजबपुर कलां, **परगना पछवा दून, जिला देहरादून, उत्तराखंड में स्थित है और इसमें बिक्री विलेख में उल्लिखित सभी सामान्य सुविधाएं उपलब्ध हैं। सीमा: पूर्व:** रोड, **पश्चिम:** संपत्ति श्री भंडारी, **उत्तर:** हरिद्वार रोड, **दक्षिण:** संपत्ति श्री बिष्ट। | | | |
| 10404637 | श्री इंद्रवीर तोमर (उधारकर्ता), और श्रीमती रेखा तोमर (सह-उधारकर्ता) | रु. 10,83,135/- (रूपये दस लाख तिरासी हज़ार एक सौ पैंतीस मात्र) 08.08.2025 तक बकाया | 04-11-2025 |
| **सुरक्षित संपत्तियों/अचल संपत्तियों का विवरण:-** यह सभी टुकड़े और पार्सल पर निर्मित सम्पत्ति पर क्वार्टर नंबर 3, ब्लॉक नंबर 41, नगरपालिका नंबर 250, क्षेत्रफल 73.33 वर्ग मीटर, निर्मित क्षेत्रफल 55.13 वर्ग मीटर (छत अधिकार के बिना), चुक्खूवाला **देहरादून, उत्तराखंड- बिक्री विलेख के अंतर्गत सभी सामान्य सुविधाओं सहित। सीमाएँ: पूर्व: रोड, पश्चिम:** माधव निवास, **उत्तर:** राजीव लावा, **दक्षिण:** बबलू अरोड़ा। | | | |

**दिनांक: 07.11.2025**
**स्थान:- देहरादून उत्तराखण्ड**

**एसडी / - अधिकृत अधिकारी**
**टाटा कैपिटल हाउसिंग फाइनेंस लिमिटेड**

### नाम परिवर्तन

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरी पुत्री के कुछ दस्तावेजों में व आधार कार्ड में त्रुटिवश नाम जनसी **(JANSI)** दर्ज हो गया है, जबकि मेरी पुत्री का सही नाम **जियांशी (JIYANSHI)** है, भविष्य में मेरी पुत्री को **जियांशी (JIYANSHI)** के नाम से ही जाना, पहचाना जाए और समस्त दस्तावेजों में अंकित किया जाए।

**शपथकर्ता :- प्रेमपाल सिंह**
**पुत्र मुंशी सिंह, निवासी - 77**
**जी०एफ० ,अहार बान्गर ,बुलन्दशहर**
**उत्तर प्रदेश, पिन 202398**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद् दुगड्डा पौडी गढ़वाल

पत्रांक 1269 / शहीद पार्क/2025-20 | दिनांक : 06/11/2025

**कोटेशन सूचना**

ग: मुख्यमंत्री उत्तराखण्ड सरकार द्वारा नगर पालिका परिषद् दुगड्डा हेतु की गयी घोषणा सं० 90/2005 के द्वारा "दुगड्डा के समीप नायुपुर में स्थापित कान्तिकारी भवानी सिंह रावत एव चन्द्र शेखर आजाद स्मृति स्थल पार्क का संरक्षण, सौन्र्दयीकरण एवं निर्माण कार्य नगर पालिका परिषद् दुगड्डा प्रबन्धन द्वारा किया जायेगा" जिस हेतु डी०पी०आर० तैयार किये जाने के लिये अनुभवी फर्मों/कन्सल्टेन्टों से कोटेशन ड्राईग डिजाइन सहित दिनांक 13/11/2025 समय अपराहन 2:00 बजे तक सीलबन्द लिफाों में फर्म के लेटर पेड पर आमंत्रित किये जाते है जो तद्दिनांक को ही अपराहन समय 3:00 बजे को कोटेशन समिति द्वारा खोले जायेगें। सशर्त व कालातीत कोटेशन स्वीकार नहीं की जायेगी। कोटेशन स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा। कोटेशन के साथ रु० 100/- का स्टाम्प रसीदी टिकट लगा संलग्न किया जाना आगश्यक है। कोटेशन के साथ बतौर जमानत NSC/FDR/CDR के रूप में निम्नानुसार जो कि अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद् दुगड्डा के नाम बन्धक हो, जमा करना अनिवार्य है। कोटेशन तिथि को अवकाश की स्थिति में अगला कार्य दिवस निर्धारित तिथि मानी जायेगी। विवरण निम्नवत है-

| क्र. सं. | कार्य का नाम | धरोहर राशि | शर्ते |
|---|---|---|---|
| 1 | दुगड्डा के समीप नाधुपुर में स्थापित कान्तिकारी भवानी भवानी सिंह रावत एव चन्द्र शेखर आजाद स्मृति स्थल पार्क कर संखाण सौन्र्दयीकरण एवं निर्माण कार्य हेतु डी०पी०आर तैयार किये जाने का कार्य। | 2000/- | 1- उत्तराखण्ड में कम से कम 03 नगर निगम /पालिका/पंचायत में संतोषजनक कार्य करने का प्रमाण पत्र संलग्न करना होगा। 2- 07 दिन के अन्दर पालिका को डी०पी०आर० की 03 कॉपी (1 कलर एवं 02 ब्लैक एण्ड व्हाइट) उपलब्ध करानी होगी। |

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद दुगड्डा**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद दुगड्डा**

## कार्यालय नगर पालिका परिषद्, मसूरी।

E-mail:-nppmussoorie@gmail.com, दूरभाष नं-0135-2632251 फैक्स स0 0135-2632039

पत्रांक 2390(I)/ नि0वि० / 2025-26 | दिनांक :-30.10.2025

**ई- निविदा सूचना**

नगर पालिका परिषद मसूरी द्वारा निम्न कार्य हेतु दिनांक 25-11-2025 को सांय 2:00 बजे तक ई- टैण्डरिंग (डगल बिड सिस्टम) के अन्तर्गत निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित सभी सूचना www.uktenders.gov.in पर दिनांक 06-11-2025 से उपलब्ध रहेंगी।

| क्र० सं० | कार्य का नाम | आगणन धनराशि | अग्रिम धनराशि | निविदा प्रपत्र राशि | कार्य पूर्ण करने की अवधि | निविदा की वैधता |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पालिका परिषद मसूरी के अन्तर्गत मौसी फॉल का विकास एवं सौन्दर्यीकरण कार्य (देव भूमि रजत जयंती पार्क का निर्माण कार्य।) | 124.04 लाख | 2.50 लाख | 4000-00 (18 प्रतिशत जी0एस0टी0 अतिरिक्त) | 6 माह | 60 दिन |

**अधिशासी अधिकारी,**
**नगर पालिका परिषद् मसूरी।**

# बूथ कार्यकर्ताओं को दिए जीत के मंत्र

## भाजपा सरकार की योजनाओं को आम जन के बीच लेकर जाएं: महेन्द्र भट्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** संगठनात्मक प्रवास के तहत भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्य सभा सांसद महेंद्र भट्ट ने गुरुवार को गौलापार मंडल में कुंवरपुर चौराहा स्थित एक बैंक्वेट हॉल में बूथ कार्यकर्ता सम्मेलन में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में प्रतिभाग किया। प्रदेश अध्यक्ष श्री भट्ट के पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने फूलमालाओं से उनका भव्य स्वागत किया।






सम्मलेन में बतौर मुख्यअतिथि महेन्द्र भट्ट ने दीप प्रज्जवलित व वंदे मातरम गायन के कार्यक्रम का शुभारंभ किया। आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ने भाजपा को अद्वितीय पार्टी बताते हुए कहा कि एक आम कार्यकर्ता भाजपा में ही राष्ट्रीय अध्यक्ष व प्रधानमंत्री बन सकता है।

बूथ कार्यकर्ता को पार्टी की रीढ़ बताते हुए उन्होंने कहा कि बूथ अध्यक्ष सहित समस्त बूथ समिति चुनाव जीतने का सबसे बड़ा आधार होती है। बूथ कार्यकर्ताओं को चुनाव जीतने के अनेको मंत्र देते हुए उन्होंने कहा कि सरकार की जनकल्याण योजनाओं को अधिक सक्रियता के साथ हमें आमजन की बीच में ले जाना है।

प्रदेश अध्यक्ष भट्ट ने बताया कि आम कार्यकर्ताओं की बदौलत ही भाजपा ने उत्तराखंड में लगातार दूसरी बार सत्तारूढ़ होने का मिथक तोड़ते हुए 2022 में स्पष्ट बहुमत की सरकार बनाई व पुनः मोदी व धामी सरकार की अभूतपूर्व योजनाएं व कार्यकर्ताओं की मेहनत से पार्टी पुनः 2027 में तीसरी बार उत्तराखंड में सरकार बनाएगी। सम्मेलन की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष पान सिंह मेवाड़ी व संचालन मंडल महामंत्री बालम बिष्ट व नवीन जोशी ने किया। इस मौके पर जिलाध्यक्ष प्रताप सिंह बिष्ट, लालकुआं विधायक डा. मोहन सिंह बिष्ट, प्रदेश महामंत्री तरुण बंसल, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीपाल राणा, मंडी परिषद अध्यक्ष डा. अनिल कपूर डब्बू, जिला महामंत्री रंजन बर्गली, मंडल प्रभारी जगदीश पंत, जिला मीडिया प्रभारी नितिन राणा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सुबह गुम हुई किशोरी, शाम को दोस्त के साथ मिली

**नैनीताल।** नगर के मल्लीताल क्षेत्र में 16 वर्षीय किशोरी गुम हो गई। स्वजनों की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर जांच शुरु की तो शाम को किशोरी अपनी एक दोस्त के साथ मंगोली क्षेत्र में बरामद हो गई। किशोरी को स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया है। जानकारी के मुताबिक बुधवार दोपहर मल्लीताल निवासी व्यक्ति ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर आशंका जताई की उसकी 16 वर्षीय बेटी को कोई भगा कर ले गया है। सुबह से ही वह गायब है। शिकायत पर पुलिस ने तत्काल गुमशुदगी दर्ज कर किशोरी की तलाश शुरु कर दी। देर शाम किशोरी अपनी एक दोस्त के साथ मंगोली क्षेत्र में बरामद हो गई। जिसने बताया कि वह घूमने के लिए गई हुई थी। मामले में कोतवाली में तैनात एसएसआई दीपक बिष्ट ने बताया कि युवती को काउंसलिंग के बाद स्वजनों के सुपुर्द कर दिया गया है।

# रामनगर के जंगल में मिला कंकाल

## सवा साल पहले महाराष्ट्र से गुजरात के लिए निकला था इंजीनियर, पिता ने जताई हत्या की आशंका

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी/रामनगर।** दोस्तों के बुलाने पर महाराष्ट्र से गुजरात के लिए निकले इंजीनियर का कंकाल लगभग सवा साल बाद रामनगर के घने जंगल के बीच मिला। माना जा रहा है कि इंजीनियर ने अपने जूते के फीते को पेड़ में फंसा कर फांसी लगा ली, लेकिन अब पिता ने बेटे की मौत पर सवाल खड़े कर दिए हैं।

कहा, उनके बेटे का वजह 92 किग्रा था और एक 92 किग्रा वजनी व्यक्ति आखिर अपने जूते के फीते से कैसे फांसी लगा सकता है। हालांकि अभी यह स्पष्ट नहीं है कि जिसका कंकाल मिला, वो इंजी. नियर का ही था। पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे अहमदनगर महाराष्ट्र निवासी रामचंद्र सतुभाऊ शेलके ने बताया, प्रशांत रामचंद्र शेलके उनका इकलौता बेटा था और वह गुरुग्राम हरियाणा की एक आईटी कंपनी में इंजीनियर था। आरोप है कि पिछले वर्ष मई प्रशांत यह कहकर घर से निकला था कि गुरुग्राम में साथ काम करने वाले उसके दोस्त बुला रहे हैं। गुरुग्राम पहुंचने पर 24 मई को प्रशांत ने पिता को मैसेज किया कि उसकी जान खतरे में है। इसके बाद उसका फोन बंद हो गया। बेटे को तलाश करते पिता गुरुग्राम पहुंचे। दोस्तों ने उन्हें बताया कि प्रशांत आया था, लेकिन चला गया। पिता ने गुमशुदगी दर्ज कराई और 10-15 दिन बाद यह मान कर घर लौट गए कि बेटा वापस आ जाएगा। इधर, 2 नवंबर को रामनगर स्थित तेड़ा गांव के जंगल में वन कर्मियों ने इंसान की बिखरी हुई हड्डियां मिलीं। पास में लैपटॉप और मोबा. इल के टुकड़े और पेड़ पर एक जूते का फीता लटका मिला। सूचना पर रामनगर पुलिस पहुंची और टूटे मोबाइल में लगे सिम के जरिये गुरुग्राम पुलिस से संपर्क किया। पुलिस ने कंकाल को पोस्टमार्टम के लिए हल्द्वानी भेज दिया। गुरुवार को प्रशांत के पिता रामचंद्र एक दरोगा के साथ पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे की हत्या की गई। सवाल खड़ा किया और कहा, उनके बेटे का वजह 92 किग्रा था और इतना वजनी व्यक्ति जूते के फीते से फांसी कैसे लगा सकता है। पिता यह मान चुके हैं कि कंकाल उनके बेटे का ही है। हालांकि रामनगर कोतवाल सुशील कुमार का कहना है कि डीएनए टेस्ट के बाद ही यह स्पष्ट होगा कि कंकाल प्रशांत का है या किसी और का। चूंकि गुमशुदगी गुरुग्राम दर्ज है तो आगे की जांच वहीं की पुलिस करेगी।

**सड़क हादसों ने लील ली दो लोगों की जिन्दगी**

# बाइक की टक्कर से चाऊमीन वाले की मौत

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बुध बाजार में ठेला लगाकर घर लौट रहे पिता को बाइक सवार ने अपनी चपेट में ले लिया, जिससे उनकी सिर में गंभीर चोट आई और इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार मूलरूप से मिलख रामपुर निवासी 47 वर्षीय परशुराम कश्यप अपने परिवार के साथ बैरापोखरा में रहते थे। उनका बेटा अजय कश्यप चाऊमीन का ठेला लगाता था और वह रोज रामपुर रोड स्थित बुध बाजार में ठेला लगाने जाता था। बुधवार की रात वह घर लौट रहा था, और परशुराम भी अपनी साइकिल से उसके पीछे आ रहे थे। इसी दौरान, गलत दिशा से आ रहे बाइक सवार ने परशुराम को टक्कर मार दी। जिससे परशुराम गंभीर रूप से घायल हो गए। जिन्हे उपचार के लिए तुरंत सुशीला तिवारी अस्पताल लाया गया। जहां पर मौजूद चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद से परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराके मामले की जांच शुरू कर दी।

# बैंक में बंधक सम्पत्ति धनंजय गिरी ने बेच डाली, मुकदमा दर्ज हुआ

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** राज्य के विवादित चेहरों में से एक धनन्जय गिरी पर एक और गंभीर आरोप लगा है। आरोप है कि धनन्जय ने बैंक अधिकारियों के साथ मिलकर बंधक संपत्ति को बेचकर लाखों रुपये की कमाई की, जबकि जिनकी संपत्ति थी, उन्हें करोड़ों का नुकसान हुआ। इस मामले में पुलिस ने कोर्ट के आदेश पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार गुरुनानकपुरा निवासी लखवीर सिंह चण्डोक ने एक प्रार्थना पत्र में विक्रेता धनन्जय गिरी और उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक, मुखानी शाखा के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। लखवीर का कहना है कि बैंक और धनन्जय की मिलीभगत से उनकी बंधक संपत्ति को छिपाया गया, जिससे उन्हें 1 करोड़ 65 लाख रुपये का नुकसान हुआ। लखवीर सिंह के मुताबिक, उन्होंने वर्ष 2019 में हल्द्वानी में निर्मित एक कॉम्प्लेक्स के भूतल और प्रथम तल पर स्थित दो दुकानों को कुल 47,50,000 रुपये में धनन्जय गिरी से पंजीकृत बैनामे के माध्यम से खरीदी थी। धनन्जय ने उन्हें यह विश्वास दिलाया था कि संपत्ति पूरी तरह से साफ है और किसी भी प्रकार के बंधक या विवाद से मुक्त है। हालांकि, 2023 में उत्तराखण्ड ग्रामीण बैंक ने उक्त कॉम्प्लेक्स को बंधक बताते हुए सील कर दिया। लखवीर का कहना है कि न तो खतौनी में और न ही उप-निबंधक कार्यालय में बैंक ने इस बंधक की कोई जानकारी दी थी, जिससे उन्हें इस बारे में पहले कभी पता नहीं चला। उनका आरोप है कि बैंक और धनन्जय ने जानबूझकर बंधक संपत्ति की जानकारी छिपाई और उन्हें धोखा दिया। इसी बीच मार्च 2025 में लखवीर को सिविल जज प्रवर खंड अदालत से नोटिस मिला कि बैंक ने उनकी दोनों रजिस्ट्री को खारिज कराने के लिए मुकदमा दायर किया है, जिससे उन्हें बैंक और धनन्जय की सांठगांठ का संदेह पुख्ता हुआ। लखवीर ने कहा कि उन्होंने 6 मई 2025 को डाक के माध्यम से थाना हल्द्वानी और एसएसपी नैनीताल को भी रिपोर्ट भेजी, लेकिन अब तक इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं हुई। कोतवाल अमर चंद्र शर्मा ने बताया कि न्यायालय के आदेश पर मामले में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

## नशे में दौड़ाया वाहन, पुलिस ने कर दिया अंदर

**हल्द्वानी।** नशे में वाहन चलाना दो युवकों के लिए महंगा साबित हुआ। पुलिस ने चेकिंग के दौरान दोनों को पकड़ा, उनके वाहन को सीज किया और दोनों को गिरफ्तार कर लिया। काठगोदाम थानाध्यक्ष विमल मिश्रा ने बताया कि 5 और 6 नवम्बर की रात उनकी टीम क्षेत्र में चेकिंग कर रही थी। इस दौरान, हेमंत कुमार पुत्र विजय कुमार, निवासी प्रेमपुर लोशज्ञानी, आनंदपुर हल्द्वानी और आशीष कुशवाहा पुत्र धन सिंह, निवासी पीडब्ल्यूडी कॉलोनी, हजरतगंज लखनऊ को नशे की हालत में वाहन चलाते हुए गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मोटर वाहन अधिनियम एमवी एक्ट के तहत कार्रवाई की।

# लालकुआं में तेज़ रफ्तार डंपर ने बाइक सवार को कुचला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लालकुआं।** हल्द्वानी-लालकुआं राष्ट्रीय राजमार्ग पर वन विकास निगम के डिपो नंबर 5 के सामने वृहस्पतिवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। इस भीषण दुर्घटना में नगर निवासी एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा इतना भयावह था कि मृतक की हालत देख लोगों के रोंगटे खड़े हो गए। मिली जानकारी के अनुसार, वार्ड नंबर 1 निवासी 35 वर्षीय इस्राईल अपने साथी के साथ बाइक पर सवार होकर हल्दूचौड़ से लालकुआं की ओर जा रहा था। रास्ते में साइड लेने के प्रयास में उनकी बाइक एक तेज रफ्तार ओवरलोड डंपर की चपेट में आ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि इस्राईल की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि उसका साथी गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग बड़ी संख्या में मौके पर जुट गए और आक्रोश व्यक्त करते हुए हंगामा करने लगे। सूचना पाकर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक ब्रजमोहन सिंह राणा पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। बताया जा रहा है कि मृतक इस्राईल के छोटे भाई की करीब तीन माह पूर्व संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो चुकी थी। परिवार पर लगातार दोहरी त्रासदी के बाद गम का माहौल व्याप्त है।



# साली का तीमारदार जीजा लापता

## शांतिपुरी में मिली लाश, बेटे ने लगाया हत्या का आरोप, मुकदमा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** सुशीला तिवारी अस्पताल में अपनी साली की तीमारदारी करने आए जीजा का तीन दिन बाद लाश मिली, जिससे परिजनों में हड़कंप मच गया। जीजा के लापता होने के बाद परि. जनों ने पुलिस से मदद की गुहार लगाई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। तीन दिन बाद, शांतिपुरी में उसकी लाश मिली। बेटे ने हत्या का आरोप लगाया और कार्रवाई के लिए कोर्ट से दखल की मांग की, जिसके बाद पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की है। जानकारी के अनुसार ग्राम थाला थाना कांडा, जिला बागेश्वर निवासी दर्शन कुमार ने अपर मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट की अदालत में प्रार्थना पत्र दाखिल कर कहा कि 5 जुलाई 2025 को उनके पिता अपनी साली के इलाज के लिए हल्द्वानी स्थित सुशीला तिवारी अस्पताल गए थे। इलाज के बाद 7 जुलाई को सभी परिजन घर लौट गए, लेकिन उनके पिता वापस नहीं आए। दर्शन कुमार ने 8 जुलाई को हल्द्वानी पहुंचकर पिता की तलाश शुरू की, लेकिन जब उनका कोई पता नहीं चला तो उन्होंने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई। लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। 10 जुलाई को दर्शन कुमार को शांतिपुरी क्षेत्र में अपने पिता का शव मिलने की जानकारी मिली, जिसके बाद यह पता चला कि शव रुद्रपुर मोर्चरी में रखा गया था। 22 जुलाई को दर्शन ने फिर से कोतवाली हल्द्वानी में लिखित शिकायत दी और हत्या का आरोप लगाया। दर्शन ने आरोप लगाया कि गोपाल राम, पुष्पा देवी, लक्ष्मण राम, दीपा देवी, नवीन चंद्र और नन्दूराम ने मिलकर उनके पिता की हत्या की। उन्होंने यह भी कहा कि कई बार शिकायत करने के बावजूद पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज नहीं की। शिकायत के बाद 20 अगस्त को एसएसपी से भी संपर्क किया, लेकिन सुनवाई नहीं हुई। अब, पीड़ित ने अदालत से मामले की जांच के लिए दखल देने की अपील की, जिसके बाद न्यायालय के आदेश पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# लालकुआं इकाई का गठन



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** प्रांतीय नगर उद्योग व्यापार मंडल के प्रदेश सचिव रामबाबू मिश्रा ने लालकुआं इकाई का गठन करते हुए अनमोल सिंह को अध्यक्ष, संतोष राठौर को महामंत्री, अली रजा को कोषाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। इसके अलावा, दीपक गुप्ता को वरिष्ठ उपाध्यक्ष, गुरजीत सिंह और गुरपिंदर सिंह को उपाध्यक्ष, संदीप सिंह और रणदीप सिंह को सचिव, और योगेश प्रसाद तथा दिनेश कुमार को संगठन मंत्री नियुक्त किया गया है। मीडिया प्रभारी के रूप में अखिल कुशवाहा मनोनीत किए। जबकि संरक्षक कमलेश यादव, अनूप भाटिया और रामसागर यादव को चुना गया। विशेष आमंत्रित सदस्य के रूप में धर्मेंद्र सिंह, अशोक चौधरी, सुशील तिवारी, जय प्रकाश तिवारी, कृष्णा शुक्ला, कुलदीप मिश्रा और हरमिंदर सिंह को शामिल किया गया है। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री राजेन्द्र फर्स्वाण, प्रदेश संगठन प्रभारी वीरेन्द्र गुप्ता, जिलाध्यक्ष कुंदन बिष्ट, प्रज्ञान भारद्वाज आदि मौजूद रहे।

## 300 पाउच कच्ची शराब के साथ एक गिरफ्तार

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** बीते बुधवार को टीपीनगर चौकी पुलिस ने गश्त के दौरान एक शराब तस्कर को 300 पाउच कच्ची शराब के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी देते हुए टीपीनगर चौकी प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि पुलिस टीम टांडा बैरियर के पास गश्त कर रही थी। तभी बेलबाबा मंदिर के पास एक बिना नंबर प्लेट वाली बाइक आती दिखाई दी। जिसे रोका और तलाशी ली, तो उसके पास से 300 पाउच कच्ची शराब बरामद हुई। पकड़े गए शराब तस्कर ने अपना नाम बलकार सिंह, पुत्र अर्जुन सिंह, निवासी चितरंजनपुर, दिनेशपुर, उधम सिंह नगर बताया।

# चार अधिकारियों को डीजीपी डिस्क सिल्वर मेडल

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड के पुलिस महा. निदेशक दीपम सेठ ने पुलिस लाइन देहरादून में आयोजित भव्य सम्मान समारोह के दौरान नैनीताल पुलिस के चार अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट और सराहनीय कार्य के लिए 'डीजीपी डिस्क सिल्वर' मेडल से सम्मानित किया।



डीजीपी दीपम सेठ ने सम्मान समारोह में कहा कि पुलिस कर्मी समाज की सुरक्षा व्यवस्था के सशक्त स्तंभ हैं और उनकी निष्ठा, ईमानदारी तथा सेवा भावना से ही पुलिस विभाग की छवि मजबूत होती है। उन्होंने पुरस्कार प्राप्त करने वाले सभी पुलिसकर्मियों को बधाई देते हुए उनके कार्यों की प्रशंसा की। सम्मानित किए गए पुलिसकर्मियों में निरीक्षक नागरिक पुलिस हेम चन्द्र पंत और निरीक्षक अभिसूचना ज्ञानेंद्र कुमार शर्मा को सेवा के आधार पर, जबकि आरक्षी चंदन मर्तोलिया और लीडिंग फायरमैन रविकुंवर सिंह को विशिष्ट कार्य के आधार पर डीजीपी डिस्क सिल्वर मेडल से अलंकृत किया गया। नैनीताल पुलिस परिवार ने इन चारों अधिका. रियों और कर्मचारियों को इस उपलब्धि पर हार्दिक शुभकामनाएँ दीं और कहा कि उनका यह सम्मान पूरे जिले के लिए गर्व का विषय है।

# लेफ्टिनेंट कर्नल कुणाल सर्वे को कर्नल रैंक



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नैनीताल।** एनसीसी ग्रुप मुख्यालय नैनीताल के प्रशिक्षण अधिकारी लेफ्टिनेंट कर्नल कुणाल सर्वे को वीरवार को कर्नल रैंक प्रदान की गई। रैंक प्रदान करने का सम्मान ग्रुप कमांडर कमोडोर बाल राजेश सिंह ने अपनी पत्नी बाल राजेश सिंह एवं कुणाल सर्वे की उपस्थिति में किया। इस अवसर पर ग्रुप मुख्यालय के समस्त अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने कर्नल कुणाल सर्वे को उनके पदोन्नयन पर हार्दिक शुभकामनाएँ एवं बधाइयाँ दीं।

# सीएम का आगमन, यूकेडी का विरोध

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के हल्द्वानी दौरे का उत्तराखंड क्रांति दल कार्यकर्ताओं ने जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच हल्की धक्का-मुक्की भी हुई। इस दौरान उक्रांद के केंद्रीय महामंत्री सुशील उनियाल ने कहा कि हल्द्वानी में स्वास्थ्य, सुरक्षा और सड़क जैसी बुनियादी समस्याओं पर सरकार की कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। सुशीला तिवारी अस्पताल में नर्सिंग स्टाफ की कमी, नए छात्रों को हॉस्टल न मिलना, महिला वार्डों में गंदगी और सुरक्षा की कमी जैसी समस्याएं गंभीर है। कोटाबाग क्षेत्र में गुरुनी




नाला का पुनर्निर्माण, सड़क मरम्मत, स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था और प्रभावित परिवारों के लिए राहत राशि व सुरक्षा दीवार का निर्माण तत्काल जरूरी है। इसके अलावा हल्द्वानी और आसपास की सड़कों की जर्जर स्थिति ने सरकार के 94 प्रतिशत गड्डा मुक्त उत्तराखंड दावे की पोल खोल दी है। उन्होंने कहा कि युवाओं में बढ़ते नशे पर रोक लगाने के लिए जागरूकता और पुनर्वास अभियान चलाना राज्य सरकार की जिम्मेदारी है। इस दौरान कमल जोशी, नगर अध्यक्ष हरीश जोशी, सावन उनियाल, रितेश संभल, सुनीता भट्ट, हरीश पाण्डेय, राकेश बिष्ट समेत कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## वरिष्ठ नागरिकों ने सीएम को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी।** उत्तराखंड रजत उत्सव-2025 के उपलक्ष में आयोजित पूर्व सैनिक सम्मेलन में वरिष्ठ नागरिक जन कल्याण समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने भाग लेकर कार्यक्रम की गरिमा बढ़ाई। इस अवसर पर समिति के सदस्यों ने मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका स्वागत किया। कार्यक्रम के दौरान समिति के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री श्री धामी को वरिष्ठ नागरिकों के स्वास्थ्य, सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़ी विभिन्न समस्याओं से अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा और इन समस्याओं के शीघ्र निराकरण की मांग की। इस मौके पर समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष इंदर सिंह निगल्टिया, महामंत्री डीके पांडे, संरक्षक दया किशन बल्यूटिया, कोषाध्यक्ष पीएस जंतवाल, विष्णु सिंह रावत, दिनेश चंद पंतौला, एलएम लोहनी, डा. शिवदत्त तिवारी, भैरव दत्त जोशी, पानगिरी गोस्वामी, एडी डोर्बी, राजेंद्र सिंह बिष्ट सहित अनेक सदस्य मौजूद रहे।

## वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण, सामूहिक गायन आज

**हल्द्वानी।** मुख्य विकास अधिकारी अनामिका ने जानकारी दी कि कल यानि आज शुक्रवार को 'वंदे मातरम' के 150 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में जनपद के सभी शैक्षिक संस्थानों में सामूहिक गायन कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। यह कार्यक्रम सुबह 10 बजे से शुरू होगा, जिसमें विद्यालयों, महाविद्यालयों, इंजीनियरिंग और मेडिकल कॉलेजों, संस्कृत विद्यालयों तथा विश्वविद्यालयों के कुलपति, प्राचार्य, शिक्षकगण एवं छात्र-छात्राएं सक्रिय रूप से भाग लेंगे। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि इस अवसर पर जनपद के सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी और निगम कार्यालयों में भी वंदे मातरम का सामूहिक गायन होगा, ताकि इस ऐतिहासिक और राष्ट्रीय महत्व के गीत को जन-जन तक पहुंचाया जा सके। इस आयोजन का उद्देश्य भारतीय संस्कृति और राष्ट्रीय एकता को बढ़ावा देना है।

# नाइसिला में जागरूकता कार्यक्रम

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**हल्द्वानी।** भीमताल विकास खंड की ग्राम पंचायत नाई सिला में सबकी योजना, सबका विकास विषय पर कार्यशाला एवं नव निर्वाचित प्रधान और पंचायत सदस्यों की प्रथम आम सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता ग्राम प्रधान कैप्टन प्रताप सिंह नगरकोटी ने की, जबकि संचालन ग्राम विकास अधिकारी बृजवाल ने किया। कार्यक्रम में विभिन्न विभागों के अधिकारी, नव निर्वाचित ग्राम प्रधान बेल एवं पिनरो, क्षेत्र पंचायत सदस्य संदीप गोस्वामी, तथा सैकड़ों ग्रामवासी उपस्थित रहे। कार्यक्रम में जनमैत्री संगठन के संयोजक बची सिंह बिष्ट और उनके सहयोगी प्रदीप कोठारी ने उपस्थित जनसमूह को 2013 के पॉश एक्ट (यौन उत्पीड़न से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि महिलाओं को




सुरक्षित कार्यस्थल उपलब्ध कराने और कार्यस्थलों पर यौन हिंसा को रो. कने के उद्देश्य से एक्शन एड इंडिया और राष्ट्रीय महिला आयोग के सहयोग से राष्ट्रव्यापी जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। बची सिंह बिष्ट ने कहा कि इस अभियान के तहत उत्तराखंड मुक्त विश्वविद्यालय हल्द्वानी, पुलिस अधीक्षक कार्यालय हल्द्वानी, ग्राम समूह कौल और सूपी क्षेत्र सहित कई स्थानों पर लोगों को संवेदनशील बनाया गया है। ग्राम प्रधान कैप्टन प्रताप सिंह नगरकोटी ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता है कि ग्रामीण क्षेत्रा के लोग मनरेगा योजनाओं के तहत स्वच्छता, जल संरक्षण और पेयजल संसाधनों के संरक्षण की दिशा में कार्य करें, जिससे जलवायु परिवर्तन से निपटने और सभी को पर्याप्त शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के लक्ष्य को पूरा किया जा सके।

# सड़क हादसे में दो की मौत पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा

**नैनीताल।** नैनीताल -काठगोदाम रोड पर आमपड़ाव क्षेत्र में बीते शनिवार को टेंपो ट्रैवलर खाई में गिरने से दो लोगों की मौत हो गई थी। पर्यटकों के ड्राइवर पर लापरवाही पर आरोप लगाने और ड्राइवर के भाग जाने के बाद पुलिस ने मामले में अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। बता दें कि बीते शनिवार को बदरपुर दिल्ली निवासी 15 पर्यटकों का दल बाबा नीब करौरी के दर्शन करने कैंची धाम पहुंचा हुआ था। शनिवार देर रात वह टेंपो ट्रैवलर टी 425 सीएच 5768 बी से दिल्ली लौट रहे थे। वह आमपड़ाव क्षेत्र में पहुंचे ही थे कि अचानक वाहन अनियंत्रित होकर करीब 60 फीट गहरी खाई में गिर गया। सूचना के बाद ज्योलीकोट चौकी इंचार्ज श्याम सिंह बोरा अन्य पुलिस कर्मियों ने रेरकयू अभियान चलाकर घायलों को 108 की मदद से सुशीला तिवारी अस्पताल भिजवाया गया है। जहां उपचार के दौरान बदरपुर दिल्ली निवासी गौरव बंसल (26) व रो. हतक हरियाणा निवासी सोनू कुमार (32) दो लोगों की मौत हो गई थी। पूछताछ में घायलों ने बताया कि वापसी में लौटते समय उनकी टेंपो ट्रैवलर खराब हुई तो उन्होंने ज्योलीकोट से दूसरी टेंपो ट्रैवलर बुक की। जिसमें एक ड्राइवर व एक हेल्पर था। उन्होंने ड्राइवर पर बहुत तेजी व लापरवाही से वाहन चलाने का आरोप लगाया था। जिसके चलते आमपडाव के पास वाहन अनियंत्रित होकर खाई में गिर गया। ड्राइवर मौके से भाग गया। एसपी यातायात व अपराध डा. जगदीश चंद्रा ने बताया कि मामले में चौकी इंचार्ज की शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ बीएनएस की धारा 106 व 281 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक एस.एन. राना द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजड़ू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून से प्रकाशित।

**सम्पादकः**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
**स्थानीय सम्पादक**
**चेतन गुरूंग**

**देहरादून कार्यालय 63/9 ई-राजपुर रोड देहरादून**
☎0135-2743363
**R.N.I. No.UTT HIN 2001/05656**
मोबाइल-9720007290
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# भारत ने चौथा टी-20 जीता




● **ऑस्ट्रेलिया को उसके घर में सबसे बड़े अंतर से हराया, टीम इंडिया ने सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाई**

● **टी-20 अंतर्राष्ट्रीय के दूसरे सबसे छोटे स्कोर पर ऑस्ट्रेलिया ऑलआउट, सुंदर-शिवम दुबे व अक्षर पटेल चमके**

**गोल्ड कोस्ट, वार्ता।** भारत ने चौथे टी-20 मैच में ऑस्ट्रेलिया को 48 रन से हरा दिया। यह इंडिया की ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ उसके घर में सबसे बड़ी जीत है। पिछला रिकार्ड 37 रन का है, जो भारत ने 2016 में एडिलेड में बनाया था।

गोल्ड कोस्ट में गुरुवार को 168 रन का टारगेट चेज कर रही ऑस्ट्रेलिया 18.2 ओवर में 119 रन पर ऑलआउट हो गई। वाशिंगटन सुंदर ने 3 रन देकर 3 विकेट झटके। अक्षर पटेल और शिवम दुबे को 2-2 विकेट मिले। टॉस हारकर बैटिंग कर रही भारतीय टीम ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 167 रन बनाए। शुभमन गिल ने सबसे ज्यादा 46 रनों की पारी खेली। उन्होंने अभिषेक शर्मा के साथ 56 रनों की ओपनिंग साझेदारी की। कप्तान सूर्यकुमार यादव 20 और शिवम दुबे 22 रन बनाकर आउट हुए। ऑस्ट्रेलिया के नाथन एलिस और एडम जम्पा ने 3-3 विकेट झटके। जैवियर बार्टलेट और मार्कस स्टोयनिस को एक-एक विकेट मिला। अक्षर पटेल ऑलराउंडर अक्षर पटेल प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने भारतीय पारी के आखिरी ओवर्स में 11 बाल पर एक चौके और एक छक्के के सहारे नाबाद 21 रन की पारी खेली। इस पारी ने टीम का स्कोर 167 रन तक पहुंचा दिया।

फिर गेंदबाजी में मैथ्यू शार्ट (25 रन) और जोश इंग्लिस (12 रन) को आउट करके ऑस्ट्रेलिया पर शुरुआती दबाव बनाया।

उन्होंने 4 ओवर्स की गेंदबाजी में 20 रन दिए। भारत ने 2-1 की बढ़त बनाई इस जीत के साथ ही भारतीय टीम ने 5 मैचों की टी-20 सीरीज में 2-1 की बढ़त हासिल कर ली है। सीरीज का पहला मुकाबला बेनतीजा रहा था। ऑस्ट्रेलिया ने दूसरे मैच को जीतकर 1-0 की बढ़त ली थी। उसके बाद भारत ने तीसरे मैच में जीत दर्ज करके 1-1 की बराबरी हासिल की थी।

मैच के बाद अक्षर पटेल बोले कि टीम के लिए योगदान देकर खुश हूं प्लेयर ऑफ द मैच अक्षर पटेल ने कहा किटीम के लिए योगदान देकर खुश हूं। मेरे पास विकेट भांपने का समय था। साथियों ने बताया था कि पिच आसान नहीं है और गेंद रुक कर आ रही है। इसीलिए मैंने इंतजार किया और शार्ट खेले।

उन्होंने कहा कि बतौर बालर यही सोचता हूं कि बैटर का मजबूत पक्ष क्या है। मेरी योजना यही रहती है कि अगर बैटर मुझे हिट करे तो मैं गुड लेंथ एरिया के आसपास गेंद डालूं। और अगर वह स्वीप का प्रयास करते हैं तो फुलर लेंथ गेंद डालूं।

## संक्षिप्त खेल समाचार

### ध्रुव का नाबाद शतक, भारत 'ए' 255 पर सिमटा

**बेंगलुरु, वार्ता।** ध्रुव जुरेल (नाबाद 132) की शतकीय पारी के दम पर भारत ए गुरुवार को दूसरे अनौपचारिक टेस्ट के पहले दिन का 255 रन के सम्मानजनक स्कोर पर सिमट गया। यहां दक्षिण अफ्रीका ए टीम ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत ए की शुरुआत खराब रही और उसने नियमित अंतराल पर एक के बाद एक विकेट गंवाये। भारत ए का पहला विकेट दूसरे ओवर में अभिमन्यु ईश्वरन (शून्य) के रूप में गिरा। इसके बाद बल्लेबाजी करने आये साई सुदर्शन ने केएल राहुल के साथ पारी को संभालने का प्रयास किया। 16वें ओवर में टियान वैन वुरेन ने केएल राहुल (19) को आउटकर भारत को दूसरा झटका दिया।

### दीप्ति, लैनिग और सोफी के रिलीज होने की संभावना

**मुंबई, वार्ता।** चूंकि पांचों टीमें गुरुवार को अपनी रिटेंशन सूची की घोषणा करने वाली हैं, इसलिए कुछ बड़े नाम-जिनमें दीप्ति शर्मा, मेग लैनिग, सोफी एक्लेस्टोन और अमेलिया केर शामिल हैं - के इसमें शामिल होने की संभावना नहीं है। आगामी महिला प्रीमियर लीग मेगा नीलामी से पहले, प्रत्येक टीम अधिकतम पांच रिटेंशन कर सकती है। इन रिटेंशन में अधिकतम तीन भारतीय कैप्ड खिलाड़ी, दो विदेशी खिलाड़ी और दो भारतीय अनकैप्ड खिलाड़ी शामिल हो सकते हैं। अगर कोई फ्रेंचाइजी पांच खिलाड़ियों को रिटेन करना चाहती है, तो उनमें से एक खिलाड़ी अनकैप्ड खिलाड़ी होना चाहिए, जैसा कि नीचे मुंबई इंडियंस और दिल्ली कैपिटल्स के मामले में देखा जा सकता है।

# गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला: कप्तान

**करारा, वार्ता।** भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चौथा टी-20 जीतने और सीरीज में 2-1 की बढ़त बनाने का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए गुरुवार को कहा कि गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खुद को अच्छी तरह से ढाला। सूर्यकुमार ने मैच के बाद प्रेजेंटेशन में कहा कि सभी बल्लेबाजों को इसका श्रेय जाता है।

शुभमन और अभिषेक ने अच्छी शुरुआत दिलाई और बाद में आने वाले सभी बल्लेबाजों ने अपना योगदान दिया तो मुझे लगता है कि बल्लेबाजों की ओर से यह एक कम्पलीट टीम एफर्ट था। ड्यू पड़ रही थी, लेकिन गेंदबाजों ने परिस्थितियों के अनुसार खद को अच्छी तरह से ढाला। हमेशा ऐसे गेंदबाजों का टीम में होना अच्छा होता है जो जरूरत पड़ने पर कुछ ओवर डाल सकें। अंतिम मैच के लिए काफी उत्सुक हूं। प्लेयर ऑफ द मैच बने अक्षर पटेल ने कहा कि मैं नंबर सात पर बल्लेबाजी के लिए गया और मेरे पास विकेट भांपने का समय था, साथी बल्लेबाज ने बताया कि पिच बल्लेबाजी के लिए आसान नहीं है और गेंद रुक कर आ रही है। टीम की जरूरत के हिसाब से खेलने पर मेरा ध्यान रहता है कोई मेरी पसंद का नंबर नहीं है मैं बस टीम के लिए



योगदान देकर खश हूं। बतौर गेंदबाज मैं यही सोचता हूं कि बल्लेबाज का मजबूत पक्ष क्या है। मेरी योजना यही रहती है कि अगर बल्लेबाज मुझे हिट करे तो मैं गुड लेंथ एरिया के आसपास गेंद डालूं। और अगर वह स्वीप का प्रयास करते हैं तो फुलर लेंथ गेंद डालूं। ऑस्ट्रेलिया के कप्तान मिचेल मार्श ने हार के बाद कहा कि 167 का स्कोर पार स्कोर था। इस तरह की चेज में आपको अच्छी साझेदारियों की जरूरत होती है और हमें वो नहीं मिलीं। भारत ने काफी अच्छी क्रिकेट खेली, आदर्श स्थिति तो यही होती है कि हम हमेशा सर्वश्रेष्ठ टीम के साथ खेलें लेकिन आगे बड़ी सीरीज आने वाली है।

# दिप्तायान ने नेपोमनियाचथी को हराया

● **विश्व चैंपियन गुकेश डी और सर्वोच्च रैंकिंग वाले भारतीय अर्जुन ऐरीगेसी भी अगले दौर में पहुंच गए है**

**पणजी, वार्ता।** भारत के ग्रैंडमास्टर दिप्तायान घोष ने काले मोहरों से खेलते हुए बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार के कैंडिडेट्स विजेता इयान नेपोम. नियाचथी को हरा दिया जबकि ग्रैंडमास्टर पी हरिकृष्णा ने लगभग त्रुटिहीन प्रदर्शन करते हुए आर्सेनी नेस्टरोव को हराकर यहां जारी फिडे विश्व कप 2025 के तीसरे दौर में प्रवेश किया। विश्व चैंपियन गुकेश डी और सर्वोच्च रैंकिग वाले भारतीय अर्जुन एरिगैसी भी अगले दौर में पहुंच गए हैं। पहली बाजी में सफेद मोहरों से ड्रॉ खेलने वाले गुकेश ने 2024 के विश्व जूनियर चैंपियन कजाकिस्तान के काजीबेक नोगेरबेक को 59 चालों में हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अर्जुन दोनों मुक़ाबलों में पूरे अंक हासिल करने वाले एकमात्र भारतीय रहे। उन्होंने बुल्गारिया के ग्रैंडमास्टर मार्टिन पेट्रोव को सफेद मोहरों से 48 चालों में हराकर दो मुकाबलों में दो जीत दर्ज कीं। लेकिन यह दिन निस्संदेह दिप्तायान के नाम रहा। नेपोमनियाचथी के खिलाफ दूसरे राउंड का पहला गेम सफेद मोहरों से ड्रॉ होने के बाद, भारतीय ग्रैंडमास्टर ने शुरुआती मुकाबलों में रूसी खिलाड़ी की एक छोटी सी गलती का फायदा उठाया और 47 चालों में जीत हासिल की।

अपना पहला विश्व कप खेल रहे दिप्तायान ने कहा कि नेपो को किसी मैच में हराना बहुत बड़ी बात है। इसलिए, निश्चित रूप से यह एक बड़ा दिन है। इस जीत को आत्मसात करने में थोड़ा समय लगेगा। इससे पहले, 39 वर्षीय हरिकृष्णा ने आठवीं चाल में ही अपनी रानी का त्याग करके नेस्टरोव के घोड़े और बिशप को पकड़कर बढ़त हासिल की और फिर केवल 29 चालों में मैच जीतकर तीसरे दौर में पहुंचने वाले पहले भारतीय खिलाड़ी बन गए। हरिकृष्णा ने मंगलवार को अपनी रणनीति पर विचार करते हुए कहा कि मैंने इसे नौ साल पहले तैयार किया था और सोच रहा था कि क्या इसे अभी इस्तेमाल करूं या शायद मेरे प्रतिद्वंद्वी को इसका मुकाबला करने का सबसे अच्छा तरीका पहले से ही पता हो। उन्होंने आगे कहा कि मुझे लगा कि शायद उन्हें इसके बारे में पता होगा, लेकिन फिर मैंने फैसला किया, मुझे इसे खेलने दो। फिडे विश्व कप 2025 एक सिगल-एलिमिनेशन नॉक-आउट टूर्नामेंट के रूप में खेला जा रहा है, जिसमें 82 देशों के 206 खिलाड़ी प्रतिष्ठित विश्वनाथन आनंद कप के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे है। इस ट्रॉफी का नाम भारतीय दिग्गज विश्वनाथन आनंद के नाम पर रखा गया है। दूसरे राउंड में कुल 17 भारतीय खिलाड़ी मैदान में थे, जिसमें ग्रैंडमास्टर अरविद चितंबरम और ग्रैंडमास्टर कार्तिक वेंकटरमन के बीच अखिल भारतीय मुकाबला था। अन्य भारतीयों में, ग्रैंडमास्टर रौनक साधवानी, विदित गुजराती, आर- प्रज्ञानंद और नारायणन एसएल अपने दोनों मैच ड्रॉ करने के बाद टाईब्रेक राउंड में प्रवेश कर रहे हैं। विश्व जूनियर चैंपियन प्रणव वी- भी गुरुवार को टाई-ब्रेक खेलेंगे, क्योंकि वे नॉर्वे के आर्यन तारी से दूसरा गेम हार गए थे।

# स्मृति मंधाना अक्टूबर के लिए सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी की होड़ में




**दुबई, वार्ता।** तीन स्पिनर-नोमान अली, सेनुरन मुथुसामी और राशिद खान-अक्टूबर के लिए आईसीसी पुरुष प्लेयर ऑफ द मंथ पुरस्कार की दौड़ में हैं, जबकि आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप की स्टार खिलाड़ी ऐश गार्डनर, स्मृति मंधाना और लॉरा वुलफार्ट ने महिला वर्ग में जगह बनाई है। भारत की सलामी बल्लेबाज मंधाना और दक्षिण अफ्रीका की वुलफार्ट आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप के बड़े मैचों में महत्वपूर्ण योगदान देने के बाद इस प्रतिष्ठित महिला मासिक पुरस्कार की दौड़ में हैं। ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर गार्डनर अपने ऑलराउंड प्रदर्शन के दम पर आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप 2025 की टूर्नामेंट की सर्वश्रेष्ठ टीम में जगह बनाने वाली ऑस्ट्रेलियाई खिलाड़ियों की तिकड़ी में शामिल हैं। पाकिस्तान के बाएं हाथ के स्पिनर नोमान और दक्षिण अफ्रीका के मुथुस्वामी को पाकिस्तान में दो मैचों की आईसीसी विश्व टेस्ट चैंपियनशिप श्रृंखला में अपनी-अपनी टीमों को एक-एक मैच जिताने में मदद करने के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया है। यह श्रृंखला 1-1 से ड्रॉ रही थी।

लेग स्पिनर राशिद को सफेद गेंद वाले क्रिकेट में उनके प्रदर्शन के आधार पर यह नामांकन मिला है। दोनों श्रेणियों के लिए तीन नामांकितों को प्रत्येक कैलेंडर माह के पहले से आखिरी दिन तक के प्रदर्शन के आधार पर शॉर्टलिस्ट किया गया है।

# पंजाब एफसी ने दिखाया धैर्य सेमीफाइनल में बनाई जगह

**फातोर्दा, वार्ता।** पंजाब एफसी ने जबरदस्त धैर्य और संयम का प्रदर्शन करते हुए बेंगलुरु एफसी को पेनल्टी शूटआउट में 5-4 से हराकर एआईएफएफ सुपर कप के सेमीफाइनल में जगह बना ली। जवाहरलाल नेहरू फातोर्दा स्टेडियम में खेले गए इस अंतिम ग्रुप मैच में दोनों टीमों के बीच निर्धारित समय तक मुकाबला गोलरहित रहा। चूंकि दोनों टीमें अंक और गोल के मामले में बराबरी पर थीं, इसलिए ग्रुप विजेता का फैसला पेनल्टी शूटआउट से हुआ। मुहीत शब्बीर ने बेंगलुरु के रयान विलियम्स का तीसरा शॉट शानदार तरीके से बचाया, जबकि पंजाब एफसी के न्सुंगुसी एफ्फियोंग, प्रिसटन रेबेलो, समीयर जेल्जकोविच, लिओन ऑगस्टिन और विनीत राय ने सटीक निशाना साधकर 'शेरों' को सुपर कप के इतिहास में पहली बार सेमीफाइनल में पहुंचाया। पंजाब एफसी के मुख्य कोच पनायियोटिस डिल्मपेरिस ने शुरुआती एकादश में दो बदलाव किए - घायल मुहम्मद सुहैल की जगह लिओन ऑगस्टिन को शामिल किया गया और नाइजीरियाई स्ट्राइकर न्सुंगुसी एफ्फियोंग को मंगलेन्थांग किपजेन की जगह शुरुआती लाइनअप में उतारा गया। वहीं, बेंगलुरु एफसी के कोच जेरार्ड जरागोसा ने पिछली मैच की वही टीम मैदान में उतारी। पहले हाफ में पंजाब एफसी का दबदबा रहा। टीम ने गेंद पर नियंत्रण बनाए रखा और आक्रामक मूड में आगे बढ़ी। एफ्फियोंग को हाफ का पहला असली मौका तब मिला जब दानी रामिरेज ने बेंगलुरु के डिफेंडर से गेंद छीनी और एफ्फियोंग के लिए शानदार पास दिया, लेकिन स्ट्राइकर गेंद को ठीक से नियंत्रित नहीं कर पाए और मौका चूक गए। पंजाब के हमलावरों ने बेहतरीन तालमेल दिखाया और लिओन ऑगस्टिन का एक शॉट बार के ऊपर चला गया। दूसरी ओर, बेंगलुरु एफसी काउंटर अटैक के सहारे खेलते रहे, लेकिन पंजाब की सुदृढ़ रक्षा पंक्ति और गोलकीपर मुहीत शब्बीर ने कोई भी मौका नहीं दिया।

# पीवी सिंधु लॉस एंजेलिस 2028 में तीसरा ओलंपिक पदक जीत सकती हैं: सायना

**मुंबई, वार्ता।** लंदन 2012 ओलंपिक पदक विजेता सायना नेहवाल का मानना है कि साथी शटलर पीवी सिधु के पास लॉस एंजेलिस 2028 खेलों में तीसरा ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने का 'अनुभव' और दृढ़ संकल्प दोनों है। इस सप्ताह की शुरुआत में मुंबई में आयोजित फिट इंडिया नेशनल फिटनेस एंड वेलनेस कॉन्क्लेव के दौरान, पूर्व विश्व नंबर 1 खिलाड़ी ने ओलंपिक डॉट कॉम को बताया कि सिधु की जीत की संभावना इस बात पर निर्भर करती है कि वह लॉस एंजेलिस 2028 ओलंपिक से पहले अपने शरीर और फॉर्म को कितनी अच्छी तरह प्रबंधित करती हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता सिधु ने रियो 2016 में रजत और टोक्यो 2020 में कांस्य पदक जीता था। इस तरह वह दो व्यक्तिगत ओलंपिक पदक जीतने वाली पहली भारतीय महिला और पहलवान सुशील कुमार के बाद दूसरी भारतीय



● **पीवी सिंधु के पास ओलंपिक पदक जीतकर इतिहास रचने का अनुभव और दृढ़ संकल्प दोनों हैं**

एथलीट बन गईं। हालांकि, पुरुष एकल में लक्ष्य सेन और युगल में सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी के शानदार प्रदर्शन के बावजूद, भारत पेरिस 2024 से खाली हाथ लौटा, दोनों ही पोडियम से बाल-बाल चूक गए। सायना को लगता है कि सेन, एचएस प्रणय और सात्विक-चिराग एक बार फिर भारत की सबसे बड़ी उम्मीद होंगे, लेकिन ष्अभी कुछ भी भविष्यवाणी करना जल्दबाजी होगी क्योंकि फिटनेस और फॉर्म की कभी गारंटी नहीं होती और खेलों के लिए अंतिम क्वालीफिकेशन से पहले के हफ्ते सबसे जडादा मायने रखते हैं। रियो 2016 में रजत पदक जीतने वाली सिधु ने पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना की ही बिगजियाओ को 21-13, 21-15 से हराकर महिला एकल में कांस्य पदक जीता। पेरिस में, सिधु प्री-क्वार्टर फाइनल चरण में उसी प्रतिद्वंद्वी से 21-19, 21-14 से हार गईं। पिछले महीने, उन्होंने यूरोपीय चरण से पहले लगी पैर की चोट के कारण, 2025 में होने वाले सभी बैडमिटन वर्ल्ड फेडरेशन टूर इवेंट्स से शेष वर्ष के लिए नाम वापस ले लिया। 2025 में, सिधु का प्रदर्शन काफी निराशा. जनक रहा है। कम से कम आधा दर्जन बार पहले दौर में बाहर होने से उनकी प्रतिष्ठा को कोई खास फायदा नहीं हुआ है। वेबसाइट के अनुसार, पिछले कुछ सीजन में चोटों ने उन्हें परेशान किया है।

# फीफा करेगा लोगों को 'फीफा शांति पुरस्कार' से सम्मानित

**जिनेवा, वार्ता।** फेडरेशन इंटरनेशनेल डी फुटबॉल एसोसिएशन (फीफा) दुनिया में संघर्षो को समाप्त कराने वाले और शांति के प्रयास करने वाले लोगों को आगामी विश्वकप के फाइनल ड्रा के दौरान 'फीफा शांति पुरस्कार' से सम्मानित करेगा।

फीफा ने जारी एक बयान में कहा कि फीफा शांति पुरस्कार - फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है, यह दुनिया भर के पांच अरब से ज्यादा फुटबॉल पसंद करने वाले लोगों की ओर से दिया जाएगा। फुटबॉल में और फुटबॉल के लिए अपने रोजाना के कामों से, ये सभी लोग फीफा के आदर्श वाक्य 'फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है' में योगदान देते हैं, क्योंकि वे लड़कियों और लड़कों, महिलाओं और पुरुषों को जुनून, खुशी, आशा और आनंद के इर्द-गिर्द एकजुट करते हैं, और इसलिए यह बिल्कुल सही है कि एक विशेष पुरस्कार एक विशेष उपलब्धि को पहचान दे। अमेरिका के वॉशिगटन में विश्वकप फाइनल ड्रा के दौरान फीफा अध्यक्ष जियानी इन्फेंटिनो पांच दिसंबर 2025 को पहला पुरस्कार देंगे। इन्फेंटिनो ने कहा कि अस्थिर और बंटी हुई दुनिया में जरूरी है कि उन लोगों के अभूतपूर्व काम को मान्यता दी जाए, जो संघर्षो को खत्म करने और लोगों को साथ लाकर शांति कायम करने के लिए कड़ी मेहनत कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि फुटबॉल शांति के लिए खड़ा है, और पूरे वैश्विक फुटबॉल समुदाय की ओर से, फीफा शांति पुरस्कार फुटबॉल दुनिया को एकजुट करता है, उन व्यक्तियों के विशाल प्रयासों को पहचानेगा जो लोगों को एकजुट करते हैं, और आने वाली पीढ़ियों के लिए आशा लाते हैं।

# आप युवा लड़कियों के लिए रोल मॉडल है: मुर्मु



**नई दिल्ली, वार्ता।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने गुरुवार को विश्व. कप विजेता भारतीय महिला क्रिकेट टीम की खिलाड़ियों के मुलाकात की और कहा कि वे आज युवा पीढ़ी की लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे उन्हें जीवन में आगे बढ़ने की प्ररेणा मिलेगी। यहां राष्ट्रपति भवन में भारतीय महिला क्रिकेट टीम के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस समारोह में भारतीय महिला क्रिकेट खिलाड़ियों ने ट्रॉफी लेकर राष्ट्रपति मुर्मु के साथ फोटो खिचवाई। इस दौरान कप्तान हरमनप्रीत कौर ने राष्ट्रपति को खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली टी-शर्ट भेंट की। इस अवसर पर श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आप युवा पीढ़ी, विशेषकर लड़कियों के लिए रोल मॉडल बन गई हैं, इससे वह जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। राष्ट्रपति ने भारतीय महिला क्रिकेट टीम की हर सदस्य को बधाई दी और कहा कि उन्होंने क्रिकेट विश्व कप जीतकर इतिहास रच दिया है। देश और विदेश में लाखों भारतीय इस जीत का जश्न मना रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह टीम भारत को दिखाती है। वे अलग- अलग क्षेत्रों, अलग-अलग सामाजिक पृष्ठभूमि, अलग-अलग परिस्थितियों का प्रतिनिधित्व करती हैं। लेकिन वे एक टीम हैं - भारत। यह टीम भारत को उसके सबसे अच्छे रूप में दिखाती है। श्रीमती मुर्म ने कहा कि टीम ने सात बार की विश्व चैंपियन और उस समय तक अजेय रही ऑस्ट्रेलियाई टीम को सेमीफाइनल में हराकर सभी भारतीयों का अपनी काबिलियत पर विश्वास मजबूत किया है। एक मजबूत टीम के खिलाफ एक मुश्किल मैच में बड़े अंतर से फाइनल मैच जीतना टीम इंडिया की उत्कृष्टता का एक यादगार उदाहरण है। उन्होंने कहा कि वे रोल मॉडल बन गई हैं। युवा पीढ़ी, खासकर लड़िकयां, जीवन में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित होंगी। उन्होंने विश्वास जताया कि जिन खूबियों से उन्होंने इतिहास रचा है, उन्हीं खूबियों से वे भविष्य में भी भारतीय क्रिकेट को शीर्ष पर रखेंगी।

# स्क्वैश विश्व कप में भारत समेत 12 देश भाग लेंगे

**चेन्नई, वार्ता।** मेजबान भारत, गत विजेता मिस्र और पिछले संस्करण के उपविजेता मलेशिया सहित बारह देश 9 से 14 दिसंबर तक चेन्नई में आयोजित होने वाले स्क्वैश विश्व कप 2025 में भाग लेंगे। खेल की वैश्विक नियामक संस्था, विश्व स्क्वैश ने पुष्टि की है कि एक्सप्रेस एवेन्यू मॉल में होने वाले मिश्रित टीम टूर्नामेंट के पांचवें संस्करण में 12 देश प्रतिस्पर्धा करेंगे। 2023 में इसी स्थान पर आयोजित पिछले संस्करण में आठ स्क्वैश टीमों ने भाग लिया था। यह 12 वर्षों में पहला स्क्वैश विश्व कप था। स्क्वैश विश्व कप 2025 की टीमें :

ऑस्ट्रेलिया, ब्राजील, मिस्र, हांगकांग,भारत, ईरान, जापान, मलेशिया, पोलैंड, कोरिया गणराज्य, दक्षिण अफ्रीका, स्विट्जरलैंड

### विधानसभा सत्र के दौरान जनहित के मुद्दे उठाने पर लक्सर विधायक

# शहजाद का ढोल नगाड़ों से किया जोरदार स्वागत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** विधायक का विधनसभा में हरिद्वार जनपद के बच्चों के जनहित के मुद्दे उठाने पर सैकडो लोगों ने ढोल बजाकर जोरदार स्वागत किया है।

लक्सर विधायक मोहम्मद शहजाद ने कहा कि हम पहाड़ और मैदान के खिलाफ नहीं है उन्होंने कहा हरिद्वार उधम सिंह नगर देहरादून के बच्चों को मूल निवास प्रमाण पत्र नहीं दिया जा रहा है जिससे हरिद्वार के बच्चे पीसीएस और पीपीएस में नहीं अपना स्थान बना पा रहे हैं। उन्होंने कहा पिछड़ी जाति का आरक्षण घटाकर 14% कर दिया गया है और ऊपर कई जगह के लोगों को पिछड़ी जाति में सम्मिलित कर दिया है। उन्होंने कहा ना हम पहाड़ के खिलाफ है ना हम मैदान के हम केवल यही चाह रहे हैं कि हमें भी पहाड़ी मान लिया जाए और मूल निवास की समस्या को खत्म कर दी जाए। उन्होंने कहा कुछ विधायक बात तो पहाड़ और मैदान की करते हैं और पहाड़ से चुनाव जीतकर मैदान में अपने घर बना लेते हैं पहाड़ में वह लोग रहना



पसंद नहीं करते बहुत ही ऐसे विधायक हैं जिन्होंने चुनाव पहाड़ से जीता है और अपना घर देहरादून उधम सिंह नगर में बना लिए हैं। उन्होंने कहा हरिद्वार की जनता ने कभी पहाड़ मैदान का फर्क नहीं किया हरिद्वार की जनता ने तीन बार सांसद पहाड़ के लोगों को बनाया है और विधायक पहाड़ एवं उत्तर प्रदेश के लोगों को बनाया है हमने कभी पहाड़ और मैदान की बात नहीं की। उन्होंने यह भी कहा कि निरंजनपुर की लड़की भूमिका पुत्री सुरेंद्र ने बहरीन से कबड्डी में गोल्ड मेडल जीतकर गांव क्षेत्र का नहीं पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है और सरकार की ओर से उस लड़की को अभी तक भी कोई दो अल्फाज सम्मान में भी नहीं कहे हैं। उन्होंने कहा दूसरे प्रदेशों में जो लड़की गोल्ड मेडल भूमिका की टीम से जीत कर आई थी उनको उनके प्रदेशों ने बड़ा सम्मान देकर उनको सम्मानित किया है और हमारे प्रदेश के मुखिया या मंत्री या जिले के अधिकारियों के द्वारा अभी तक भी कोई सम्मान नहीं किया गया। हम चाहते हैं हमें भी पहाड़ का मानकर हमारे बच्चों का भी सम्मान किया जाए वहां पर लक्सर विधानसभा क्षेत्र के सैकड़ो मुख्य व्यक्ति स्वागत समारोह में मौजूद रहे।

### रुड़की पुलिस की बड़ी कामयाबी

# अटैम्पड टू मर्डर केस में दो वांछित आरोपी दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** कोतवाली रुड़की पुलिस को बड़ी कामयाबी उस समय मिली जब पुलिस ने दो अटैम्पड टू मर्डर केस में दो वांछित आरोपियों को स्कॉर्पियो सहित गिरफ्तार कर लिया।

जानकारी के अनुसार कोतवाली रुड़की पुलिस ने बहुचर्चित अटैम्पड टू मर्डर प्रकरण में आज एक और बड़ी सफलता हासिल की है। पुलिस ने दो वांछित आरोपियों को घटना में प्रयुक्त स्कॉर्पियो गाड़ी सहित गिरफ्तार कर लिया है। इस मामले में तीन आरोपी पहले ही जेल भेजे जा चुके हैं।घटना 25 अक्टूबर 2025 की है, जब शंकरपुरी निवासी उमेश कुमार ने कोतवाली रुड़की में तहरीर दी थी कि उसके भाई योगेश कुमार पर विपक्षियों ने लोहे की रॉड व लाठी-डंडों से लैस होकर सिविल लाइंस क्षेत्र में जानलेवा हमला किया और उसकी गाड़ी को भी तोड़फोड़ कर क्षतिग्रस्त कर दिया। इस संबंध में मुकदमा भी दर्ज किया गया था। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए छानबीन शुरू की। पहले तीन आरोपियों की गिरफ्तारी के बाद, आज गठित टीम ने नहर पटरी क्षेत्र में छापेमारी कर दो वांछित अभियुक्तों को दबोच लिया। गिरफ्तार अभियुक्तों के नाम: आकाश पुत्र पुरण, निवासी गांधीनगर, थाना गंगनहर, हरिद्वार व अजय उर्फ काला पुत्र पप्पू, निवासी मकदूमपुर, कोतवाली मंगलौर, हरिद्वार। पुलिस ने आरोपियों से काली रंग की बिना नंबर स्कॉर्पियो गाड़ी, जो घटना में प्रयुक्त बताई गई है उसे भी बरामद किया है। पुलिस टीम: व0उ0नि0 मनोज गैरोला, अ0उ0नि0 नरेन्द्र सिंह राठी, हे0कानि0 मेजर सिंह, का0 भूपेन्द शामिल रहे।

# अवैध चाकू के साथ दो संदिग्ध युवक पकड़े

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** पुलिस के द्वारा दो संदिग्ध व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए हैं। पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा जनपद में अपराधिक गतिविधियों में संलिप्त अपराधियों संदिग्ध व्यक्तियोंअसामाजिक तत्वों पर प्रभावी कार्रवाई करने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था 6 नवंबर 2025 को चेकिंग के दौरान पुलिस से दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया उनके कब्जे से दो अवैध चाकू बरामद हुए पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम अमित सैनी पुत्र रामपाल सैनी निवासी भोगपुर थाना लक्सर खालिद पुत्र वकील निवासी वार्ड नंबर 7 कस्बा सुल्तानपुर थाना कोतवाली उपरोक्त बताए। उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में कांस्टेबल संदीप रावत अमित रावत सतपाल राणा संदीप रावत शामिल रहे। पकड़े गए व्यक्तियो के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए व्यक्ति को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

### बीड़ी-सिगरेट के गोदाम में लगी भयंकर आग

# लाखों का नुकसान, गोदाम मालिक के बेटे की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** तंबाकू, बीडी, सिगरेट के गोदाम में आग लगने से लाखों का नुकसान हो गया। इसके साथ ही गोदाम मालिक का 24 वर्षीय पुत्र आग में झुलसने से गंभीर घायल हो गया जिसे चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

घटना रात दो बजे की बताई गई है जब पश्चिमी अम्बर तालाब स्थित बीड़ी,सिगरेट एवं तम्बाकू के गोदाम में अचानक से आग लग गई। गोदाम स्वामी रजनीश कुमार पुत्र धीरज कुमार और उनका 24 वर्षीय पुत्र कुणाल पुत्र रजनीश पुंडीर जो कि गोदाम में ही निवास करते हैं वह आग में फंस गए। शोर शराबा सुनकर लोग घटना स्थल की ओर दौड़े और पुलिस एवं फायर ब्रिगेड को सूचना दी। इसके साथ ही गंभीर रूप से घायल कुणाल को पुलिस की मदद से सिविल अस्पताल रुड़की भिजवाया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं। मौके पर पहुंची फायर ब्रिगेड ने आग पर काबू पाने का प्रयास शुरू किया। मौके

**❖ फायर ब्रिगेड की टीम ने कड़ी मशक्कत के बाद पाया आग पर काबू**

पर रास्ता एवं गली संकरी होने के कारण बड़ा फायर टैंकर घटनास्थल तक नहीं पहुंच पा रहा था तत्काल ही मिनी हाई प्रेशर टेंडर को मौके पर बुलाकर कड़ी मशक्कत के बाद फायर ब्रिगेड कर्मियों ने पूर्ण रूप से बुझाया एवं आग को फैलने से भी रोका और एक कमरे को जलने से भी बचा लिया। घटनास्थल पर गई टीम में अग्निशमन अधिकारी रुड़की वंश नारायण यादव,लीडिंग फायरमैन अतर सिंह राणा,लीडिंग फायरमैन राजेश कुमार,चालक विपिन सिंह तोमर,चालक नरेंद्र सिंह तोमर,चालक मोहन सिंह नेगी, फायरमैन जगबीर सिंह रावत, फायरमैन सुनील कुमार बंदोलिया, फायरमैन देवेंद्र सिंह भंडारी और फायरमैन हरिश्चंद्र राणा शामिल रहे।

# लंढौरा को एचआरडीए से बाहर करने की मांग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लंढौरा।** नगर पंचायत चौयरमेन डॉ. मोहम्मद नसीम ने शहरी विकास सचिव से मिलकर लंढौरा कस्बे को एचआरडीए से बाहर करने की मांग की है। सचिव ने नगर पंचायत अध्यक्ष द्वारा दिए गए मांग पत्र को शासन को भेजने का आश्वाशन दिया है। वीरवार को लंढौरा नगर पंचायत अध्यक्ष डॉ. मोहम्मद नसीम ने शहरी विकास सचिव नितेश झा से मुलाकात की। इस दौरान नगर पंचायत अध्यक्ष ने सचिव को बताया कि कस्बे में अधिकतर लोग गरीब और मध्यम वर्गीय लोग रहते हैं रहते है। उन्होंने कहा कि नए निर्माण के लिए एचआरडीए से नक्शा पास करना पड़ता है। इसके गरीब लोगों को आर्थिक तंगी का सामना करना पड़ता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कस्बे विकास प्राधिकरण से बाहर करने की मांग की है।

### रजत जयंती सप्ताह पर आयोजित पत्रकार वार्ता में बोले नरेश बंसल

# राज्य सरकार ने कुछ सालों में कराया ऐतिहासिक विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** देवभूमि रजत जयंती सप्ताह के अंतर्गत राज्यसभा सांसद एवम् राष्ट्रीय सह-कोषाध्यक्ष भाजपा नरेश बंसल ने होटल प्रकाश में पत्रकारों से रूबरू होते हुए बताया कि राज्य के गौरवशाली इतिहास, राज्य निर्माण हेतु हुए आंदोलनों के साथ ही विगत 25 वर्षों में राज्य में हुए विकास व हासिल मुकाम एवम् उपलब्धियों के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि समान नागरिक संहिता लागू करने वाला देश में प्रथम राज्य बना उत्तराखण्ड है। राज्य में सशक्त भू कानून, सख्त धर्मान्तरण विरोधी कानून, सख्त नकल विरोधी कानून, एवं दंगारोधी कानून हुआ लागू। बीते 4 वर्षों में 26,000 से अधिक युवाओं को मिली सरकारी नौकरी। राज्य में कुल 58 लाख आयुष्मान कार्ड किए गए वितरित। दिल्ली-देहरादून के बीच एलिवेटेड रोड का रू0 13000 करोड़ की लागत से निर्माण कार्य जारी। इसके बनने से 2 से 2.5 घंटे में सफर होगा पूरा। राज्य में



ऋषिकेश-कर्णप्रयाग रेल लाइन का कार्य तेज गति से गतिमान। अब तक 70 प्रतिशत कार्य हुआ पूर्ण। मुख्यमंत्री अंत्योदय निशुल्क गैस रिफिल योजना के तहत राज्य के करीब पौने दो लाख गरीब परिवारों को साल में 3 सिलेंडर मुफ्त रिफिल किए जा रहे हैं।

# बीएसएम में लगा निःशुल्क पुस्तक मेला

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** उत्तराखंड मुक्त विश्व विद्यालय के निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम के तहत आज अध्ययन केंद्र बीएसएम पीजी कॉलेज, रुड़की में पुस्तक मेला आयोजित किया गया। मेले में सैकड़ों छात्र-छात्राओं एवं जरूरतमंद लोगों को निःशुल्क पुस्तकें वितरित की गईं।

कार्यक्रम का शुभारंभ बीएसएम प्रबंध समिति के सदस्य ममतेश शर्मा, रजनीश शर्मा,प्राचार्य प्रो. गौतमवीर, एवं सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी ने संयुक्त रूप से किया। सहायक क्षेत्रीय निदेशक डॉ. बृजेश बनकोटी ने इस अवसर पर कहा कि मुक्त विश्वविद्यालय विद्यार्थियों की शैक्षणिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रमों का आयोजन कर रहा है। इस अवसर पर बीएसएम शिक्षण संस्थान के चेयरमैन ममतेश शर्मा एडवोकेट व सचिव रजनीश शर्मा एडवोकेट ने विद्यार्थियों को पुस्तकों के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और अधिक से अधिक लोगों से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की। प्राचार्य प्रो. गौतमवीर ने बताया कि रुड़की क्षेत्रीय केंद्र के अंतर्गत इस माह सात स्थानों पर पुस्तक मेलों का आयोजन किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय का यह प्रयास



शिक्षा को और अधिक सुलभ बनाने की दिशा में एक सराहनीय पहल है। मेले में बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने निःशुल्क पुस्तकें प्राप्त कीं और विश्वविद्यालय के इस कदम का स्वागत किया। कार्यक्रम के संचालन में संजय चौबे, मंसूर अहमद सहित अन्य सहयोगियों का विशेष योगदान रहा। निःशुल्क पुस्तक वितरण कार्यक्रम कल भी जारी रहेगा।

# बीएसएम में छात्रों को नशे के प्रति किया जागरूक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** बृहस्पतिवार को बीएसएम (पीजी) कॉलेज, महाविद्यालय में एंटी ड्रग सेल समिति के द्वारा नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत नाटक का कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें नशे के दुष्प्रभावों को दर्शाते हुए एक नुक्कड़ नाटक छात्र-छात्राओं के द्वारा प्रस्तुत किया गया।

नाटक में शराब, सिगरेट, तंबाकू, स्मैक जैसी बुराइयों को जीवंत रूप देकर दिखाया गया कि कैसे यह लत समाज और परिवार को बर्बादी की ओर ले जाती है। इस नाटक के माध्यम से यह संदेश देने का प्रयास किया गया कि बच्चों और युवाओं पर नशे का गलत असर पड़ता है। नशा करना युवाओं के लिए एक फैशन की तरह है जो प्रतिदिन बढ़ता ही जा रहा है। जिस वक्त युवाओं की पढ़ने की उम्र होती है वह नशे की वजह से अपनी जिंदगी तबाह कर रहे होते हैं। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रोफेसर गौतमवीर ने छात्र-छात्राओं को संदेश दिया की असफलता के कई रास्ते होते हैं और सफलता का केवल एक ही रास्ता है उसे खोजिए। अगर आप नशा ही चाहते हैं तो कैरियर, समाज की बेहतरीन और राष्ट्र के विकास का नशा



कीजिए इसलिए हमें यह संकल्प लेना चाहिए कि हम स्वयं भी नशा नहीं करेंगे और दूसरों को भी नशा छोड़ने के लिए प्रेरित करेंगे। यही एक स्वस्थ, खुशहाल और सुरक्षित समाज की पहचान है।

एंटी ड्रग सेल की नोडल अधिकारी डॉक्टर अलका तोमर ने छात्र-छात्राओं को बताया कि जब व्यक्ति नशे से दूर रहता है तो वह अपनी ऊर्जा और समय को सकारात्मक कार्यों में लगाता है। नशा मुक्त समाज ही हमारे देश को एक उज्जवल भविष्य की ओर ले जा सकता है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉक्टर रीमा सिन्हा ,डॉक्टर राजेश पालीवाल, डॉक्टर शिखा जैन, डॉक्टर संदीप पोसवाल, डॉक्टर अर्चना त्यागी, डॉक्टर सीमा गुप्ता, डॉक्टर सुरजीत सिंह और डॉक्टर सुनीता कुमारी आदि प्राध्यापको का योगदान रहा। इस नुक्कड़ नाटक में शमा मलिक, मानसी, नाजमीन, काजल, सबिया, सालिया, रुकैया, आरती, सौरभ, हिमानी सहित अन्य छात्र-छात्राओं ने अपनी उत्कृष्ट प्रस्तुति दी।

### गुरुनानक देव के 556वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में

# गुरुद्वारों में हुए विशेष आयोजन श्रद्धालुओं की जुटी भारी भीड़

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** गुरुनानक देव के 556वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष में नगर के गुरुद्वारों में गुरु ग्रन्थ साहिब का पाठ एवं शब्द कीर्तन किया गया। इस अवसर पर गुरुद्वारों को विशेष रूप से सजाया गया। इसके बाद अटूट लंगर का आयोजन किया गया।

गुरुद्वारा सत्संग सभा सिविल लाइंस में आयोजित कार्यक्रम में श्री गुरु नानक देव के 356 में प्रकाश पर के उपलक्ष में तीन नवंबर से शुरू हुए श्री अखंड पाठ के भोग के उपरांत कीर्तन दीवान सजाए गए। जिनमें हजूरी रागी जत्था भाई सरदार सोहन सिंह और भाई सतबीर सिंह लखनऊ वालो ने संगत को कीर्तन सुना के निहाल किया। साथ ही श्री गुरु नानक देव के बताए गए सच्चाई के मार्ग पर चलने की प्रेरणा दी। अखंड पाठ समाप्ति के उपरांत अटूट लंगर बरताया गया।नगर विधायक प्रदीप बत्रा ने माथा टेकर धर्म लाभ उठाया सरदार अवतार सिंह चौधरी ने प्रकाश पर्व पर अखंड पाठ की सेवा की। गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी ने उन्हें सरोपा देकर सम्मानित किया। प्रबंधक हरमीत सिंह दुआ ने कहा कि गुरु नानक देव ने अपने पूरे जीवन काल में श्इक ओंकारश का संदेश फैलाया था जिसका अर्थ है श्एक ईश्वरश. यही सिख धर्म का मूल सिद्धांत भी है। पूरे जीवन में गुरु नानक देव जहां भी गए, वहां उन्होंने लोगों को कोई न कोई उपदेश या सीख दी है। इन्हीं सीख से संबंधित आज हम गुरु नानक देव से जुड़ी एक कहानी के बारे में बताएंगे जो कुछ न कुछ शिक्षा देकर जाएगी। शबद-कीर्तन के बीच श्री गुरुग्रंथ साहिब जी का फूलों से सजे पंडाल में प्रकाश किया गया।इस दौरान रागी जत्थों ने शबद कीर्तन से संगत को निहाल किया। विशेष मिष्ठान प्रसाद व गुरु का अटूट लंगर वितरित किया गया।

### ग्रीनवे में दो दिवसीय इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन

# बच्चों के लिए शिक्षा के साथ-साथ खेल भी जरूरी : अशोक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**रुड़की।** दूसरी दो दिवसीय इंटर स्कूल खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन सांस्कृतिक कार्यक्रमों एवं विभिन्न खेलों के साथ हुआ। इस प्रतियोगिता में जिले भर से 32 स्कूलों के करीब आठ सौ छात्र छात्राओं ने रस्साकसी,रिले रेस,स्लो साइकिल रेस,बास्केट बॉल और फुटबॉल मैच आदि में अपने दमखम दिखाए। प्रतियोगिता के फाइनल मैच शुक्रवार को खेले जाएंगे।

देहरादून रोड स्थित ग्रीन सीनियर सेकेंडरी स्कूल नंबर दो में आयोजित प्रतियोगिता का उद्घाटन ग्रीन वे स्कूल नंबर एक की प्रधानाचार्य माला चौहान,प्रबंधक अशोक चौहान आदि ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर एवं गुब्बारे हवा में उड़ाकर किया। उन्होंने



कहा कि आज के समय में शिक्षा के साथ खेल भी आवश्यक है और बच्चे को अपनी रुचि के अनुसार उसमें प्रतिभागिता करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता का उदेश्य उन खिलाड़ियों को मंच देना है जो कि इस क्षेत्र में आगे बढ़कर देश दुनिया में शहर का नाम रोशन करना चाहते हैं। ग्रीन स्कूल नंबर दो के प्रबंधक रिदम चौहान ने बताया कि इस वर्ष प्रतियोगिता में जिले के 32 स्कूलों द्वारा प्रतिभाग किया गया है यह संख्या गत वर्ष के मुकाबले दोगुनी है इससे पता लगता है कि बच्चे शिक्षा के साथ खेल को भी अपना रहे हैं।दिनभर चले रोमांचक मुकाबलों के उपरांत सेमीफाइनल में बालिका और बालक वर्ग की रस्साकसी में ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल एक की टीम ए और टीम बी और ग्रीनवे मॉडर्न स्कूल दो की टीम ए और टीम बी दोनों ने प्रवेश किया। फुटबॉल टीम में स्काईवर्ड ,आर्मी पब्लिक स्कूल एक और दो, ग्रीनवे मॉर्डन स्कूल एक ने फाइनल में प्रवेश किया। स्लो साइकिल रेस में बालिका वर्ग से जीएमएस एक जीएमएस दो एवं एबीएन प्रवेश किया। इसी के साथ बालक वर्ग के जीएमएस एक जीएमएस दो और डीपीएस रुड़की प्रवेश किया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता में 15 से ज्यादा टीमें में क्वार्टर फाइनल में पहुंची। रिले रेस में भी 5 से ज्यादा टीमों ने सेमीफाइनल में



प्रवेश किया है। विद्यालय के प्रबंधन विभाग ने विजयी एवं चयनित टीमों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। उन्होंने कहा कि “खेल केवल जीत-हार का माध्यम नहीं, बल्कि यह अनुशासन, एकता और आत्मविश्वास की जीवन पाठशाला है।” प्रधानाचार्या डॉ सीमा भूषण एवं उप-प्रधानाचार्या शिखा साहनी ने विद्यार्थियों के परिश्रम, खेल भावना और अनुशासन की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजन विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और नेतृत्व क्षमता के निर्माण में मील का पत्थर सिद्ध होते हैं।

# अवैध कच्ची शराब के साथ दो शराब तस्कर दबोचे

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**लक्सर।** लक्सर पुलिस के द्वारा दो शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया है। उनके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई है। दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर लिया है।

राजीव रौथाण कोतवाली प्रभारी लक्सर ने जानकारी देते हुए बताया एसएसपी हरिद्वार द्वारा नशीले पदार्थों की अवैध तस्करी बिक्री पर प्रभावी अंकुश लगाए जाने के लिए पुलिस को निर्देशित किया था जिसमें पुलिस टीम गठित की गई। गठित पुलिस टीम के द्वारा मुखबिर की सूचना पर छापेमारी करते हुए दो व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया उनके कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची शराब बरामद हुई। पूछताछ करने पर उन्होंने अपने नाम शिवम पुत्र रविंद्र सैनी निवासी भोगपुर कुलदीप पुत्र लखविंदर निवासी डेरा कलाल थाना कोतवाली लक्सर बताया उनको पकड़ने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल शूरवीर तोमर कांस्टेबल रविंद्र सिंह संजय पवार होमगार्ड यशपाल शामिल रहे पकड़े गए दोनों व्यक्तियों के खिलाफ संबंधित मुकदमा दर्ज कर पकड़े गए दोनों व्यक्तियों को संबंधित न्यायालय के समक्ष पेश किया जा रहा है।

शाह टाइम्स

**सम्पादकीय**

शुक्रवार, 7 नवम्बर 2025

# वायु प्रदूषण खतरनाक

प्रत्येक वर्ष सर्दियों में दिल्ली को फसल अवशेषों के दहन, वाहनों से निकलने वाले उत्सर्जन और प्रतिकूल मौसम की स्थिति के परिणामस्वरूप वातावरण में प्रदूषकों के अवस्थित रह जाने के कारण गंभीर वायु प्रदूषण का सामना करना पड़ता है। वर्ष 2025 में दिल्ली सरकार और आईआईटी कानपुर ने कृत्रिम वर्षा कराने के लिए क्लाउड सीडिंग प्रयोग किए, लेकिन कम वायुमंडलीय नमी के कारण इस प्रयास को सीमित सफलता मिली। इस घटना ने यह स्पष्ट किया कि 'क्लाउड सीडिंग' एक अस्थायी और अनिश्चित उपाय है, जो यह संकेत देता है कि प्रदूषण के मूल कारणों से निपटने के लिए दीर्घकालिक, समन्वित और वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित रणनीतियों की आवश्यकता है, न कि प्रतीकात्मक हस्तक्षेपों पर निर्भरता की। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में इससे संबंधित याचिका दाखिल की गई है, जिसमें बताया गया है की देश की राजधानी दिल्ली में ही 22 लाख बच्चों के फेफड़ों में संक्रमण हो गया है। इसमें यह भी मांग की गई की प्रदूषण को पब्लिक हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया जाए। वास्तव में प्रदूषण मानव स्वास्थ्य के लिए खतरनाक होता है, इसलिए केंद्र सरकार को सभी राज्यों को इस संबंध में एडवाइजरी जारी करनी चाहिए कि प्रदूषण को कम करने के लिए आवश्यक कदम उठाए जाने चाहिए। इसमें देश के हर नागरिक को बढ़चढ़कर भागीदार बनना होगा, तब कहीं वायु प्रदूषण को कम किया जा सकता है। भारतीय उष्णकटिबंधीय मौसम विज्ञान संस्थान, पुणे की वर्ष 2024 की एक रिपोर्ट क्लाउड सीडिंग को एक मौसम परिवर्तन तकनीक के रूप में परिभाषित करती है जिसमें वर्षा बढ़ाने के लिए उपयुक्त बादलों में 'बीज' कण प्रविष्ट कराए जाते हैं। भारत में तेजी से बढ़ते मोटरीकरण ने वाहनों से होने वाले उत्सर्जन को प्रदूषण का एक प्रमुख स्रोत बना दिया है। अकेले दिल्ली में परिवहन सभी ग्रीनहाउस गैस उत्सर्जन में 30 प्रतिशत से अधिक का योगदान( भारत के प्रमुख शहरों का ग्रीनहाउस गैस फूटप्रिंट) देता है। वाहन सूक्ष्म कणिका पदार्थ (पीएम 2.5), नाइट्रोजन ऑक्साइड, कार्बन मोनोऑक्साइड और हाइड्रोकार्बन उत्सर्जित करते हैं, जिससे वायु की गुणवत्ता बहुत बिगड़ जाती है। ग्लोबल बर्डन आफ डिजीज 2023 रिपोर्ट के अनुसार वायु प्रदूषण भारत में अकाल मृत्यु और विकलांगता के शीर्ष तीन कारणों में से एक बना हुआ है। वायु प्रदूषण भारत में सालाना 20 लाख से अधिक मौतों का कारण बनता है। इसके लिए सरकार की नहीं आम जन भी जिम्मेदार है। जिसका खामियाजा केवल बच्चों को ही नहीं बड़ों को भी भुगतना पड़ रहा है। हर साल सर्दियों के मौसम में ऐसी दिक्कतें आती हैं और कुछ लोग कोर्ट भी चले जाते हैं, लेकिन कोर्ट का एक ही कहना है कि इस संबंध में केंद्र और राज्य सरकारों को मिल जुलकर काम करने की जरूरत है। कोर्ट के इस आदेश के बाद भी न तो केंद्र सरकार ही और न राज्य सरकारें ही अपने कर्तव्यों को पूरा कर रही हैं, जिस कारण वायु प्रदूषण हर साल गंभीर अवस्था में चला जाता है।

## अमीरों की धन-दौलत 62 प्रतिशत बढ़ी




देश की अर्थव्यवस्था में तेजी से बढ़ती असमानता और आर्थिक विषमता समाज के लिए एक गहरी चिंता का विषय है, जब देश के एक प्रतिशत अमीरों की धन-दौलत पिछले कुछ वर्षों में 62 प्रतिशत बढ़ गई है, तो यह समझना कठिन नहीं कि 99 प्रतिशत नता के हिस्से में कितना धन बचा होगा, इस बढ़ती आर्थिक खाई ने न केवल आर्थिक भेदभाव को, बल्कि सामाजिक भेदभाव को भी और गहरा किया है, जब समाज के कुछ वर्गों के पास अपार संपत्ति और संसाधन केंद्रित हो जाते हैं, तो बाकी जनता के लिए अवसर और सम्मान के द्वार सीमित हो जाते हैं, आय का तार्किक और न्यायपूर्ण वितरण ही सामाजिक समानता का सच्चा मार्ग प्रशस्त कर सकता है।

**-अखिलेश यादव, अध्यक्ष, समाजवादी पार्टी**

# जागरूकता से ही जीती जा सकती हैं कैंसर की लड़ाई



**योगेश कुमार गोयल**



कैंसर, किसी भी व्यक्ति के लिए यह एक ऐसा शब्द है, जिसे अपने किसी परिजन के लिए डॉक्टर के मुंह से सुनते ही परिवार के तमाम सदस्यों की सांसें गले में अटक जाती हैं और पैरों तले की जमीन खिसक जाती है। ऐसे में परिजनों को परिवार के उस अभिन्न अंग को सदा के लिए खो देने का डर सताने लगता है। बढ़ते प्रदूषण तथा पोषक खानपान के अभाव में यह बीमारी एक महामारी के रूप में तेजी से पफैल रही है। विश्व स्वास्थ्य संगठन का मानना है कि हमारे देश में पिछले बीस वर्षों के दौरान कैंसर मरीजों की संख्या दोगुनी हो गई है। प्रतिवर्ष कैंसर से पीड़ित लाखों मरीज मौत के मुंह में समा जाते हैं। कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से जूझ रहे मरीजों में आशा की नई उम्मीद जगाने, लोगों को कैंसर होने के संभावित कारणों के प्रति जागरूक करने, प्राथमिक स्तर पर कैंसर की पहचान करने और इसके शीघ्र निदान तथा रोकथाम के प्रति लोगों में जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से भारत में प्रतिवर्ष 7 नवम्बर को 'राष्ट्रीय कैंसर जागरूकता दिवस' मनाया जाता है। वास्तव में यह महज एक दिवस भर नहीं है बल्कि कैंसर से लड़ रहे उन तमाम लोगों में नई चेतना का संचार करने और नई उम्मीद पैदा करने का विशेष अवसर भी है।

भारत में कैंसर के करीब दो तिहाई मामलों का बहुत देर से पता चलता है और कई बार तब तक बहुत देर हो चुकी होती है। कैंसर के संबंध में यह समझ लेना बेहद जरूरी है कि यह बीमारी किसी भी उम्र में किसी को भी हो सकती है किन्तु अगर इसका सही समय पर पता लग जाए तो लाइलाज मानी जाने वाली इस बीमारी का अब उपचार संभव है। यही वजह है कि देश में कैंसर के मामलों को कम करने के लिए कैंसर तथा उसके कारणों के प्रति लोगों को जागरूक किए जाने की आवश्यकता महसूस की जा रही है ताकि वे इस बीमारी, इसके लक्षणों और इसके भयावह खतरे के प्रति जागरूक रहें। कैंसर से लड़ने का सबसे बेहतर और मजबूत तरीका यही है कि लोगों में इसके प्रति जागरूकता हो, जिसके चलते जल्द से जल्द इस बीमारी की पहचान हो सके और शुरूआती चरण में ही इसका इलाज संभव हो। यदि कैंसर का पता शीघ्र लगा लिया जाए तो इसके उपचार पर होने वाला खर्च काफी कम हो जाता है। यही वजह है कि जागरूकता के जरिये इस बीमारी को शुरूआती दौर में ही पहचान लेना बेहद जरूरी माना गया है क्योंकि ऐसे मरीजों के इलाज के बाद उनके स्वस्थ एवं सामान्य जीवन जीने की संभावनाएं काफी ज्यादा होती हैं। हालांकि देश में कैंसर के इलाज की तमाम सुविधाओं के बावजूद अगर हम इस बीमारी पर लगाम लगाने में सफल नहीं हो पा रहे हैं तो इसके पीछे इस बीमारी का इलाज महंगा होना सबसे बड़ी समस्या है। वैसे देश में जांच सुविधाओं का अभाव भी कैंसर के इलाज में एक बड़ी बाधा है, जो बहुत से मामलों में इस बीमारी के देर से पता चलने का एक अहम कारण होता है। यह भी जान लें कि 'कैंसर' आखिर है क्या? जब हमारे शरीर की रोग प्रतिरोधक क्षमता काफी कमजोर हो जाती है तो शरीर पर विभिन्न प्रकार की बीमारियां हमला करना शुरू कर देती हैं। ऐसी परिस्थितियों में कई बार शरीर की कोशिकाएं अनियंत्रित होकर अपने आप तेजी से विकसित और विभाजित होने लगती हैं। कोशिकाओं के समूह की इस अनियंत्रित वृद्धि को ही कैंसर कहा जाता हैं। जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं। कैंसर के लक्षणों में कुछ प्रमुख हैं, वजन घटते जाना, रकत की कमी होना, निरन्तर बुखार बने रहना, शारीरिक थकान व कमजोरी, चक्कर आना, उल्टी होना, दौरे पड़ना शुरू होना, आवाज में बदलाव आना, सांस लेने में दिक्कत होना, खांसी के दौरान खून आना, लंबे समय तक कफ रहना और कफ के साथ म्यूकस आना, कुछ भी निगलने में दिक्कत होना, पेशाब और शौच के समय खून आना, शरीर के किसी भी हिस्से में गांठ या सूजन होना, माहवारी के दौरान अधिक स्राव होना इत्यादि। कीमोथैरेपी, रेडिएशन थैरेपी, बायोलॉजिकल थैरेपी, स्टेम सेल ट्रांसप्लांट इत्यादि के जरिये कैंसर का इलाज होता है किन्तु यह प्राय: इतना महंगा होता है कि एक गरीब व्यक्ति इतना खर्च उठाने में सक्षम नहीं होता।

**जब ये कोशिकाएं टिश्यू को प्रभावित करती हैं तो कैंसर शरीर के अन्य हिस्सों में भी फैलने लगता है और कैंसर की यह स्थिति बहुत घातक हो जाती है। दुनियाभर में कैंसर से लड़ने और इसे हराने के लिए निरन्तर चिकित्सीय खोजें हो रही हैं और इन प्रयासों के चलते ही अब कैंसर का प्रारम्भिक स्टेज में तो सफल इलाज संभव भी है। अगर शरीर में कैंसर होने के कारणों की बात की जाए तो हालांकि इसके कई तरह के कारण हो सकते हैं लेकिन अक्सर जो प्रमुख कारण माने जाते रहे हैं, उनमें मोटापा, शारीरिक सक्रियता का अभाव, व्यायाम न करना, ज्यादा मात्रा में अल्कोहल व नशीले पदार्थों का सेवन, पौष्टिक आहार की कमी इत्यादि इन कारणों में शामिल हो सकते हैं। कभी-कभार ऐसा भी होता है कि कैंसर के कोई भी लक्षण नजर नहीं आते किन्तु किसी अन्य बीमारी के इलाज के दौरान कोई जांच कराते वक्त अचानक पता चलता है कि मरीज को कैंसर है लेकिन फिर भी कई ऐसे लक्षण हैं, जिनके जरिये अधिकांश व्यक्ति कैंसर की शुरूआती स्टेज में ही पहचान कर सकते हैं।**

इसलिए जरूरत इस बात की महसूस की जाती रही है कि कैंसर के सभी मरीजों का इलाज सरकारी अस्पतालों में हो या निजी अस्पतालों में, सरकार ऐसे मरीजों के इलाज में यथासंभव सहयोग करे क्योंकि जिस तेजी से देश में कैंसर मरीजों की संख्या बढ़ रही है, उसे देखते हुए केवल सरकारी अस्पतालों के भरोसे कैंसर मरीजों के इलाज की कल्पना बेमानी ही होगी।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# मधुमक्खियों को भी होता है दर्द

**वैज्ञानिकों के अनुसार यह अध्ययन इस क्षमता का कोई औपचारिक प्रमाण प्रदान नहीं करता है। दरअसल, कीटों में दर्द संवेदना का पता लगाना थोड़ा मुश्किल काम है। पूर्व में हुए अध्ययन फल मक्खियों के तंत्रिका तंत्र में जीर्ण दर्द के अनुभव के संकेत देते हैं लेकिन कीटों में दर्द सम्बंधी तंत्रिका तंत्र होने को लेकर संदेह है। कुल जीवों में से कम से कम 60 प्रतिशत कीट हैं। ऐसे में इन्हें अनदेखा करना उचित नहीं है। आधुनिक विज्ञान मूलत: मानव-केंद्रित है जो अकशेरुकी जीवों को अनदेखा करता आया है। उम्मीद है कि इस अध्ययन से रवैया बदलेगा।**

मधुमक्खियों के डंक से बचने के लिए हम कई बार उन्हें मारने-भगाने की कोशिश करते हैं लेकिन क्या ऐसा करने पर उनको दर्द महसूस होता है? जब हमारे शरीर पर कहीं चोट लगती है तो शरीर की तंत्रिका कोशिकाएं हमारे मस्तिष्क को संदेश भेजती हैं जिससे हमारा मस्तिष्क हमें दर्द का एहसास कराता है। कीटों में इस तरह का कोई जटिल तंत्र नहीं है जिससे उनको दर्द का एहसास हो सके लेकिन एक हालिया अध्ययन से मधुमक्खियों और अन्य कीटों में भावनाओं के प्रति चेतना के साक्ष्य मिले हैं। पूर्व में किए गए अध्ययन बताते हैं कि मधुमक्खियां और भौंरे काफी बुद्धिमान एवं चतुर प्राणी हैं।



वे शून्य की अवधारणा को समझते हैं, सरल हिसाब-किताब कर सकते हैं और अलग-अलग मनुष्यों (और शायद मधुमक्खियों) के बीच अंतर भी कर सकते हैं। ये प्राणी भोजन की तलाश के मामले में आम तौर पर काफी आशावादी होते हैं लेकिन किसी शिकारी मकड़ी के जाल में जरा भी फंसने पर ये परेशान हो जाते हैं। यहां तक कि बच निकलने के बाद भी कई दिनों तक उनका व्यवहार बदला-बदला रहता है और वे फूलों के पास जाने से डरते हैं। क्वींस मैरी यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिक और इस अध्ययन के प्रमुख लार्स चिटका के अनुसार मधुमक्खियां भी भावनात्मक अवस्था का अनुभव करती हैं। मधुमक्खियों में दर्द संवेदना का पता लगाने के लिए चिटका ने जाना-माना तरीका अपनाया-लाभ-हानि के बीच संतुलन का तरीका। जैसे दांतों को लंबे समय तक स्वस्थ रखने के लिए लोग दंत चिकित्सक की ड्रिल के दर्द को सहन करने को तैयार हो जाते हैं। इसी तरह हर्मिट केंकड़े बिजली के जोरदार झटकों से बचने के लिए अपनी पसंदीदा खोल को त्याग देते हैं लेकिन तभी जब झटका जोरदार हो।

इसी तरीके को आधार बनाकर चिटका और उनके सहयोगियों ने 41 भवरों (बॉम्बस टेरेस्ट्रिस) को 40 प्रतिशत चीनी के घोल वाले दो फीडर और कम चीनी वाले दो फीडर का विकल्प दिया। इसके बाद शोधकर्ताओं ने इन फीडरों को गुलाबी और पीले हीटिंग पैड पर रखा। शुरुआत में तो सभी हीटिंग पैड्स को सामान्य तापमान पर रखा गया और मधुमक्खियों को अपना पसंदीदा फीडर चुनने का मौका दिया गया। अपेक्षा के अनुरूप सभी मधुमक्खियों ने अधिक चीनी वाले फीडर को चुना।

इसके बाद वैज्ञानिकों ने अधिक चीनी वाले फीडरों के नीचे वाले पीले पैड्स को 55 डिग्री सेल्सियस तक गर्म किया, जबकि गुलाबी पैड्स को सामान्य तापमान पर ही रखा। यानी पीले पैड्स पर उतरना किसी गर्म तवे को छूने जैसा था, लेकिन इसके बदले अधिक मीठा शरबत भी मिल रहा था। प्रोसीडिंग्स ऑफ दी नेशनल एकेडमी ऑफ साइंस में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार जब चीनी से भरपूर गर्म फीडर और कम चीनी वाले ठंडे फीडरों के बीच विकल्प दिया गया तो मधुमक्खियों ने गर्म और अधिक मात्रा में चीनी वाले फीडर को ही चुना। चीनी की मात्रा बढ़ा दिए जाने पर मधुमक्खियां और अधिक दर्द सहने को तैयार थीं। इससे लगता है कि अधिक चीनी उनके लिए एक बड़ा प्रलोभन था। फिर जब वैज्ञानिकों ने गर्म और ठंडे दोनों पैड्स वाले फीडरों में समान मात्रा में चीनी वाला शरबत रखा तो मधुमक्खियों ने पीले पैड्स पर जाने से परहेज किया, जिसके गर्म होने की आशंका थी। इससे स्पष्ट होता है कि वे पूर्व अनुभवों को याद रखती हैं और उनके आधार पर निर्णय भी करती हैं। अध्ययन दर्शाता है कि क्रस्टेशियंस के अलावा कीटों और मकड़ियों में भी इस तरह की संवेदना होती है। इस अध्ययन को मानव उपभोग के लिए कीटों की खेती में बढ़ती रूचि और शोध अध्ययनों में कीटों की खैरियत के मामले में काफी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। हालांकि अभी तक यह स्पष्ट नहीं है कि मधुमक्खियां भी वैसा ही दर्द महसूस करती हैं जैसा मनुष्य करते हैं।

**...स्रोत फीचर्स**

# बिहार: क्या यही है सुशासन के दावों की हकीकत



**निर्मल रानी**

बिहार विधानसभा चुनाव अपने अंतिम पड़ाव की ओर अग्रसर है। दावों प्रतिदावों और आरोपों व प्रत्यारोपों का दौर अपने चरम पर है। सत्ता की तरफ से चुनाव जीतने के लिए सबसे अधिक जोर लगाया जा रहा है। हरियाणा सहित कई अन्य भाजपा शासित राज्यों से तो बिहारी मतदाताओं को विशेष ट्रेन्स द्वारा मतदान करने हेतु बिहार भेजा जा रहा है। उधर भाजपा स्टार प्रचारक नीतीश सरकार को श्सुशासनश व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार के रूप में प्रचारित करते नहीं थक रहे परन्तु सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त बिहार के इन्हीं दावों के बीच कुछ ऐसे सनसनीखेज रहस्योद्घाटन हो रहे हैं व घटनायें घटित हो रही हैं जिन्होंने बिहार में सुशासन व भ्रष्टाचार मुक्त सरकार की कलई खोल कर रख दी है। हैरानी की बात तो यह है कि इसतरह के खोखले दावों की हवा निकालने में किसी सत्ता विरोधी दल या विपक्ष की कोई भूमिका नहीं है बल्कि स्वयं भाजपा-जे डी यू के नेता ही इस कलई खोल अभियान के मुख्य सूत्रधार हैं।

सबसे पहले तो जिक्र करते हैं पूर्व केंद्रीय मंत्री राजकुमार सिंह (आरके सिंह) के बयानों का। आर के सिंह बिहार के आरा से दो बार सांसद रह चुके हैं और मोदी सरकार के पिछले कार्यकाल में वे ऊर्जा मंत्री थे। उनकी गिनती भाजपा के वरिष्ठ नेता के रूप में होती है। सर्वप्रथम तो आर के सिंह ने चुनाव अभियान के बीच ही गत 20 अक्टूबर को एक वीडियो संदेश जारी कर मतदाताओं से अपील की थी कि वे अपराधी और भ्रष्ट छवि वाले उम्मीदवारों को वोट हरगिज न दें। उन्होंने विशेष रूप से जेडीयू के मोकामा से उम्मीदवार अनंत सिंह व भाजपा के तारापुर से उम्मीदवार व बिहार के उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी का नाम लिया था। उस सन्देश में सिंह ने यहां तक कहा था कि ऐसे उम्मीदवारों को वोट देना चुल्लू भर पानी में डूब मरने से भी बदतर है, क्योंकि ये जनता का खून चूस रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा था कि आपराधिक पृष्ठभूमि वाले नेताओं को हटाकर ही बिहार का विकास संभव है और यदि सभी उम्मीदवार ऐसे हों तो मतदाता नोटा का विकल्प चुनें। सिंह ने आपराधिक पृष्ठभूमि वाले इसी तरह के कुल 8 उम्मीदवारों के नाम लिए। अब आरके सिंह के इस बयान को भाजपा के अंदर सुलग रही बगावत की चिंगारी के रूप में देखा जा रहा है।

आर के सिंह के उपरोक्त बयानों पर अभी चर्चा चल ही रही थी कि पिछले दिनों उन्होंने बिजली घोटाला सम्बन्धी एक और बड़ा धमाका कर दिया। उन्होंने बिहार की एनडीए सरकार पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए हैं। ये आरोप मुख्य रूप से बिहार में बिजली विभाग से जुड़े 62,000 करोड़ रुपये के घोटाले से संबंधित हैं, जो बिहार विधानसभा चुनाव 2025 के ठीक पहले यानी गत 4 नवंबर को सामने लाये गये हैं। इन आरोपों के अनुसार बिहार सरकार ने एक थर्मल पावर प्लांट के निर्माण के लिए अदानी ग्रुप से सम्बंधित एक कंपनी को अत्यधिक ऊंची कीमत पर अनुबंध दिया। इस अनुबंध के तहत कंपनी को 25 वर्षों के लिए बिजली की कीमत 6.075 रुपये प्रति यूनिट निर्धारित की गई, जो बाजार दर से काफी अधिक है। इससे सरकार को पूंजी की वापसी के साथ-साथ अतिरिक्त




लाभ होगा, जो कुल 62,000 करोड़ रुपये का नुकसान बिहार के बिजली उपभोक्ताओं को पहुंचाएगा। उन्होंने बिहार सरकार के बिजली विभाग के कई अधिकारियों को इस घोटाले के लिये आरोपित करते हुये सीबीआई से इसकी निष्पक्ष जांच कराने की मांग की, ताकि दोषियों पर कार्रवाई हो सके। सिंह का आरोप है कि यह घोटाला सीधे तौर पर बिहार के लोगों को प्रभावित करेगा, क्योंकि बिजली के दाम बढ़ेंगे। इससे पहले भी आर के सिंह राज्य की सुशासन कही जाने वाली नीतीश सरकार पर भ्रष्टाचार के कई आरोप लगा चुके हैं परन्तु चुनावों के बीच उनके द्वारा लगाए जा रहे उपरोक्त गंभीर आरोपों ने बिहार में कोहराम मचा दिया है। विपक्षी महागठबंधन इन आरोपों को अपने हथियार के तौर पर इस्तेमाल कर रहा है। दूसरी बड़ी घटना केंद्रीय मंत्री लल्लन सिंह से संबंधित है। गत 4 नवंबर को पटना जिला प्रशासन ने लल्लन सिंह के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की है। ललन सिंह ने मोकामा में जेडीयू प्रत्याशी अनंत सिंह जोकि इस समय दुलारचंद यादव हत्याकांड के मामले में बेऊर जेल में बंद हैं के समर्थन में किये जा रहे प्रचार के दौरान एक सभा में कहा कि ष्कुछ नेताओं को वोटिंग के दिन घर में बंद कर दो। घर से उसी को निकलने दो जो हमारे पक्ष में वोट करे। अगर ज्यादा हाथ-पैर जोड़े तो अपने साथ ले जाकर वोट गिराने देना है। गौरतलब है कि अनंत सिंह की गिरफ्तारी के बाद ललन सिंह ही उनके चुनाव प्रचार की कमान संभाल रहे थे। विपक्ष ने ललन सिंह के इस बयान को लोकतंत्र पर हमला बताया और कहा कि यह गरीब वोटरों को डराने की साजिश है।

अब इन घटनाओं व बयानों के सन्दर्भ में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के दावों का जिक्र भी जरूरी है। एक ओर तो आर के सिंह व ललन सिंह जैसे भाजपा-जे डी यू के केंद्रीय स्तर के नेताओं के बयान बिहार में भ्रष्टाचार, कुशासन व जंगल राज की तस्वीर पेश कर रहे हैं तो दूसरी तरफ गृह मंत्री अमित शाह इन्हीं चुनाव प्रचार के दौरान जनसभाओं में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सरकार को भ्रष्टाचार मुक्त सरकार का प्रमाणपत्र दे रहे हैं। शाह के अनुसार नीतीश कुमार पर चवन्नी के भ्रष्टाचार का भी आरोप नहीं लगा है। उनके अनुसार केवल नरेंद्र मोदी और नीतीश कुमार, जिन पर चार आने का भी भ्रष्टाचार का आरोप नहीं है, वे ही बिहार का विकास कर सकते हैं। वे केंद्र में मोदी सरकार के 11 वर्षों और बिहार में नीतीश के 20 वर्षों के शासन को भ्रष्टाचार मुक्त बताते हैं जबकि विपक्ष पर घोटालों का आरोप लगाने के साथ ही लालू यादव के 20 वर्ष पूर्व के कथित जंगल राज की भी याद दिलाना नहीं भूलते। ऐसे में आर के सिंह के व लल्लन सिंह जैसे सत्ता से जुड़े केंद्रीय नेताओं के ही बयान क्या यह सवाल नहीं खड़ा करते कि क्या यही है बिहार में सुशासन के दावों की हकीकत?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

## संक्षिप्त समाचार

### इजरायल को हमास से एक और मृत बंधक का शव मिला

**यरूशलम।** इजरायल ने बुधवार को कहा कि उसे गाजा पट्टी में रेड क्रॉस के माध्यम से हमास से एक और बंधक का शव मिला है। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा कि अवशेषों से भरा एक ताबूत रेड क्रॉस टीमों द्वारा सौंपे जाने के बाद एन्क्लेव से स्थानांतरित कर दिया गया है और इसे तेल अवीव स्थित राष्ट्रीय फोरेंसिक संस्थान में पहचान के लिए ले जाया जाएगा। हमास की अल-क़स्साम ब्रिगेड ने पुष्टि की है कि उसने गाजा शहर के शुजैया मोहल्ले में मिले 'एक इजरायली बंदी' का शव सौंप दिया है।

### अमेरिकी टैरिफ के दबाव से समुद्री खाद्य उद्योग संकट में

**कोच्चि।** अमेरिका के हाल ही में लगे नए आयात शुल्कों के बाद भारत का समुद्री खाद्य (सीफूड) निर्यात क्षेत्र गंभीर चुनौतियों का सामना कर रहा है। इस झटके ने उद्योग जगत और नीति-निर्माताओं को मूल्य संवर्धन, तकनीकी नवाचार और बाजार विविधीकरण की दिशा में प्रयास करने के लिए प्रेरित किया है ताकि देश की निर्यात आय को बचाया जा सके। ये मुद्दे कोच्चि स्थित सेंट्रल मरीन फिशरीज रिसर्च इंस्टीट्यूट में आयोजित चौथे 'इंटरनेशनल सिम्पोजयिम ऑन मरीन इकोसिस्टम्स' नाम से हुई संगोष्ठी में प्रमुख रूप से उभरे।

### खराब मौसम के चलते फिलीपींस में इमरजेंसी का ऐलान

**मनीला।** फिलीपींस के राष्ट्रपति फर्डिनैंड रोमुआल्डेज मार्कोस ने तूफान काल्मैगी के असर और एक नए आने वाले तूफान की आशंका को देखते हुए गुरुवार को पूरे देश में राष्ट्रीय आपदा की स्थिति घोषित कर दी। स्थानीय मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार, राष्ट्रपति मार्कोस ने कहा कि आपदा प्रबंधन परिषद के राष्ट्रीय आपदा लगाने के प्रस्ताव को मंजूरी दी गई है। इसमें कहा गया है कि कई क्षेत्रों को काल्मैगी तूफान ने प्रभावित किया है और अब नए आने वाले तूफान फंग-वोंग का संकट है।



बिहार। विधानसभा चुनाव के दौरान गोविंदगंज, पूर्वी चंपारण जिले में एक सार्वजनिक रैली में समर्थकों का अभिवादन करती कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाड्रा।

# जोहरान ममदानी की जीत नए युग की शुरुआत

## भारतीय मूल के लोग बेहद खुश और उत्साहित, बोले: दक्षिण एशियाई अमेरिकी लोग अमेरिका का राजनीतिक भविष्य

**न्यूयार्क।** भारतीय मूल के जोहरान ममदानी की न्यूयार्क मेयर चुनाव में जीत से भारतीय मूल के लोग बेहद खुश और उत्साहित हैं। भारतीय-अमेरिकी समुदाय के सदस्यों ने न्यूयार्क शहर के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी की जीत का स्वागत किया और उनकी जीत को ऐतिहासिक बताया है कि यह इस बात का संकेत है कि अब अमेरिका में अप्रवासियों की कहानियां ही सोच को आकार दे रही हैं।

न्यूयार्क स्थित एजुकेशनल और कल्चरल आर्गनाइजेशन 'द कल्चर ट्री' की फाउंडर और सीईओ अनु सहगल का कहना है कि कि कल रात ऐसा लगा जैसे जोहरान ममदानी की ऐतिहासिक जीत के साथ, एक नए युग की शुरुआत हुई है। हम न्यूयॉर्क के पहले भारतीय मूल के मेयर का स्वागत कर रहे हैं। हम देख रहे हैं कि यह शहर पहचान, अपनेपन और



शक्ति को कैसे समझता है। एक बदलाव आ रहा है। उन्होंने कहा कि ममदानी द्वारा जीत के बाद दिए गए भाषण में अप्रवासियों के प्रति एक विश्वास झलकता है कि न्यूयार्क उन लोगों ने बनाया है जो यहां आते हैं, मेहनत करते हैं और आगे बढ़ते हैं। अनु सहगल ने कहा कि यह बात पक्की है कि दक्षिण एशियाई और अप्रवासियों की कहानियां अब सिर्फ नैरेटिव का हिस्सा नहीं हैं, वे इसे आकार दे रही हैं। दक्षिण एशियाई समुदाय के नेता और नासाउ काउंटी के पूर्व डिप्टी कंट्रोलर दिलीप चौहान ने ममदानी को बधाई दी और कहा कि उन्हें एक साथी दक्षिण एशियाई अमेरिकी को सार्वजनिक सेवा के प्रति समर्पित देखकर खुशी हुई। चौहान ने कहा कि वह एक बेहतर भविष्य की उम्मीद जगाते हैं और हर अप्रवासी के लिए एक रोल मॉडल हैं। उन्हें हमारे समुदाय की सेवा करने और उन्हें आगे बढ़ाने में सफलता मिले, इसके लिए उन्हें शुभकामनाएं। भारतवंशियों के एक सामुदायिक संगठन 'इंडियन अमेरिकन इम्पैक्ट फंड' ने मंगलवार के विभिन्न चुनाव नतीजों पर कहा कि इन चुनाव नतीजों ने यह साबित कर दिया है कि चाहे वह सिटी काउंसिल हो, मेयर हो, या राष्ट्रीय पद हो, दक्षिण एशियाई अमेरिकी इस देश के राजनीतिक भविष्य का हिस्सा हैं।

# POK में पाक सरकार के खिलाफ GenZ का प्रदर्शन

## कातिलों जवाब दो का नारा लगाया, फीस बढ़ने और एग्जाम में सुधार को लेकर सड़कों पर उतरे

**इस्लामाबाद।** नेपाल, बांग्लादेश के बाद अब पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में जैन-जी पाकिस्तानी सरकार के खिलाफ सड़कों पर उतर आए हैं। वे एजुकेशन सिस्टम में बदलाव, परीक्षा में ई-मार्किंग सिस्टम की खामियां और जरूरी सुविधाओं की कमी की वजह से प्रदर्शन कर रहे हैं। यह आंदोलन 4 नवम्बर को मुजफ्फराबाद में 'यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर' से शुरू हुआ।

छात्र सेमेस्टर फीस में बढ़ोतरी का विरोध कर रहे थे। इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गया। यह प्रदर्शन मुजफ्फराबाद से निकलकर मीरपुर, कोटली, रावलाकोट और नीलम वैली तक फैल चुका है। लाहौर में भी इंटरमीडिएट छात्रों ने धरना दिया। छात्रों ने आजादी और 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाते हुए पाकिस्तानी सेना पर अत्याचार के आरोप लगाए। छात्रों ने प्रदर्शन के दौरान 'कातिलों जवाब दो, खून का हिसाब दो' जैसे नारे लगाए। मुजफ्फराबाद के यूनिवर्सिटी ऑफ कश्मीर में सेमेस्टर फीस में 3-4 महीने में लाखों रुपए बढ़ने के कारण छात्र गुस्साए हुए थे। इस प्रदर्शन में इंटरमीडिएट (11वीं-12वीं) के छात्र भी शामिल हो गए, जो मैट्रिक और इंटरमीडिएट स्तर पर लागू ई-मार्किंग (डिजिटल मूल्यांकन) सिस्टम से नाराज हैं। इससे पहले 30 अक्टूबर को ग्यारहवी के रिजल्ट 6 महीने की देरी से जारी किए गए थे, जिसके कारण स्टूडेंट्स ने विरोध किया था। छात्रों ने आरोप लगाया कि ई-मार्किंग के कारण उन्हें बहुत कम नंबर मिले। वहीं, कुछ मामलों में तो ऐसी परीक्षाओं में भी पास दिखाया गया जिनकी परीक्षा उन्होंने दी ही नहीं थी। एजुकेशन बोर्ड ने ई-मार्किंग प्रक्रिया की जांच के लिए एक कमेटी गठित की, लेकिन सरकार की ओर से कोई आधिकारिक बयान नहीं आया। पीओके में अक्टूबर में बिजली बिलों में वृद्धि, आटे की सब्सिडी और विकास कार्यों की मांग को लेकर प्रदर्शन हुआ था। यह आंदोलन पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) में 5 दिनों तक चला। यह प्रदर्शन जम्मू-कश्मीर जाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेकेजेएएसी) के नेतृत्व में हुआ था। प्रदर्शनकारी सरकार पर मौलिक अधिकारों की अनदेखी और महंगाई कंट्रोल न कर पाने का आरोप लगा रहे थे। जेकेजेएएसी ने सरकार के सामने 38 मांगें रखी थी, जिनमें पीओके विधानसभा की 12 रिजर्व सीटें खत्म करने की मांग की गई। सरकार ने प्रदर्शनकारियों की 38 में से 21 मांगे मान ली थी, जिसके बाद विरोध-प्रदर्शन बंद किया गया।



- यह आंदोलन चार नवम्बर को मुजफ्फराबाद में 'यूनिवर्सिटी ऑफ आजाद जम्मू एंड कश्मीर' से शुरू हुआ
- इसमें एक छात्र गोली लगने से घायल हुआ, जिसके बाद यह प्रदर्शन हिंसक हो गया

### पाक में आर्मी चीफ को और ताकत मिलेगी

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान की शहबाज शरीफ सरकार संविधान में 27वां संशोधन लाने की तैयारी कर रही है। इससे सेना प्रमुख को ज्यादा ताकत मिल सकती है और प्रांतों को मिलने वाला पैसा कम हो सकता है। रिपोर्टों के मुताबिक, संशोधन के तहत पाकिस्तानी संविधान के आर्टिकल 243 में बदलाव किया जाएगा। यह आर्टिकल सेना प्रमुख की नियुक्ति और आर्म्ड फोर्स के कमांड से जुड़ा है। इसके तहत कमांडर-इन-चीफ नाम से नया संवैधानिक पद भी बनाया जा सकता है। इस बिल को लेकर पाकिस्तानी संसद के निचले सदन नेशनल असेंबली में 14 नवम्बर को वोटिंग होगी। इसे देखते हुए सरकार ने सभी मंत्रियों के विदेशी दौरे रद्द कर दिए हैं। पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर 2027 में रिटायर होने वाले हैं। माना जा रहा है कि ऐसे में सरकार ने उन्हें इस संशोधन के जरिए लाइफटाइम पावर में बने रहने की ताकत दे सकती है। इमरान खान की पार्टी पीटीआई ने इसका विरोध किया है। इस बिल को लेकर चर्चा तब शुरू हुई जब पाकिस्तान पीपल्स पार्टी (पीपीपी) के चेयरमैन बिलावल भुट्टो ने सोशल मीडिया पर दावा किया कि सरकार ने उनसे इस संशोधन पर समर्थन मांगा है।

### अफगान में अफीम की खेती में 20 प्रतिशत की गिरावट

**नई दिल्ली।** अफगानिस्तान में अफीम की खेती में इस वर्ष 20 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। संयुक्त राष्ट्र मादक पदार्थ एवं अपराध कार्यालय की ताजा रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है। संयुक्त राष्ट्र की इस संस्था की रिपोर्ट में कहा गया है कि साल 2025 में अफीम की खेती का क्षेत्रफल घटकर 10200 हेक्टेयर रह गया है। यह साल 2024 में 12800 हेक्टेयर था। साल 2022 में तालिबान के लगाए देशव्यापी प्रतिबंध के बाद इसके रकबे में गिरावट लगातार जारी है। इस प्रतिबंध से पहले यानी 2022 में यह क्षेत्र 232000 हेक्टेयर तक फैला हुआ था। खेती के रकबे में आई गिरावट के चलते देश में अफीम उत्पादन में भी भारी गिरावट दर्ज की गई है। इस वर्ष उत्पादन लगभग एक-तिहाई घटकर 296 टन रह गया है और किसानों की अफीम बिक्री से होने वाली आमदनी लगभग आधी हो गई है।

# बांग्लादेश में चुनाव प्रचार की शुरुआत में हिंसा

- कई जगहों पर हमले और आगजनी की वारदात हुई, बीएनपी उम्मीदवार को मारी गई गोली

**ढाका।** बांग्लादेश में फरवरी 2026 में होने वाले आम चुनावों के लिए प्रचार अभियान की शुरुआत के साथ ही कई जगहों पर हिंसा भड़क उठी है।

इस दौरान चिटगांव में विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) के उम्मीदवार एरशाद उल्लाह को गोली लगने से घायल हो गए हैं, जबकि कुमिल्ला जिले में उपद्रवियों ने एक अन्य उम्मीदवार के घर में आग लगा दी। वहीं अंतरिम सरकार ने इन घटनाओं की कड़ी निंदा करते हुए कहा है कि लोकतांत्रिक प्रक्रिया के दौरान किसी भी प्रकार की हिंसा बर्दाश्त नहीं की जाएगी। सरकार ने बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि बीएनपी उम्मीदवार एरशाद उल्लाह इस हमले के मुख्य निशाने पर नहीं थे, बल्कि एक भटकी हुई गोली से घायल हो गए। सरकार ने बयान जारी कर कहा कि हम इस आपराधिक घटना पर गहरी चिंता व्यक्त करते हैं और सभी उम्मीदवारों व नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए प्रतिब) हैं। चिटगांव मेट्रोपालिटन पुलिस (सीएमपी) को सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं ताकि अपराधियों को जल्द पकड़ा जा सके। मुख्य सलाहकार ने सुरक्षा एजेंसियों को आदेश दिया है कि दोषियों को हर हाल में पकड़कर न्याय के दायरे में लाया जाए। उन्होंने कहा कि हिंसा और डराने-धमकाने की राजनीति बांग्लादेश की सामाजिक और राजनीतिक संस्कृति में किसी भी रूप में स्वीकार्य नहीं है।

# जापान में भालुओं को पकड़ने के लिए सेना तैनात

- सात महीने में 100 हमले, 12 की मौत लोगों को घरों में घंटियां रखने की सलाह

**टोक्यो।** जापान ने कई इलाकों में भालुओं को पकड़ने के लिए सेल्फ-डिफेंस फोर्सेज (एसडीएफ) को तैनात किया है। भालू विभाग के अधिकारियों के मुताबिक यहां के पहाड़ी इलाकों में भालुओं का आतंक बढ़ता जा रहा है। अप्रैल से अब तक पूरे देश में 100 से अधिक भालू हमले हो चुके हैं, जिनमें 12 लोगों की मौत हुई है।

सबसे ज्यादा मौतें अकिता प्रांत और पड़ोसी शहर इवाते में हुईं। अकिता में भालू दिखने की घटनाएं इस साल छह गुना बढ़कर 8000 से अधिक हो गईं। स्थिति बेकाबू होने पर प्रांत के गवर्नर ने सेना की मदद मांगी। एसडीएफ के सैनिक काजुनो शहर पहुंचे, जहां वे भालू पकड़ने के लिए स्टील जाल लगाने में स्थानीय अधिकारियों की मदद कर रहे हैं। वहीं, भालुओं को मारने का काम ट्रेंड शिकारियों को सौंपा गया है। इनसे बचने के लिए अधिकारियों ने लोगों को घरो के बाहर घंटी रखने की सलाह दी है, ताकि तेज आवाज सुनकर भालू घर के पास न आए। काजुनो शहर में रह रहे 30 हजार निवासियों को जंगल से दूर रहने, रात में घर से बाहर न निकलने, घंटी रखने और तेज साउंड की मदद से भालुओं को भगाने की सलाह दी जा रही है।

# जोहरान ममदानी ने रजनीगंधा इलायची खाई

- सोशल मीडिया पर लोग बोले: अब लगे असली इंडियन

**न्यूयार्क।** न्यूयार्क के नवनिर्वाचित मेयर जोहरान ममदानी का एक मजेदार वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया है। इसमें वे सड़क किनारे दिए एक इंटरव्यू के दौरान जेब से रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स निकालकर खाने लगते हैं। उनका यह देसी अंदाज भारतीय यूजर्स को खूब पसंद आ रहा है।

यह वीडियो कंटेंट क्रिएटर निकोलस नूवन ने ब्रूकलिन में शूट किया। वीडियो में ममदानी एक काले रंग की न्ट से उतरते हैं। नूवन उनसे पूछते हैं, क्या आपने कुछ खा लिया? इस पर ममदानी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, हां, मैंने खाना खा लिया है। इसके कुछ ही सेकंड बाद वे अपनी जेब से रजनीगंधा सिल्वर पर्ल्स का पैकेट निकालते हैं और कहते हैं कि मैं हाल ही में ये काफी खाने लगा हूं। ये एक तरह से मिंट जैसा है। इसके बाद वे नूवन को भी रजनीगंधा ऑफर करते हैं। नूवन स्वाद चखकर कहते हैं कि वाह, ये तो काफी टेस्टी है। जैसे खाने वाला परफ्यूम। ममदानी मुस्कुराते हुए जवाब देते हैं, 'परफ्यूम जो खाया जा सकता है।'

# शटडाउन के चलते विमान क्षेत्र पर लगे नए प्रतिबंध

## 40 जगहों पर उड़ान क्षमता में 10 प्रतिशत कटौती, बैन का असर देश भर में लगभग 4000 उड़ानों पर पड़ेगा

**वाशिंगटन।** अमेरिका में जारी शटडाउन 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है। देश के हालात लगातार बिगड़ते जा रहे हैं। जिसका सीधा असर विमानन क्षेत्र पर भी पड़ रहा है। इस बीच परिवहन सचिव सीन डफी ने नए उड़ान प्रतिबंधों की घोषणा की है।

जिसमें 40 स्थानों पर उड़ान क्षमता में 10 प्रतिशत की कमी शामिल है, जिसका असर देश भर में लगभग 4000 उड़ानों पर पड़ेगा। अमेरिकी हवाई क्षेत्र के संभावित बंद होने की चेतावनी के कुछ दिनों बाद परिवहन सचिव सीन डफी ने बुधवार को नए उड़ान प्रतिबंधों का एलान किया है। फाक्स बिजनेस की रिपोर्ट के अनुसार बढ़ती सुरक्षा चिंताओं और संघीय उड्डयन प्रशासन (एफएए) में कर्मचारियों की भारी कमी के बीच सरकारी शटडाउन रिकार्ड 36 दिनों तक पहुंच गया है। फाक्स बिजनेस के हवाले से डफी ने कहा



- अमेरिका में जारी शटडाउन 36वें दिन में प्रवेश कर चुका है

कि हालांकि, इनमें से एक यह है कि हमारे 40 स्थानों पर क्षमता में 10 प्रतिशत की कमी होगी। प्रभावित हवाई अड्डों की पूरी सूची गुरुवार को जारी की जाएगी। दरअसल, 1 अक्टूबर से शुरू हुआ शटडाउन बुधवार (स्थानीय समय) को अपने 36वें दिन में प्रवेश कर गया, जिससे यह अमेरिकी इतिहास का सबसे लंबा शटडाउन बन गया। फाक्स बिजनेस ने रायटर्स के हवाले से बताया कि इसने कई संघीय एजेंसियों को आंशिक रूप से बंद कर दिया है, जिससे लगभग 13000 हवाई यातायात नियंत्रक और 50000 परिवहन सुरक्षा प्रशासन (टीएसए) अधिकारी एक महीने से ज्यादा समय से बिना वेतन के काम कर रहे हैं। इससे पहले सीबीएस न्यूज़ के अनुसार मंगलवार को डफी ने चेतावनी दी थी कि अगर संकट जारी रहा, तो परिवहन विभाग (डीओटी) सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए हवाई क्षेत्र के कुछ हिस्सों को पूरी तरह से बंद कर सकता है। उन्होंने कहा कि जब हमें लगेगा कि यह सुरक्षित नहीं है, तो हम हवाई क्षेत्र को प्रतिबंधित कर देंगे। उन्होंने आगे कहा कि विमानन प्रणाली पहले से ही अपनी सीमा तक पहुंच चुकी है।

# भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहे जहाज पर हुआ कब्जा

- सोमालिया के समुद्री डाकुओं पर हमले को अंजाम देने का शक

**सोमालिया।** गुरुवार को सोमालिया के तट के पास मशीन गन और राकेट प्रोपेल्ड गन से लैस हमलावरों ने एक जहाज पर हमला किया और उस पर कब्जा कर लिया। जिस जहाज पर हमला हुआ, वह भारत से दक्षिण अफ्रीका जा रहा था।

माना जा रहा है कि सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने इस हमले को अंजाम दिया। ब्रिटिश सेना के यूनाइटेड किंगडम मैरीटाइम ट्रेड आपरेशंस सेंटर ने इस हमले को लेकर अलर्ट जारी किया और इलाके में मौजूद जहाजों को चेतावनी दी। प्राइवेट सुरक्षा फर्म एम्ब्रे ने भी जहाज पर हमले की जानकारी दी। एम्ब्रे ने कहा कि यह हमला भारत के सिक्का से दक्षिण अफ्रीका के डरबन जा रहे माल्टा के झंडे वाले एक टैंकर पर किया गया। एम्ब्रे ने आगे कहा कि यह सोमाली समुद्री डाकुओं का हमला लग रहा है, जिनके बारे में हाल के दिनों में इस इलाके में सक्रिय होने की खबरें आई हैं। इससे पहले सोमालिया के समुद्री डाकुओं ने कथित तौर पर एक ईरानी मछली पकड़ने वाली नौका पर भी कब्जा कर लिया था। हालांकि ईरान की सरकार की तरफ से नाव पर कब्जे की बात स्वीकार नहीं की गई है।

# डोनाल्ड ट्रम्प ने ममदानी का मजाक उड़ाया

## कहा: वे ट्रांसजेंडर अधिकारों के समर्थक, ममदानी का उमर खालिद की डायरी पढ़ने वाली वीडियो वायरल

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने गुरुवार को भारतीय मूल के जोहरान ममदानी का मजाक उड़ाया। मियामी में एक बिजनेस फोरम को संबोधित करते हुए ट्रम्प ने कहा, वो जो मंडानी या जो भी उसका नाम है।

न्यूयार्क वाला सोचता है कि मर्दों का महिलाओं के खेलों में खेलना बहुत अच्छा है। ट्रम्प का यह बयान जोहरान ममदानी के ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर रुख पर तंज था। असल में ममदानी ट्रांसजेंडर लोगों के अधिकारों का समर्थन करते हैं। यानी अगर कोई व्यक्ति जन्म से पुरुष है लेकिन खुद को महिला मानता है (ट्रांसजेंडर वुमन) तो



- ट्रम्प का यह बयान जोहरान ममदानी के ट्रांसजेंडर अधिकारों को लेकर रुख पर तंज था

उसे महिलाओं की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने की अनुमति होनी चाहिए। ट्रम्प ने ममदानी को फिर से कम्युनिस्ट कहा। उन्होंने कहा कि न्यूयार्क का रिजल्ट दिखाता है कि अब अमेरिकियों के सामने कम्युनिज्म और कामन सेंस के बीच चुनाव करना है। ट्रम्प बोले कि अगर आप देखना चाहते हैं कि संसद में बैठे डेमोक्रेट्स अमेरिका के साथ क्या करना चाहते हैं, तो बस न्यूयॉर्क के चुनाव नतीजे को देख लीजिए। जहां उनकी पार्टी ने देश के सबसे बड़े शहर में एक कम्युनिस्ट को मेयर बना दिया। न्यूयार्क के नए मेयर बने जोहरान ममदानी का उमर खालिद की डायरी पढ़ने वाला वीडियो वायरल हो रहा है। यह वीडियो 2023 में हुए 'हाउडी डेमोक्रेसी' इवेंट का है। ममदानी मंच से कहते हैं कि मैं उमर खालिद का लिखी एक चिट्ठी पढ़ने जा रहा हूं। वे जेएनयू के पूर्व छात्र और एक्टिविस्ट हैं, जिन्होंने भीड़ हिंसा और नफरत के खिलाफ कैंपेन चलाया था। वे अब तक 1000 दिनों से ज्यादा वक्त से जेल में हैं। उन पर यूएपीए कानून के तहत मामला चल रहा है, लेकिन अब तक ट्रायल शुरू नहीं हुआ। उनकी जमानत कई बार खारिज की जा चुकी है और उन पर एक बार जानलेवा हमला भी हो चुका है। यह कार्यक्रम भारत में लोकतंत्र और नागरिक अधिकारों की हालत पर केंद्रित था और मोदी के वाशिंगटन डीसी दौरे से कुछ दिन पहले हुआ था। ममदानी इस कार्यक्रम के बाद विवादों में आ गए थे।

# तालिबानियों की एक कप चाय महंगी पड़ी: पाकिस्तान

- डिप्टी पीएम ने कहा: आतंकियों से दोस्ती का खामियाजा भुगत रहे, इमरान इसके जिम्मेदार

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के डिप्टी प्राइम मिनिस्टर और विदेश मंत्री इशाक डार ने तालिबान से दोस्ती को देश के लिए महंगा बताया। उन्होंने अफगानिस्तान से जुड़े आतंकवाद के लिए पूर्व पीएम इमरान खान को जिम्मेदार ठहराया। डार ने संसद में 2021 के एक घटना का जिक्र करते हुए कहा कि जब तत्कालीन आईएसआई चीफ लेफ्टिनेंट जनरल फैज हामिद काबुल गए थे। वहां चाय पीते हुए उन्होंने कहा था कि सब ठीक हो जाएगा।

डार ने कहा कि अफगानिस्तान की उस एक कप चाय की आज तक देश को भारी कीमत चुकानी पड़ रही है। डार ने इमरान खान पर निशाना साधते हुए कहा कि उनकी सरकार ने तालिबान के सत्ता में आने के बाद बार्डर खोल दीं। इससे आतंकी वापस लौट आए। पाकिस्तानी-तालिबान, फित्ना अल-ख्वारिज और बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी जैसे ग्रुप अफगानिस्तान से हमले कर रहे हैं। डार ने कहा जब हम वहां जाते हैं तो वे कहते हैं कि हम एक कप चाय के लिए आए हैं। अल्लाह सबकी मुश्किलें कम करे, लेकिन उस कप चाय की कीमत हमें सबसे ज्यादा चुकानी पड़ी है। डार ने कहा-उस चाय के प्याले ने पूरी सीमा फिर से खोल दी। 35-40 हजार तालिबानी जो यहां से भाग गए थे, फिर से वापस आ गए। इमरान सरकार ने उन आतंकियों को रिहा कर दिया जिन्होंने स्वात में पाकिस्तानी झंडे जलाए थे, लोगों को बेरहमी से मारा था।


यौन समस्याएं



यौन समस्याओं के विशेषज्ञ

पुराने से पुराने यौन रोग के मरीज एक बार अवश्य मिलें

डा. सम्राट

नशामुक्ति, शराब, बीड़ी, सिगरेट, गुटखा तम्बाकू, प्रोक्सीवॉन कैप्सूल अफीम, चरस, डोडे पोस्त इंजेक्शन व अन्य नशा छुड़ाने का स्थायी ईलाज।

नावल्टी सिनेमा चौक मुजफ्फरनगर (यू.पी.)

M-9412211108